नई दिल्ली
शुक्रवार, 27 जून 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 73
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## आज से जग के नाथ जगन्नाथ अपने भाई व बहन संग भ्रमण पर निकलेंगे

## आज से 'जय जगन्नाथ'

यह पर्व हिंदू धर्म की समृद्ध परंपरा, भक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक



एजेंसी ⏭ पुरी

आषाढ़ मास की द्वितीया तिथि पर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और सुभद्रा के साथ भ्रमण पर निकलते हैं। शुक्रवार को जगन्नाथ रथयात्रा का त्योहार मनाया जाएगा। दृक पंचांग के अनुसार 27 जून को आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि है। सूर्योदय सुबह 5:09 और सूर्यास्त शाम 6:52 बजे होगा। विशेष समय जग के नाथ जगन्नाथ अपने भाई और बहन संग भ्रमण पर निकलेंगे। ओडिशा राज्य का पुरी नगर हर वर्ष एक अनूठे और विशाल धार्मिक उत्सव का साक्षी बनता है, जिसे 'जगन्नाथ रथ यात्रा' के नाम से जाना जाता है। यह पर्व हिंदू धर्म की समृद्ध परंपरा, भक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान जगन्नाथ का अपने भक्तों के बीच वार्षिक भ्रमण है। इस दिन भगवान अपने भाई-बहन के साथ विशाल रथों पर सवार हो नगर भ्रमण पर निकलते हैं। यात्रा का गंतव्य गुंडिचा मंदिर होता है, जिसे राजा इन्द्रद्युम्न की पत्नी रानी गुंडिचा ने बनवाया था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान कुछ दिनों तक ⏩ शेष पेज 5 पर

## 28 घंटे की यात्रा के बाद भारतीय समय के अनुसार शाम करीब 4:05 बजे यान की डॉकिंग सफल रही

# शुभांशु तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहुंचे आईएसएस, स्पेस स्टेशन पर बिताएंगे 14 दिन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लगभग 28 घंटे की यात्रा के बाद एक्सिओम-4 मिशन को लेकर ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच चुका है। यान की डॉकिंग सफल रही है।

एक्सिओम मिशम के तहत अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और इस दौरान 60 प्रयोग करेंगे। अंतरिक्ष यान 26 जून गुरुवार को भारतीय समय के अनुसार शाम करीब 4:05 बजे आईएसएस से जुड़ा। ड्रैगन कैप्सूल पहले से तय समय से 20 मिनट पहले डॉक हुआ है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन और ड्रैगन यान के बीच डॉकिंग ⏩ शेष पेज 5 पर

### शुभांशु अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के द्वार पर



शाम करीब 6 बजे स्पेस स्टेशन का हैच खुला। सभी अंतरिक्ष यात्री क्रू मेंबर्स से गले मिले

*स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से आईएसएस के लिए सफल उड़ान भरी थी। स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल की सफल डॉकिंग पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, बधाई हो...एक्सिओम-4 डॉकिंग सफल रही। शुभांशु आईएसएस के द्वार पर खड़े हैं। भीतर कदम रखने के लिए तैयार, 14 दिनों की अंतरिक्ष यात्रा शुरू होने वाली है..और पूरा विश्व उत्साह और अपेक्षा के साथ देख रहा है।*

### शुभांशु के पिता ने कहा

### भगवान का बहुत धन्यवाद



शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि हमें बहुत खुशी है। सफल डॉकिंग हुई है इसके लिए हम भगवान का धन्यवाद करते हैं। हमें ये देख कर बहुत अच्छा लगा। हमें अपने बच्चे पर गर्व है। उनकी बहन शुचि मिश्रा ने कहा कि यह न केवल मेरे लिए, बल्कि सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण चरण है। मैं प्रार्थना करती हूं कि यह चरण भी जल्दी से गुजर जाए और वे सुरक्षित रहें।

## भारत के इंकार की वजह से एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक के बाद जारी नहीं हुआ संयुक्त घोषणापत्र

# एससीओ के मंच से राजनाथ का चीन-पाक को करारा जवाब, नहीं किए संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

किंगदाओ में गुरुवार को हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक चीन और पाकिस्तान को लंबे समय तक भूलेगी नहीं। क्योंकि इसमें भारत ने न केवल अपने इन दोनों निकट पड़ोसी देशों को आतंकवाद के मामले पर दो टूक जवाब दिया। बल्कि बैठक के अंत में जारी किए जाने वाले संयुक्त घोषणापत्र के मसौदे में पहलगाम आतंकी हमले, पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंता व उसके पक्ष को शामिल न करने और इसकी जगह पर बलूचिस्तान (पाकिस्तान) में हुई आतंकी घटना का जिक्र करने की वजह से इसे अपनी स्वीकृति प्रदान नहीं की। जिसके चलते यह महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी नहीं किया जा सका। दरअसल इस वर्ष एससीओ की यह बैठक चीन की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। जिसमें भारत का नेतृत्व ⏩ शेष पेज 5 पर

बोले रक्षा मंत्री, आतंकवाद से निपटने के मामले में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए

अब सुरक्षित नहीं आतंकवाद के केंद्र, भारत उन्हें बनाएगा निशाना



### चीन-पाक को राजनाथ की खरी-खरी

बैठक को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने चीन और पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के दोषियों, आयोजकों, प्रायोजकों और इसके वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराते हुए न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता है। कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति के रूप में इस्तेमाल करते हैं व आतंकियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए और एससीओ को ऐसे देशों की आतंकवाद की इस बुराई की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। क्षेत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी से जुड़ी हुई हैं और उनका मूल कारण आतंकवाद, उग्रवाद और बढ़ती कट्टरता है। यह सभी खतरे देशों की सीमाओं से परे हैं। उन्होंने एससीओ के रक्षा मंत्रियों से आह्वान करते हुए कहा कि आतंकवाद का हर कृत्य आपराधिक और अनुचित है। इसलिए सामूहिक सुरक्षा और रक्षा के लिए समूह को इस खतरे के समूल नाश के लिए एकजुट होना चाहिए।

### दस्तावेज पढ़कर छोड़ दी कलम

सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो से भी ये साफ हो जाता है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह किस तरह से बैठक के प्रारूप का गंभीरता के साथ अध्ययन करते हैं। लेकिन जब उन्हें लगता है कि ये दस्तावेज पहलगाम हमले, आतंकवाद और खासतौर पर पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के मामले पर पूरी तरह से मौन साधे हुए है तो वह तुरंत ही ⏩ शेष पेज 5 पर

### आतंक के प्रायोजक भुगतेंगे परिणाम

*रक्षा मंत्री ने कहा, शांति, समृद्धि, आतंकवाद और गैर राजकीय तत्वों या आतंकी समूहों के पास सामूहिक विनाश के हथियारों के साथ सह-अस्तित्व नहीं रख सकते हैं। जो लोग आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और अपने संकीर्ण उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करते हैं। उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे। पहलगाम हमले में आतंकियों ने पीड़ितों को धार्मिक पहचान के आधार पर गोली मार दी थी। यूएन द्वारा घोषित आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली। यह हमला भारत में लश्कर के पहले के हमलों से मिलता-जुलता है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस उसके कार्यों के जरिए प्रदर्शित हुई है। भारत आतंकवाद और उसके सभी रूपों, अभिव्यक्तियों से लड़ने को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं में कट्टरपंथ के प्रसार को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने पर जोर दिया।*

### सीमाओं की बाधा समाप्त

*सीमा पार से हथियार, नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए ड्रोन के इस्तेमाल की तकनीक का मुकाबला करने की आवश्यकता को राजनाथ ने रेखांकित किया। भारत की अध्यक्षता के दौरान जारी किए गए आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद को बढ़ावा देने वाले कट्टरपंथ के मुकाबला को लेकर समूह के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद का संयुक्त वक्तव्य हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। परस्पर जुड़ी हुई दुनिया में सीमाओं की बाधा खत्म हो गई है। दुनिया चुनौतियों के जटिल जाल का सामना कर रही है। जिसमें वैश्विक आतंकवाद, साइबर हमलों से लेकर हाइब्रिड युद्ध तक शामिल हैं। ये खतरे राष्ट्रीय सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं। इसमें पारदर्शिता, आपसी विश्वास और सहयोग वाली एकीकृत प्रक्रियाओं की दरकार है।*

## रूस समेत समूह के अन्य देशों के रक्षा मंत्रियों से मिले भारत के रक्षा मंत्री

# एससीओ के मंच पर भारत-पाकिस्तान के रक्षा मंत्रियों के बीच नहीं हुई कोई बात-मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

चीन के किंगदाओ में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत और पाकिस्तान के रक्षा मंत्रियों के बीच न कोई बातचीत हुई और न ही किसी तरह की कोई मुलाकात देखने को मिली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई के बाद यह पहला ऐसा मौका था। जब चीन में भारत और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री दो मौकों पर समूह के बाकी देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ एक जगह पर नजर तो जरूर आए। लेकिन उन्होंने आपस में एक-दूसरे से दूरी ही बनाए रखी। बैठक को लेकर सोशल मीडिया से लेकर संचार के बाकी माध्यमों पर सामने आई तस्वीरों से यह पता चलता है कि एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक के कक्ष में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ एक साथ मौजूद थे। लेकिन उनके बीच किसी तरह का कोई संवाद नहीं हुआ। इसके बाद एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की ग्रुप फोटो के दौरान भी राजनाथ सिंह ने ख्वाजा आसिफ से कोई बातचीत नहीं की और न ही दोनों के बीच किसी तरह का कोई अभिवादन स्वीकार किया गया। पहलगाम हमले में 26 निर्दोष लोगों को आतंकियों ⏩ शेष पेज 5 पर

संघर्षविराम के बीच क्षेत्र में बने हुए जमीनी हालात पर भारत की कड़ी नजर

# ऑपरेशन सिंधु के तहत इजरायल-ईरान से स्वदेश लौटे 4244 लोग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

इजरायल और ईरान युद्ध के मध्य हुए संघर्षविराम के बीच भारत ने ऑपरेशन सिंधु के जरिए अब तक दोनों से कराई गई अपने और अन्य पड़ोसी मित्र देशों के नागरिकों की सुरक्षित निकासी का कुल आधिकारिक आंकड़ा साझा किया है। साथ ही संघर्षविराम के बाद ऑपरेशन सिंधु पर विराम लगाने को लेकर कहा कि भारत अभी क्षेत्र में बने हुए जमीनी हालात पर पैनी निगरानी बनाए हुए है। जिसके आधार पर ही कोई निर्णय लिया जाएगा। गुरुवार को राजधानी में आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में बताते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत ने इजरायल और ईरान के बीच हुए युद्ध के हालात में बीते 18 जून को दोनों देशों से अपने नागरिकों की वतन वापसी के लिए ऑपरेशन सिंधु की शुरुआत की थी। जिसके तहत अब तक कुल 4 हजार 244 लोगों को सुरक्षित भारत लाया गया है। इसमें भारत के अलावा नेपाल और श्रीलंका के नागरिक भी शामिल हैं। उन्होंने बताया इजरायल और ईरान में भारत के कुल 50 हजार लोग रहते हैं। जिसमें ईरान में भारतीयों की कुल संख्या 10 हजार और इजरायल में 40 हजार है।

**ईरान से देश लाए गए ज्यादा लोग :** रणधीर ने कहा कि ईरान से अब तक 15 उड़ानों के जरिए कुल 3 हजार 426 ⏩ शेष पेज 5 पर

## वीजा आवेदकों के लिए अमेरिका का तुगलकी फरमान...

# पांच साल से प्रयोग किए जा रहे सभी सोशल मीडिया हैंडल के 'यूजरनेम' सार्वजनिक करें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के वीजा की इच्छा रखने वाले लोगों खासकर छात्रों को अब बीते पांच सालों से प्रयोग किए जा रहे अपने तमाम सोशल मीडिया हैंडल के यूजरनेम सार्वजनिक करने पड़ेंगे। ऐसा न करने पर उन्हें दुनिया के शीर्ष पसंदीदा देश का वीजा नहीं मिलेगा या भविष्य में भी इससे जुड़ी हुई सारी गुंजाइश खत्म हो जाएगी। यह जानकारी भारत में अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में जारी किए गए एक संक्षिप्त बयान के जरिए दी। जिसमें दूतावास ने एक बार फिर से दोहराते हुए कहा कि अमेरिका का वीजा से संबंधित प्रत्येक निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा निर्णय है। उधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वीजा या आव्रजन मामले किसी भी देश के संप्रभु कार्यों से संबंधित हैं। ⏩ शेष पेज 5 पर

भारतीयों के अमेरिकी वीजा आवेदनों पर योग्यता के आधार पर किया जाना चाहिए विचार: जायसवाल




### विरोध-प्रदर्शनों के बीच अमेरिका की सख्ती

*यहां बता दें कि अमेरिका ने हाल ही में छात्र वीजा नियुक्तियों पर लगाई गई रोक हो हटाया है। उसी के तहत अब इससे जुड़ी हुई एफ, एम और जे श्रेणियों के वीजा के लिए यह नया नियम जारी किया गया है। जिसमें उन्हें अपने डीएस-160 आवेदन फॉर्म के साथ पिछले पांच सालों से प्रयोग किए जा रहे सोशल मीडिया के सभी हैंडलों की जानकारी देनी पड़ेगी। साथ ही आवेदकों को आवेदन फॉर्म के साथ दी गई जानकारी को सौंपने से पहले उसे सत्यापित करते हुए यह बताना पड़ेगा कि वह सही है या नहीं। बीते दिनों लॉस एंजेलिस में अप्रवासियों के विरोध-प्रदर्शन के बाद ट्रंप प्रशासन की सख्ती के बीच वीजा को लेकर अमेरिका का यह निर्णय सामने आया है।*

## सोयाबीन की बेहतर फसल के लिए इंदौर में हुआ मंथन, बैठक में शिवराज रहे मौजूद

# हमें सोयाबीन की ईल्ड बढ़ाना है, किसानों के लाभ के लिए योजना बदलेंगे: चौहान

- कहा, कृषि की दशा व किसानों की स्थिति सुधारने के लिए जल्द ही रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने बृहस्पतिवार को इंदौर में भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वैज्ञानिकों, किसानों, कृषि विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों, कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के विशेषज्ञों, प्रमुख सोयाबीन उत्पादक राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों, केंद्रीय कृषि सचिव, आईसीएआर के डीजी सहित केंद्र के आला अफसरों, सोया उद्योग प्रतिनिधियों के साथ सोयाबीन की बेहतर फसल के लिए व्यापक मंथन किया। सोयाबीन हितग्राहियों से संवाद में ⏩ शेष पेज 5 पर

सीएम ममता नए मतदाता सूची संशोधन दिशा-निर्देशों पर उठाये सवाल

## कहा, बिहार के बहाने पश्चिम बंगाल पर निशाना लगाने की तैयारी

**हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को भारतीय चुनाव आयोग पर निशाना साधा। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी किए गए नए मतदाता सूची संशोधन दिशा-निर्देशों पर भड़कते हुए ममता ने पूछा कि क्या यह बैकडोर एनआरसी है? मुख्यमंत्री ने कहा कि दरअसल, केंद्र सरकार चुनाव आयोग के माध्यम से बिहार को ढाल बनाकर पश्चिम बंगाल को निशाना बना रही ⏩ शेष पेज 5 पर

# 'ईगल' ने मांगी महाराष्ट्र, हरियाणा की मतदाता सूची और मतदान फुटेज, चुनाव आयोग से कहा, हफ्ते भर में दें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने पिछले दिनों राहुल गाँधी की चुनावी शिकायत दूर करने के लिए मिलने का सुझाव दिया था ताकि सामने बैठ कर वे सवालों के जवाब लें। इसके जवाब में कांग्रेस की 'ईगल टीम' ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर जवाब दिया। टीम ने महाराष्ट्र और हरियाणा की मतदाता सूची और मतदान फुटेज हफ्ते भर में उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही दो पेज के पत्र में लिखा, आधिकारिक जानकारी मिलने के बाद पार्टी के पास जो जानकारी है उससे मिलान कर एक रिपोर्ट के साथ पार्टी हाईकमान चुनाव आयोग के साथ बैठेगा। कांग्रेस पार्टी की ईगल (इंपावर्ड एक्शन ग्रुप ⏩ शेष पेज 5 पर

### ईगल टीम का पत्र और मांगें

*अजय माकन, प्रवीण चक्रवर्ती, अभिषेक मनु सिंघवी, दिग्विजय सिंह, पवन खेड़ा, गुरदीप सिंह सप्पल, नितिन राउत और वंशी चंद रेड्डी जैसे वरिष्ठ नेताओं से अटे पड़े ईगल टीम ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में मतदाता सूची में अचानक और असामान्य वृद्धि हुई है। पार्टी ने दावा किया कि आयोग के अपने आंकड़ों से यह निर्विवाद है कि महाराष्ट्र में मई 2024 के लोकसभा चुनाव और नवंबर 2024 के विधानसभा चुनाव के बीच नए मतदाताओं की संख्या 2019 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव के बीच के 5 वर्षों की तुलना में अधिक थी। ईगलने पत्र में लिखा, हम पिछले सात महीनों से महाराष्ट्र 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनाव की अंतिम मतदाता सूचियों की डिजिटल, मशीन-पठनीय प्रतियां मांग रहे हैं, ताकि उनकी तुलना की जा सके। यह आश्चर्यजनक और रहस्यमयी है कि आयोग ने इन दो सूचियों को प्रदान करने के बजाय अन्य प्रकार की प्रतिक्रियाएं, मीडिया लीक और अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। सवाल उठाया, आप हमें ये मतदाता सूचियां क्यों नहीं दे रहे? क्या आपके पास ये सूचियां हैं भी या नहीं? कांग्रेस ने यह भी मांग की कि* ⏩ शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस की रणनीति में ईगल की भूमिका

*कांग्रेस ने फरवरी 2025 में ईगल टीम का गठन किया था। टीम का काम है देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की निगरानी। यह समिति विशेष रूप से महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों में कथित अनियमितताओं पर ध्यान दे रही है। ईगल टीम का कहना है कि वह आयोग के साथ बैठक में अपनी विश्लेषणात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, बशर्ते मांगी गई मतदाता सूचियां और फुटेज प्रदान की जाएं।*



## कीर्ति नगर में खिलौने की शॉप में लगी भीषण आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में आग लगने की घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार देर रात पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में एक खिलौनों की शॉप में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी शॉप आग की चपेट में आकर खाक हो गई। कंट्रोल रूम को सूचना मिली तो दमकल की पांच गाड़ियों ने मौके पर भेजा गया। लगभग सवा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। फायर कंट्रोल रूम को रात 2:55 पर आग की सूचना मिली थी। दमकल गाड़ियों और करीब 25 कर्मियों की टीम रमेश नगर के तिलक मार्केट में पहुंची। सब ऑफिसर वीरेंद्र के नेतृत्व में सुबह 4 बजकर 5 मिनट पर आग पर काबू पाया गया। उसके बाद कूलिंग कार्य किया गया। आग की चपेट में पास ही खड़ी एक स्कूटी भी आग गई। जिस दुकान में आग लगी थी वह खिलौने और घड़ियों की दुकान थी।

### स्वास्थ्य विभाग में घोटाले का आरोप, एसीबी की कार्रवाई

# पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन और सौरभ भारद्वाज के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने आम आदमी पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में पूर्व मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में शिकायत पिछले साल भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने दर्ज कराई थी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की मंजूरी और प्रारंभिक जांच के बाद केस दर्ज किया गया।

ज्वाइंट सीपी मधुर वर्मा के अनुसार 2018-19 में 5,590 करोड़ रुपये की लागत से 24 अस्पताल परियोजनाओं 11 ग्रीनफील्ड और 13 ब्राउनफील्ड को मंजूरी दी गई थी। इन परियोजनाओं को लेकर अकारण विलंब हुआ और इनकी लागत में अत्यधिक वृद्धि हुई जो बड़े पैमाने पर वित्तीय गबन का संकेत देती हैं। प्रारंभिक जांच में शहर भर में विभिन्न अस्पतालों, पॉलीक्लिनिक्स और आईसीयू अवसंरचना के निर्माण में भारी अनियमितताएं, अस्पष्टीकृत देरी और धन का महत्वपूर्ण दुरुपयोग पाया गया है। कई सौ करोड़ रुपये की राशि के पर्याप्त विचलन और लागत वृद्धि देखी गई। निर्धारित समय सीमा के भीतर एक भी परियोजना पूरी नहीं हुई। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया। 1,125 करोड़ की लागत वाली आईसीयू अस्पताल परियोजना, जिसमें कुल 6,800 बिस्तरों वाली 7 पूर्व-इंजीनियर्ड सुविधाएं शामिल हैं। यह परियोजना लगभग तीन साल के समय और 800 करोड़ के व्यय के बाद भी केवल 50 प्रतिशत ही पूरी हुई है। एलएनजेपी अस्पताल में स्वदेशी सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को दिए गए नए ब्लॉक की परियोजना लागत चार वर्षों में 488 करोड़ से बढ़कर 1,135 करोड़ हो गई, तथा जनवरी 2023 की समय सीमा से आगे भी संरचना अधूरी है। इसके अतिरिक्त, पॉलीक्लिनिक परियोजना ने भी धन के दुरुपयोग का संकेत मिला। 94 नियोजित क्लीनिकों में से केवल 52 का निर्माण किया गया, जबकि लागत 168 करोड़ से बढ़कर 220 करोड़ हो गई। इनमें से कई पॉलीक्लिनिक अभी भी बंद पड़े हैं।

## एक्सटॉर्शन और अपहरण केस में लिप्त पांच चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण पश्चिम जिले की किशनगढ़ पुलिस ने एक्सटॉर्शन और अपहरण गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम प्रवेश, आर्यमन चौधरी, ऋतिक, देव आनंद यादव और सरमन राय बताये गये हैं। यह सभी राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। वारदात में इस्तेमाल कार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 16 जून को एक शिकायत मुनिरका के रहने वाले शख्स ने की थी। बताया कि 15 जून की देर रात एक बजकर 20 मिनट के बाद उसे किडनैप कर लिया गया। किडनैपरों ने खुद को दिल्ली पुलिस से बताया और उससे एक्सटॉर्शन मनी की डिमांड की गई। लेकिन इसी दौरान पीड़ित चकमा देकर उनके चंगुल से भागने में सफल रहा और फिर पुलिस को सूचना दी। एसीपी रणवीर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की। जिस गाड़ी में सवार होकर बदमाश आए थे उसकी नंबर प्लेट सही तरीके से फुटेज में नजर नहीं आ रही थी। इसके बाद पुलिस ने उनके रूट को चेक करना शुरू किया। दर्जनों सीसीटीवी फुटेज जांचने के बाद पुलिस टीम आखिरकार पता लगाने में कामयाब हुई। गाड़ी सफदरजंग एंक्लेव में रहने वाले प्रवेश के नाम पर रजिस्टर्ड मिली। जो मूलतः जयपुर का निवासी था। उसे पुलिस ने हिरासत में लिया और पूछताछ की गई तो उसने वारदात में चार और सहयोगियों के शामिल होने की बात कबूली। प्रवेश ने पुलिस को बताया कि वारदात के दौरान वह कार ड्राइव कर रहा था और उसके बाकी साथी एक्सटॉर्शन व अपहरण को अंजाम दे रहे थे। प्रवेश की निशानदेही पर बाकी चारों आरोपियों को भी उनके ठिकाने से पकड़ा गया। सभी आरोपी अभी अविवाहित हैं और स्नातक की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। प्रवेश जयपुर, आर्यमन हिमाचल प्रदेश, ऋतिक उत्तर प्रदेश के झांसी, देव आनंद अलवर राजस्थान और सरमन राय कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है।

## रैन बसेरों में भ्रष्टाचार की होगी विजिलेंस-सीबीआई जांच : सूद

### दिल्ली के शहरी विकास मंत्री ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में चल रहे रैन बसेरों में हुए कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ विजिलेंस व सीबीआई जांच कराएगी। यह बात गुरुवार को दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने सराय काले खां की पार्किंग में चलाए जा रहे पांच रैन बसेरों का औचक निरीक्षण के दौरान कही। निरीक्षण के दौरान विकास मंत्री सूद ने रैन बसेरों में कई तरह की खामियां पाईं। उन्होंने डूसिब और एनजीओ को चेतावनी दी। साथ ही कहा कि लापरवाही और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने डूसिब अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद मंत्री सूद ने बताया कि सरकार को लगातार कई शिकायतें मिल रही है।

पिछली सरकार ने सैकड़ों लोगों की नियुक्ति इन रैन बसेरों की देखरेख करने के लिए की थी। जबकि वास्तव में उतने लोग नियुक्त नहीं हुए। न लोगों को रैन बसेरों में मूलभूत सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कोई हाजिरी का रजिस्टर नहीं मिला। गरीब मजदूर को काफी कम पैसे देकर सफाई कर्मचारी या दूसरे काम करवाए जा रहे हैं। जबकि इनके बदले लाखों रुपए सरकार से वसूले जा रहे हैं। हम इसकी जांच विजिलेंस से कराएंगे और जरूरत पड़ी तो सीबीआई से भी जांच कराएंगे।

आशीष सूद ने आगे कहा कि एनजीओ को कई बार चेतावनी भी दी थी कि वह समय रहते इन रैन बसेरों की व्यवस्था में सुधार कर लें अन्यथा सरकार को आपके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करनी पड़ेगी। जिन्होंने इन गरीब और बेसहारा लोगों का पैसा खाया है, उसे वापस लौटाना पड़ेगा। समय-समय पर इन रैन बसेरों का दौरा करेंगे। यहां दी जा रही सुविधाओं की जांच भी की जाएगी। उन्होंने रैन बसेरों को संचालित करने वाली एजेंसी को निर्देश दिए कि वह गुणवत्ता के सभी मानकों को पूरा करें अन्यथा उन पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

रैन बसेरों में रहने वाले लोगों ने मंत्री को बताया कि कुछ लोग यहां अफवाह फैला रहे हैं कि यह रैन बसेरे शीघ्र ही तोड़ दिए जाएंगे और आप सब लोग सड़क पर बेघर रहने के लिए भेज दिया जाएगा। मंत्री सूद ने आश्वस्त किया कि वह तोड़फोड़ की किसी भी कार्यवाही को नहीं होने देंगे साथ ही उन्होंने पुलिस को यह निर्देश दिए कि वह इस तरह की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करें।

## हम सभी मिलकर ही कर सकते हैं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथामः निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हम सभी मिलकर और साझा प्रयास के माध्यम से ही मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम कर सकते हैं। दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्वनी कुमार ने गुरूवार को दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय में दिल्ली के सभी विभागों एवं हितधारकों के साथ मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आयोजित बैठक में यह बाते कही। उन्होंने कहा कि अगर हमने आने वाले 2 महीनों में मेहनत की तो हम मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम में सफल होंगे। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, नई दिल्ली नगर पालिका, दिल्ली पुलिस, पीडब्ल्यूडी, सीपीडब्ल्यूडी, डीडीए, रेलवे, पुरातत्व विभाग, कारागार विभाग, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों सहित दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



■ दिल्ली के सभी विभागों के साथ निगम मुख्यालय में की बैठक

निगमायुक्त अश्वनी कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मच्छरजनित बीमारियों का प्रसार आने वाले दो महीने जुलाई एवं अगस्त में अधिक होता है। हमें सभी स्तर पर मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम के प्रयास आज से ही आरम्भ करने होंगे। उन्होंने कहा कि अगर आने वाले दो महीने हमने सतर्कता से कार्य किया तो स्थिति नियंत्रण में रहेगी निगमायुक्त ने कहा कि साफ सफाई का विशेष तौर पर ध्यान रखना होगा, जनता को मच्छरों के प्रजनन को रोकने के उपायों के बारे में जागरूक करना, दफ्तरों से कबाड़ हटाना एवं एक दूसरे विभाग की मदद करने जैसे कार्य करने होंगे। दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्वनी कुमार ने कहा कि दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम एवं नई दिल्ली नगर पालिका परिषद अपने विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के माध्यम से पी.टी.एम. का आयोजन कर अभिभावकों को जागरूक कर सकते हैं। छात्रों को पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने एवं डेंगू गृहकार्य के माध्यम से अपने घर एवं आस पास मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को कबाड़ हटाने की दिशा में मुहिम चलने की आवश्यकता है। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि अपने स्तर पर बैठकों का आयोजन कर अपने सहकर्मियों एवं कनिष्ठ कर्मियों को जागरूक करें।

## हत्या और डकैती में शामिल टक्कर गैंग का बदमाश अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बेगमपुर क्षेत्र में हत्या और डकैती के सनसनीखेज मामले में वांछित फरार अपराधी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी करण उर्फ कल्लू कुख्यात विक्की टक्कर उर्फ दाउद गैंग का सदस्य बताया गया है। रोहिणी कोर्ट इसे भगोड़ा अपराधी भी घोषित कर चुकी थी।

पुलिस के अनुसार आरोपी को स्पेशल स्टाफ, आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट द्वारा मामला दर्ज होने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में 2024 में उसे न्यायालय द्वारा 10 दिनों के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। जमानत पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया था। इसके बाद कोर्ट द्वारा पीओ घोषित किया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह अपने भाई के परिवार के साथ रहता है। 9 दिसंबर 2019 को रात्रि 10 बजे जब वह अपने भाई के साथ बैठा था। उसके भाई के दाहिने पैर पर प्लास्टर चढ़ा हुआ था, क्योंकि 15 दिन पहले उसका एक्सीडेंट हो गया था। तभी अचानक से तीन चार लड़के उनके घर में घुस आए। उन्होंने परिवार के सदस्यों को बंधक बनाकर डकैती की योजना को अंजाम दिया। इस दौरान शिकायतकर्ता के भाई नरेश की विरोध करने पर चाकू घोंपकर हत्या भी कर दी गई थी। वारदात में कुल आठ लोग शामिल थे। चार घर के अंदर घुसे थे जबकि चार बाहर इंतजार कर रहे थे। 25 जून उप निरीक्षक रविन्द्र एवं सिपाही मनोज को सूचना प्राप्त हुई कि थाना बेगमपुर के हत्या एवं हथियारबंद डकैती के मामले में वांछित भगोड़ा अपराधी करण उर्फ कल्लू किसी से मिलने शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन पर आने वाला है। इसके बाद जाल बिछाया गया और आरोपी को पकड़ लिया गया। इसके खिलाफ समयपुर बादली थाने में भी आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज था।

## सांसद ने उत्तरी जिला कार्यालय में की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री, क्षेत्रीय जिलाधिकारी यश चौधरी (आईएएस) के साथ गुरूवार को उत्तरी जिला के जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के बाद सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने बताया कि बैठक में ग्राम उदय योजना के अंतर्गत लंबित कार्यों की समीक्षा की गई, जिनमें प्रमुख रूप से चौपाल, श्मशान घाट, सड़कों, गैस पाइपलाइन (जीएआईएल) और अन्य विकास कार्य शामिल हैं। सांसद ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि जनता की अपेक्षाएं हमारी प्राथमिकता हैं और हर गांव और बस्ती तक विकास पहुंचाना हमारा संकल्प है। सांसद चंदोलिया ने नरेला के रामदेव चौक स्थित राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान का निरीक्षण किया और मरीजों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। मरीजों ने गर्मी से परेशानी और दवा काउंटरों के बढ़ाने की बात कही। सांसद और विधायक ने संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जमीनी स्तर पर जांच की। साथ ही, संस्थान को और अधिक सुविधाजनक व जनोन्मुखी बनाने को लेकर अस्पताल के अधिकारी डॉ. सुभाष चौधरी से विस्तार से चर्चा की।

## वेतन ना मिलने से बस चालकों ने की हड़ताल

नई दिल्ली। वेतन ना मिलने से दिल्ली देहात के बवाना स्थित सेक्टर ए-9, में क्लस्टर बस चालकों ने गुरूवार को हड़ताल की। इसके चलते आसपास के यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। चालकों ने हड़ताल को लेकर कहा कि उन्हें हर माह करीब 8 तारीख तक वेतन मिल जाता था लेकिन इस बार वेतन नहीं मिला और बस चालकों को परेशान होना पड़ा। उन्होंने बताया कि महंगाई और अन्य खर्चें हर दिन सिर पर आ खड़े रहते हैं और किसी को मकान मालिक को किराया देना होता है कि किसी को बच्चों की स्कूल फीस आदि घरेलू कार्य होते हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जो पैसा कलस्टर बस संचालकों ने चालकों का समय पर देना चाहिए, उस पैसे से नए बस डिपो का निर्माण कराया जा रहा है।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

**DD.NO. 45 Dt.25.06.2025 U/S 194 B.N.S.S PS SADAR SONIPAT.DISTT SONIPAT**



**पुरुष मृतक की पहचान**
**नाम-नाम पता नामालुम ।**
**पिता/पति का नाम नाम पता नामालुम**
**उम्र-करीब 40 वर्ष**
**कद-करीब 5 फुट 7 ईन्च**
**हुलियाः दृष्ट-पुष्ट शरीर, रंग सावंला, गोल चेहरा ।**
**पहनावाः हरे रंग की टी-शर्ट व नीले रंग की लोवर पहने हुए हैं। दाहिने हाथ पर R.K. लिखा हुआ हैं।**

दिनांक 25.06.2025 को महलाना नहर में गावं ककरोई के पास एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश मिली है। जिसका पोस्टमार्टम नागरिक हस्पताल खानपुर में करवाया गया हैं। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरो पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना मो. न. 7419410535**
**अनुसंधान कर्ता मो. नः-9991144311**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपतः-0130-2222903,**

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय,
सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3562/2026/36005/88/7 दि. 26.06.25

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी कुरूक्षेत्र | वर्ष 2025-26 हेतु लाडवा में एमसी सम्पत्ति एनवीएम का ए/एम + 14 कार्य। | 25.06.2025 03.07.2025 | 1.49 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1744231420 xenkkr2022@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36011/I/88/7 दि. 26.06.25


## एलजी की मौजूदगी में 3274 करोड़ की ड्रग्स की गई नष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' (12 जून से 26 जून) का समापन किया। इस दौरान 3274.5 करोड़ से अधिक मूल्य की अवैध ड्रग्स एलजी विनय कुमार सक्सेना की मौजूदगी में जहांगीरपुरी में नष्ट की गई। क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल के कई सीनियर अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे। स्पेशल सीपी क्राइम ब्रांच देवेश चंद्र श्रीवास्तव के अनुसार दिल्ली पुलिस नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। दिल्ली पुलिस एक सुरक्षित और स्वस्थ समाज सुनिश्चित करते हुए नशे की तस्करी को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्प है। गुरुवार को दिल्ली पुलिस ने अपराध शाखा और स्पेशल सेल इकाइयों द्वारा बायोटिक वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 46-47, एसएसआई औद्योगिक क्षेत्र, जीटी करनाल रोड (जहांगीर पुरी मेट्रो स्टेशन के पास) पर जब्त लगभग 1537.1 किलोग्राम अवैध ड्रग्स को नष्ट कर दिया। इसमें 961.9 किलोग्राम गांजा, 542.9 किलोग्राम कोकीन, 6 किलोग्राम हेरोइन, 3 किलोग्राम चरस, 5.4 किलोग्राम अफीम और 18 किलोग्राम अल्प्राजोलम पाउडर शामिल था। इसके अतिरिक्त रोहिणी और नई दिल्ली जिलों द्वारा जब्त लगभग 92 किलोग्राम अवैध ड्रग्स को भी नष्ट किया गया है, जिसमें 87.5 किलोग्राम गांजा, 2 किलोग्राम हेरोइन, 2.6 किलोग्राम चरस और कुछ गोलियां व इंजेक्शन आदि शामिल थे। इस प्रकार नष्ट की गई ड्रग्स का कुल वजन 1629.4 किलोग्राम रहा, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य 3274.5 करोड़ रुपये आंका गया है। 15 जून, 2025 तक दिल्ली में एनडीपीएस अधिनियम के तहत कुल 1127 मामले दर्ज किए गए हैं। जिसके परिणामस्वरूप 1439 ड्रग तस्करों की गिरफ्तारी हुई है। वित्तीय जांच के परिणामस्वरूप लगभग 7.76 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है, जबकि 19.03 करोड़ रुपये की अतिरिक्त संपत्ति जब्ती के अंतिम चरण में है।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में सिविल हॉस्पीटल में एटीएफ यूनिट के लिए विशेष मरम्मत। | 23.06.2025 30.06.2025 | 4.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में निसिम्बली रोड से रामदास पुरा (कि.मी. 0.00 से 0.360) (रोड आईडी 191) तक रोड का मजबूतीकरण (बकाया कार्य) कार्य कार्यक्रम 2025-26 (पी-1)। | 25.06.2025 04.07.2025 | 94.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में पॉली क्लीनिक सेक्टर-10 की मरम्मत और पुनरोद्धार। | 25.06.2025 01.07.2025 | 7.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड-5054 (ग्रुप-1) के तहत सिरसा जिले में सिरसा निर्वाचन क्षेत्र में बाजेकां से शाहपुर बेगू कि.मी. 0.00 से 5.31 कि.मी. (रोड आईडी 9604) तक रोड की विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी। (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (जीएसटी के बिना)। | 25.06.2025 05.07.2025 | 64.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड 5054 (ग्रुप-II) (जीएसटी के बिना) के तहत सिरसा जिले में रानिया निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) 4 अदद रोड की डीबीएम/बीसी/पीसी/आईपीबी, चौड़ा करने, मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. ओढ़ू से मल्लेकां वाया मौजदीन किमी 0.0 से 6.97 तक सड़क की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5833 और 5834) 2. भंभूर से भंभूर खुर्द रोड किमी 0.0 से 1.23 (रोड आईडी 5857) पर चौड़ा करने, मजबूतीकरण का प्रावधान, 3. मंगला से शहीदांवाली किमी 0.0 से 3.55 तक विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5858), 4. जीवन नगर से सैनपाल वाया करीवाला रोड किमी 14.50 से 18.00 (रोड आईडी 5899) पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार + 1 कार्य | 25.06.2025 05.07.2025 | 766.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में पेगां में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के निर्माण हेतु बकाया कार्य। | 23.06.2025 02.07.2025 | 231.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज पंचकूला | भारौली - एनजीटी के तहत ग्रे वाटर ट्रीटमेंट (बकाया कार्य) + 3 कार्य। | 25.06.2025 01.07.2025 | 134.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज कैथल | गुरुद्वारा के निकट पहापुर समादा रोड पर धर्मपुरा और लदना चक्कू में बस शैल्टर का निर्माण + 2 कार्य। | 23.06.2025 30.06.2025 | 30.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हांसी | मिलकपुर - गांव मिलकपुर जिला हिसार में बकाया गलियों में वितरण पाइप लाइन बिछाना, आरसीसी एनपी2 पाइप चैनल की मरम्मत, आईपीबी पथ और रोड का निर्माण, स्पेशल्स सहित बकाया वितरण प्रणाली बिछाना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 25.06.2025 07.07.2025 | 72.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन - क्र. सं. 01 से 28 मदों तक मदें निहित सूची (28 मदों का सिंगल लॉट)*। | 27.06.2025 25.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन - क्र. सं. 01 से 09 मदों तक मदें निहित सूची (09 मदों का सिंगल लॉट)*। | 27.06.2025 23.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक बागवानी हरियाणा पंचकूला | एक्सेसरीज सहित आईएसआई मार्क एचडीपीई वुवन फैब्रिक वर्मीबैड्स की आपूर्ति के लिए रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)। | 27.06.2025 21.07.2025 | ईएमडी 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466359706 pawankumar.hort@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/240/36013/I/88/7 दि. 26.06.25

सीएम ने अंतरराष्ट्रीय नशा और अवैध तस्करी निषेध दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम को किया संबोधित

# मिलकर करेंगे काम तभी खत्म होगी समाज से नशे की बुराई : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





मिलकर काम करने से ही समाज से नशे की बुराई को खत्म किया जा सकता है। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय नशा और अवैध तस्करी निषेध दिवस पर यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम को किया संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस हमें आत्मचिंतन करने का अवसर देता है और इस सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि आज का यह कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुरू किए गए 'नशा मुक्त भारत अभियान' से प्रेरित है और दिल्ली सरकार इस राष्ट्रीय उद्देश्य की पूर्ति के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के सामने यह संकल्प रखा है कि वर्ष 2047 तक भारत को नशा मुक्त बनाना है और दिल्ली सरकार इस संकल्प को पूरा करने के लिए हर जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जब देश अपनी आजादी की शताब्दी मना रहा होगा, तब हम भारत को एक स्वस्थ, सशक्त और नशा मुक्त राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में 'नशे' के दो रूपों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक ओर वह नशा है जो व्यक्ति के शरीर, परिवार और पूरे समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है, जबकि दूसरी ओर जैसे देशभक्ति, समाज सेवा की भावना, और बच्चों को बेहतर भविष्य देने का जुनून जैसे नशा प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह, सांसद मनोज तिवारी, विधायक ओम प्रकाश शर्मा, संजय गोयल एवं डॉ. अनिल गोयल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित उपस्थित सभी लोगों ने नशे के खिलाफ एक टीम बनकर कार्य करने के लिए शपथ ली।

### नशा करने या बेचने वाले की 1933 नंबर पर दें सूचना

मुख्यमंत्री ने बच्चों को बेहतर भविष्य देने और नशे की लत से बचाने के लिए समाज से भागीदारी की अपील की और नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को एक जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को अपने आसपास नशा करने या बेचने वाला कोई व्यक्ति दिखे, तो तुरंत 1933 नंबर पर सूचना दें। यह नंबर सीधे पुलिस अधिकारियों तक पहुंचता है और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

### दिल्ली पुलिस ने नशा तस्करी से जुड़े 1100 लोगों को किया गिरफ्तार

मुख्यमंत्री ने बताया कि 2025 के पहले चार महीनों में दिल्ली पुलिस ने नशा तस्करी में संलिप्त करीब 1100 लोगों को गिरफ्तार किया, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई और भारी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए गए। साथ ही, नशे की लत से जूझ रहे लोगों को रिहैबिलिटेशन सेंटर भी भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार, पुलिस और समाज—सभी एकजुट होकर प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इस लड़ाई में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

*अब नहीं होगा धार्मिक भेदभाव*

## हर नागरिक को मिलेगा समान अधिकार : प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमारी सरकार में हर नागरिक को चाहे उसका धर्म, जाति या पृष्ठभूमि कुछ भी हो समान अधिकार और सुविधाएं मिलेंगी। यह बात दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने गुरुवार को बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र के नबी करीम इलाके का दौरा करने के बाद कही। इस दौरे के दौरान जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की और क्षेत्र की जल निकासी और जल आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया। मंत्री ने वर्षों से उपेक्षित नागरिक समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान और सभी वर्गों के लिए निष्पक्ष विकास का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के बाद प्रवेश वर्मा ने कहा कि धर्म के आधार पर रोका गया विकास, अब ये राजनीति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि रामनगर, बगिची रघुनाथ और भड़भूजे वाली गली जैसे इलाकों में वर्षों तक अनेक परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया सिर्फ इसलिए कि उनका धर्म अलग था। यह भेदभावपूर्ण सोच आज की दिल्ली में स्वीकार्य नहीं है। प्रवेश वर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों और क्षेत्र के वर्तमान विधायक, जो कभी दिल्ली सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं, उन्होंने बल्लीमारान क्षेत्र में समावेशी और समान विकास नहीं होने दिया। यह साफ दिखता है कि कुछ खास समुदाय को लाभ पहुंचाया गया, जबकि बड़ी आबादी को लगातार नजरअंदाज किया गया। विकास किसी राजनीतिक इनाम का माध्यम नहीं, बल्कि हर नागरिक का हक है।

## ढाई साल से निगम में लंबित प्रस्ताव आज होंगे पेश

**पास होने पर मिल सकती है रुके हुए विकास कार्यों को रफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति की बैठक आज शुक्रवार 27 जून 2025 को दोपहर करीब दो बजे निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में आयोजित होगी। निगम प्रशासन ने इसकी जानकारी दी है। वहीं, बता दें कि स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि हमारा पहला प्रयास स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था से संबंधित प्रस्तावों, लंबित टेंडर और प्रक्रियाओं को पहली बैठक में ही पूरा कराने पर होगा। क्योंकि दिल्ली में अब तीन इंजन की सरकार और सभी मिलकर के दिल्ली को साफ स्वच्छ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। पहली बैठक में इन प्रयासों को गति देने के लिए काम किया जाएगा। बता दें कि आम आदमी पार्टी के शासन में आप और भाजपा के बीच कई मामलों के बीच खींचतान के चलते निगम की सबसे शक्तिशाली स्थायी समिति का गठन नहीं हो सका जिसके चलते अनेकों बड़े विकास कार्य फाइलों में ही बंद हैं और आज करीब ढाई साल बाद यहां बैठक में इन प्रस्तावों को पेश किया जाएगा।

### 100 से भी ज्यादा प्रस्ताव हैं लंबित

एमसीडी का एकीकरण होने के करीब ढाई साल बाद निगम में स्थायी समिति का गठन हुआ है और निगम सूत्रों का कहना है कि 100 से भी ज्यादा प्रस्ताव लंबित हैं। उनको पहली बैठक में रखे जाने की चर्चा है। स्थायी समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष बनने के बाद सत्या शर्मा ने बताया था कि स्थायी समिति की पहली बैठक में हमारा प्रयास अधिक से अधिक प्रस्तावों को पास करने पर होगा ताकि ढाई वर्षो से लंबित कामों को गति मिल सके।

### टैक्सी यूनियन ने सीएम रेखा गुप्ता को सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली। दिल्ली टैक्सी एन्ड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम रेखा गुप्ता से मिलकर अपनी समस्याओं संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई संगठन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने की। इस बारे में संजय ने बताया कि लंबे समय से लंबित पड़ी संगठन की मांगों पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलकर चर्चा की और ज्ञापन पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि सीएम ने बैठक में हमारी बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिया है कि जल्द ही यथासंभव इनका समाधान भी किया जाएगा। संजय के अनुसार 8 सूत्रीय मांगों में डीजल, पेट्रोल बीएस 4 टैक्सी बसों की जो लाइफ रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में है, उस समय तक इनको चलने दिया जाए चाहे वो किसी भी राज्य में पंजीकृत हो, पैनिक बटन टैक्सी बसों में से हटना चाहिए. इसमें करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार 10 वर्ष से हो रहा है, स्पीड लिमिट डिवाइस आल इंडिया टूरिस्ट टैक्सी बसों से हटना चाहिए. क्योंकि इससे हाईवे या एक्सप्रेस वे पर दिक्कत होती है, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट अभी भी हजारों गाड़ियों में नहीं लगे है।

### जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में महिला मरीज के साथ नहीं हुआ यौन उत्पीड़न : जांच रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में महिला के बलात्कार और हत्या के मामले पर दिल्ली सरकार की ओर से गुरुवार को जारी बयान में कहा गया है कि सरकार ने इस मामले की जांच के लिए जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में 23 जून 2025 को वरिष्ठ डॉक्टरों/अधिकारियों की एक समिति गठित की गई थी। जग प्रवेश चंद्र अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट और पीड़ित/मरीज की चिकित्सा जांच के माध्यम से पता चला कि कोई शारीरिक या यौन उत्पीड़न नहीं पाया गया। वहीं अस्पताल में एचडीयू के बाहर सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे थे और इस घटना की जांच के हिस्से के रूप में आवश्यक सीसीटीवी फुटेज पहले ही एकत्र कर लिए गए हैं और आगे की जांच के लिए दिल्ली पुलिस के जांच अधिकारी को सौंप दिए गए हैं। समिति के निष्कर्षों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर, ऑन-ड्यूटी नर्सिंग अधिकारी, सफाई कर्मचारी और सुरक्षा गार्ड का विवरण 25 जून को जांच अधिकारी दिल्ली पुलिस के साथ साझा किया गया है और दिल्ली पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जीटीबी अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जाएगा। जीटीबी अस्पताल से प्राप्त विवरण के अनुसार, मृतक का शव फिलहाल शवगृह में सुरक्षित रखा गया है और उसके करीबी रिश्तेदारों/परिचितों का पता लगाया जा रहा है।

### बारिश के पानी को समस्या नहीं, जीवन देने वाला जल मानना चाहिए : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली के जल भविष्य की सुरक्षा को लेकर त्वरित, बहु-स्तरीय संस्थागत कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। वे 'जल और प्रकृति' विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे, जिसे 'संपूर्णा' संस्था द्वारा उसके 40-दिवसीय जन जागरूकता अभियान के 30 दिन पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया था। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग के अंतर्गत स्थापित वेटलैंड प्राधिकरण की कार्यप्रणाली और प्रभावशीलता की समीक्षा की जाएगी। यदि आवश्यकता महसूस हुई, तो इस विषय को विधानसभा के पटल पर लाकर संरचित बहस की जाएगी, ताकि नीतिगत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जल शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए गुप्ता ने उत्तर चीन जल संसाधन एवं विद्युत शक्ति विश्वविद्यालय का उदाहरण प्रस्तुत किया और भारत में भी जल प्रबंधन के क्षेत्र में अकादमिक संस्थानों की भूमिका को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि हमें तालाबों और जलाशयों को फिर से जीवित करने की जरूरत है। इसके लिए हमें पुराने पारंपरिक तरीकों और नई तकनीकों को साथ मिलाकर काम करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के पानी को ज्यादा से ज्यादा इकट्ठा करने की कोशिश करनी चाहिए। मानसून के समय जो जलभराव होता है, उसे हम भूजल बढ़ाने के एक मौके की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। हमें बारिश के पानी को समस्या नहीं, जीवन देने वाला जल मानना चाहिए। संस्थागत समन्वय पर बल देते हुए गुप्ता ने कहा कि वे दिल्ली सरकार के वेटलैंड प्राधिकरण को और सशक्त बनाने के विषय पर मुख्य सचिव को पत्र लिखने पर विचार करेंगे साथ ही ,यदि सहमति बनी तो इस विषय को विधानसभा सत्र में चर्चा के लिए प्रस्तावित किया जाएगा। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए 'संपूर्णा' की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शोभा विजेन्द्र ने कहा कि जल अब असीमित नहीं रहा।

### अस्पताल में महिला मरीज़ के साथ इतनी हैवानियत कैसे संभव : भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में एक महिला मरीज के साथ बलात्कार और उसकी मौत को लेकर 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस घटना ने भाजपा सरकार की प्रशासनिक विफलता की पोल खोल दी है। उन्होंने सीएम रेखा गुप्ता से पूछा है कि एक सरकारी अस्पताल में महिला मरीज के साथ इतनी हैवानियत कैसे संभव है। क्या अस्पताल के सभी सिक्योरिटी गार्ड और प्रशासन सो रहा था। क्या अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब थे और अस्पताल में मरीज के साथ ऐसा कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में फिर से शिक्षा-स्वास्थ्य का पुराना वाला हाल होने वाला है और प्राइवेट स्कूल-अस्पताल माफिया की वापसी हो गई है। सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को कहा कि यह एक अत्यंत गंभीर मामला है। मेरी स्मृति में ऐसा कभी नहीं सुना कि किसी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती मरीज के साथ दुष्कर्म हो जाए और वह भी इतना निर्मम कि उसकी मृत्यु हो जाए।

### दिल्ली सरकार के अस्पताल में महिला से दुराचार और मौत ने खोली रेखा सरकार की पोल : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आरोप लगाए है कि यह अत्यंत दर्दनाक है कि दिल्ली सरकार के जग प्रवेश चन्द्र अस्पताल में मानसिक रूप से कमजोर 23 वर्षीय युवती के इलाज के दौरान एक युवक द्वारा यौन शोषण करने से युवती की मौत हो गई। यादव ने कहा कि इससे दिल्ली में रेखा सरकार की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था, अस्पतालों में कमजोर सुरक्षा व्यवस्था और ध्वस्त कानून व्यवस्था को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। यह बेहद चिंताजनक है कि दिल्ली कांग्रेस द्वारा लगातार अस्पतालों की स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था पर आवाज उठाई जा रही है। लेकिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सिर्फ फोटो ऑप का सहारा लेकर जनता की चिंता छोड़ पिछली सरकार की कॉपी मात्र कर रही है। यादव ने कहा कि राजधानी में दिल्ली में महिलाओं के अपराध कम होने की बजाय लगातार बढ़ रहे है जबकि केन्द्र और दिल्ली में भाजपा की सरकार है। भाजपा द्वारा चाक चौबंद कानून व्यवस्था का दावा करने के बावजूद महिला अपराध में 134 प्रतिशत के साथ दिल्ली पहले नम्बर पर है। पुलिस द्वारा पहली तिमाही की जारी रिपोर्ट में महिलाओं से छेड़छाड़ के 379 मामले और 370 बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हुए है।




## बॉडरों पर होगा कांवड़ियों का पुष्प वर्षा से स्वागत मंत्री-विधायक करेंगे अगवानी : मुख्यमंत्री

**दिल्ली सरकार ने कांवड़ सेवा प्रबंधन समितियों के साथ की विशेष बैठक**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सावन माह में जब वे दिल्ली में प्रवेश करेंगे तो दिल्ली के बॉर्डरों पर सरकार के मंत्री-विधायक उनका स्वागत पुष्प की वर्षा करके करेंगे। इस बात की घोषणा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को की है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार कांवड़ियों का पूरा आदर सम्मान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर एंट्री पॉइंट पर सुरक्षित कॉरिडोर, सफाई, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही छोटी से छोटी संस्था को भी बराबरी का सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार शिव भक्तों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। पहली बार कांवड़ यात्रा को प्रशासनिक स्तर पर इतनी भव्यता के साथ आयोजित किए जाने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली में ऐसा कांवड़ महोत्सव होगा जो पहले कभी नहीं देखा गया हो।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कांवड़ महोत्सव में शिव भक्तों के लिए पंडाल, भंडारा इत्यादि का प्रबंध करने वाली कांवड़ सेवा समितियों के साथ एक संवाद बैठक की। बैठक में कांवड़ सेवा आयोजन के लिए बनी समिति के अध्यक्ष व दिल्ली सरकार के संस्कृति व पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, सदस्य व विधायक अनिल शर्मा, संजय गोयल, अजय महावर, प्रद्युमन राजपूत, अभय वर्मा आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कांवड़ सेवा में समर्पित सभी शिव भक्तों और समितियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली हर वर्ष कांवड़ यात्रियों की सेवा में समर्पित रहती है और इस बार दिल्ली सरकार पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इसे भव्य बनाने के लिए जुट गई है। उन्होंने कहा कि यह हमारी सरकार का पहला कांवड़ आयोजन है और सरकार का संकल्प है कि यह अब तक का सबसे यादगार, सुविधाजनक और व्यवस्थित अनुभव हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने सफाई, शौचालय, सुरक्षा, बिजली, लाइटिंग, मेडिकल सुविधाएं की प्रक्रिया को पहले से बेहतर बनाया है। अब केवल 72 घंटों में अनुमति देने की व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी कैम्पों के लिए 1200 यूनिट तक फ्री बिजली की सुविधा देने का भी निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त कांवड़ महोत्सव के समापन के बाद सभी लंबित भुगतान तीन माह के भीतर करने की बात भी कही।

युवा रहें नशे से दूर

# नशे से होने वाले शारीरिक व व्यवहारिक लक्षणों के बारे में दी जानकारी

डॉ. हरजिंदर सिंह ने बताया कि नशे के कारण लोग आत्महत्या करने की भी कोशिश करते हैं और चोरी करने तक की उनको लत लग सकती है। उन्होंने लोगों को नशे से दूर ही रहने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

सिविल अस्पताल फरीदाबाद के प्रांगण में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. हरजिंदर सिंह तथा टीबी, एचआईवी, ओ एस टी, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. मानसिंह मेंटल हेल्थ, एसीपी मोनिका, डॉ. महेंद्र, डॉ. पारुल, डॉ. एमपी सिंह, सुनीता, सुभाष गहलोत, प्रदीप शर्मा, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र, प्रीति अनीता की अध्यक्षता में विश्व नशा रोकथाम व अवैध तस्करी के विरुद्ध एक जागरूकता कार्यक्रम रैली निकाली गई। जिसमें मानसिक स्वास्थ्य और एचआईवी विभाग की टीम द्वारा लोगों को नशे व एचआईवी एड्स से बचने के लिए जागरूक किया गया।

## नशे से छुटकारा पाने के उपाय भी बताए, नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई



डॉ. हरजिंदर सिंह ने बताया कि लोग जिज्ञासा बस आनंद प्राप्ति के लिए, संगति में, पारिवारिक समझ की कमी, सरलता से नशे की उपलब्धता में मानसिक परेशानी के चलते नशे का उपयोग करते हैं। उन्होंने भिन्न-भिन्न प्रकार के नशे का उपयोग करने से होने वाले शारीरिक व व्यवहारिक लक्षणों के बारे में बताया कि दवाइयों काउंसलिंग व पुनर्वास द्वारा नशे की लत से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता। डॉ. हरजिंदर सिंह ने बताया कि नशे के कारण लोग आत्महत्या करने की भी कोशिश करते हैं और चोरी करने तक कि उनको लत लग सकती है। उन्होंने लोगों को नशे से दूर ही रहने की अपील की। इस अवसर पर बीके हॉस्पिटल की एएनएम विद्यार्थियों द्वारा भी एक नाटक कर लोगों को नशे से बचने का संदेश दिया। वीरेंद्र सिंह ने भी लोगों को जागरूक किया। उसके बाद डिप्टी सिविल सर्जन डॉ मान सिंह, एसीपी मोनिका, एमपी सिंह, सुनीता, सुभाष गहलोत, प्रदीप, प्रीति, अनीता, कविता ने शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया जिसमें नर्सिंग स्टूडेंट, अभिव्यक्ति फाउंडेशन तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ-साथ आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### सराहनीय काम करने वाले लोगों को किया सम्मानित

पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के आदेशानुसार तथा पुलिस आयुक्त के दिशा.निर्देश पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशे के दुष्प्रभावों के बारे मे आमजन को जागरूक करने के लिए 12 जून से 26 जून तक एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसके अतंर्गत 250 के करीब जागरूकता कार्यक्रम करते हुए 15000 से अधिक लागों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे जागरूक किया गया। इसके अलावा सराहनीय काम करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित भी किया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** गोली चलाने व मारपीट करने के मामले में क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना तिगांव में ओमबीर ने दी शिकायत में बताया कि उसके फार्म पर जिगरी काम करता है वह परचून की दुकान पर सामान लेने गया तो वहां पर प्रिंस ने जिगरी के साथ मारपीट की, वजह पूछी तो प्रिंस, अंकित व सौरव ने देख लेने की धमकी दी।

### वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** वाहन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर बल्लभगढ़ में यशवंत ने दी अपनी शिकायत में कहा कि उसने अपनी बाइक को 21 जून को सुबह 7 बजे घर के बाहर खडी की थी। जब कुछ देर बाद उसने बाहर आकर देखा तो पाया की कोई नामपता नामालुम व्यक्ति उसकी मोटरसाईकिल को चोरी कर ले गया।

### उत्पात मचाने वाला स्कोर्पियो चालक काबू



**गुरुग्राम।** एमजी रोड पर रात के दौरान शराब के नशे में एक ड्राइवर ने जमकर उत्पात मचाया। काली फिल्म लगी और बिना नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो में चालक ने खतरनाक ढंग से गाड़ी दौड़ाई और पुलिस की ईआरवी गाड़ी को भी टक्कर मार दी। इस दौरान गाड़ी भीड़ में फंसी तो उसके ड्राइवर व साथी को लोगों ने पकड़ लिया और उनकी जमकर धुनाई की। एसीपी यशवंत ने पीछा कर कार को पकड़वाया।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर रोजाना 300 चालान



**फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसों के बावजूद लोग तेज रफ्तार से वाहन दौड़ा रहे हैं। रोजाना करीब तीन सौ चालान ओवर स्पीड के काटे जा रहे हैं। लघु सचिवालय में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने इसका खुलासा किया। बताया कि जनवरी से 25 जून 2025 तक एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार के 49,231 चालान काटे हैं।

### टेलिग्राम टास्क के नाम पर 14 लाख की ठगी



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने टेलिग्राम टास्क के नाम पर ठगी के मामले में चार आरोपियों को जोधपुर, से गिरफ्तार किया है। एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में बताया कि उसके पास एक कॉल आया जिसमें पार्ट टाइम जॉब करने के लिए एक टेलिग्राम ग्रप से जुड़ने को कहा। उसके पास एक लिंक शेयर किया गया जहां से वो ठगों के टेलिग्राम ग्रुप से जुड़ गई।

मुख्यमंत्री योगी ने गाजियाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डेटा सेंटर का किया शिलान्यास, कहा-

# ऐसे संस्थानों के माध्यम से नया भारत शक्ति तकनीक व आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भारत सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को गाजियाबाद के साहिबाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डेटा सेंटर का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीईएल द्वारा विकसित हो रहे नए ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह प्रधानमंत्री के 2070 तक नेट ज़ीरो के संकल्प की ओर एक मजबूत कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि 2027 तक उत्तर प्रदेश 20,000 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी उत्पन्न करेगा, जिसमें सीईएल की भूमिका प्रमुख होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीईएल की यात्रा को भारत के औद्योगिक पुनरुत्थान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी के 2047 के विकसित भारत विजन का प्रमुख स्तंभ बताया और कहा कि सीईएल जैसे संस्थानों के माध्यम से ही नया भारत अपनी शक्ति, तकनीक और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

2027 तक 20,000 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी उत्पन्न करेगा

ब्रह्मोस और आकाश जैसी मिसाइल पाकिस्तान में टेस्टेड

## डिसइन्वेस्टमेंट से मिनी रत्न तक का सफर प्रेरणादायी



मुख्यमंत्री ने सीईएल की 50 वर्षों की यात्रा को एक सक्सेस स्टोरी बताते हुए कहा कि यह संस्थान अब 'अमृत काल' में प्रवेश कर चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। सीईएल की स्वर्ण जयंती पर आयोजित समारोह में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ऐसा भी समय था जब अंधकार के बादल मंडरा रहे थे, सीईएल को डिसइनवेस्टमेंट की सूची में डाल दिया गया था। लेकिन आज वही सीईएल एक लाभ कमाने वाली मिनी रत्न कंपनी बन गई है और केंद्र सरकार को लाभांश का चेक सौंप चुकी है। यह परिवर्तन आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रेरणास्रोत है।

### नोएडा में होगा देश का पहला क्वांटम यूनिट

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सीईएल का अपना एक इतिहास है। इस संस्थान ने 1970 में पहले सोलर सेल को ईजाद किया था। 50 साल बाद यह ग्रीन डाटा सेंटर भी शुरू करने जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए आपका नाम इतिहास में दर्ज हो गया और मुझे खुशी है कि मेरे मंत्रालय के दो संस्थाओं ने भी उसमें अपना योगदान किया। कहा कि बहुत जल्द हम नोएडा में आईआईटी के अंदर देश का पहला क्वांटम यूनिट स्थापित करेंगे। लखनऊ के नजदीक बायोटेक्नोलॉजी पार्क स्थापित करेंगे और अगस्त में दो या तीन दिवसीय स्टार्टअप कॉन्क्लेव आयोजित करने की भी योजना हैं।

### सीएम ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले जत्थे को दिए किट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत की। उसके पहले कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे जत्थे को शुभारंभ किट उपलब्ध कराया। सीएम ने इन यात्रियों का हृदय से अभिनंदन करते हुए सुखद-मंगलमय यात्रा की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहाकि देवाधिदेव महादेव से प्रार्थना करता हूं कि इन सब पर कृपा बनी रहे। दर्शन करके आने वाले सभी यात्रियों को यूपी सरकार की तरफ से एक-एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। कैलाश मानसरोवर भवन हमने यात्रियों की सुविधा के लिए स्थापित किया था। आज 200 से अधिक श्रद्धालु इस भवन में आकर यात्रा का हिस्सा बनने जा रहे हैं।

अवैध खनन पर एडीसी सख्त

# खनन टीम को दिए त्वरित कार्रवाई के कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त फरीदाबाद सतबीर मान की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रही अवैध खनन गतिविधियों की समीक्षा और नियंत्रण के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना था।

एडीसी ने कहा कि अवैध खनन न केवल पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंचाता है, बल्कि इससे सरकार को राजस्व की भारी हानि होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में नियमित और औचक निरीक्षण विशेष अभियान को निरंतर जारी रखें। साथ ही, दोषी पाए जाने वालों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जुर्माना और कानूनी प्रक्रिया हर स्थिति में जारी रखी जाए।



### ट्रक को बिना ई रवाना बिल के पकड़ा

जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने जानकारी दी कि हाल ही में विभागीय जांच के दौरान पाली नाका पर एक ट्रक को बिना ई रवाना बिल के पकड़ा गया। जब टीम ने वाहन को रोका और दस्तावेजों की जांच की तो चालक के पास खनिज परिवहन से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए वाहन को नियमानुसार संबंधित पुलिस थाने में जब्त कर लिया गया है।
जिला खनन अधिकारी ने बताया कि हरियाणा सरकार अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### क्षेत्रीय स्तर पर नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें

एडीसी सतबीर मान ने अधिकारियों से कहा कि वे क्षेत्रीय स्तर पर नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शी एवं प्रभावी कार्यप्रणाली अपनाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन अवैध खनन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में खनन विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

सामाजिक दुष्प्रभाव पर दी जानकारी

# बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

एडीसी सतबीर मान ने बताया कि जिला प्रशिक्षण केंद्र फरीदाबाद में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित किया गया।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला का आयोजन बीके अस्पताल फरीदाबाद में किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न पीएचसी, यूएचसी और यूपीएचसी में कार्यरत मेडिकल अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में कुल 13 चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम हेतु चिकित्सा अधिकारियों की भूमिका को सशक्त बनाना और अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करना था।

अधिकारियों ने बाल विवाह से संबंधित कानूनी पहलुओं, सामाजिक दुष्प्रभावों एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता अभियान की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक ज्ञान, केस स्टडी और फील्ड अनुभव सांझा किए गए।

# असिस्टेंट कमांडेंट के साथ मारपीट करने के मामले में दो आरोपी दबोचे गए

*थाना भूपानी की टीम ने की कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

असम राइफल में असिस्टेंट कमांडेंट से मारपीट करने के दो आरोपियों को भूपानी की टीम ने काबू किया है।

रोहित कुमार निवासी गांव बिसरख गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश ने थाना भूपानी में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह असम राईफल में बतौर असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर तैनात है तथा 23 जून की रात को वह अपने दोस्तों के साथ गांव भंगरोली में अपने एक अन्य साथी के फार्म पर पार्टी करने गये थे। उस दिन वह अपने साथियों के साथ पास में ही स्थित एक ठेके पर बियर लेकर अपनी कार में बैठ गए।

जहां पर पहले से ही कुछ लोगो बैठे हुए थे। जिन्होंने हम पर पत्थरों से हमला कर गाडी के शीशे तोड दिए, सोने की चैन भी छीन ली तथा मौके से फरार हो गए। जिस संबंध में



थाना भूपानी में संबंधित धाराओं मे मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि थाना टीम भूपानी की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए मोहित निवासी बांदी मोहर जिला सतना मध्य प्रदेश व शुभम निवासी रामपुर जिला अयोध्या उत्तर प्रदेश हाल वासी भठ्ठा कालोनी, सिलारपुर, सेक्टर 39 फरीदाबाद को गांव किडावली एरिया से गिरफ्तार किया गया है।

### हमलावरों ने टाइलो से किया था हमला

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गौरव को बेटा हुआ था जिस पर 23 जून की रात को आरोपीगण अपने अन्य साथियों के साथ गांव किडावली के पास स्थित ठेके पर शराब पीकर पार्टी कर रहे थे। तभी गाडी में कुछ लोग आए और उन्होंने उनको इशारा कर नेपाली कहा कि जिस पर उनकी उन व्यक्तियों से कहासुनी हो गई, फिर उन्होंने मिलकर उनकी गाड़ी पर वहां पड़ी टाइलो से हमला कर दिया तथा मौके से अपने वाहनों मे बैठकर फरार हो गए। मोहित प्राइवेट नौकरी करता है व शुभम बेरोजगार है। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

खाताधारक को किया गिरफ्तार

# सीबीआई ऑफिसर बनकर बेटे की गिरफ्तारी का डर दिखा ठगे 3 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

सीबीआई ऑफिसर बनकर बेटे की गिरफ्तारी का डर दिखा कर लाखों रूपए ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने आरोपी खाताधारक को दौसा राजस्थान से गिरफ्तार किया है।

साइबर थाना बल्लभगढ़ में आदर्श नगर निवासी एक महिला ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 17 फरवरी 2024 को उसके व्हाट्एप नम्बर पर एक कॉल आया जिसने खुद को सीबीआई ऑफिसर बताया। बताया कि शिकायतकर्ता के बेटे को रेप के केस में गिरफ्तार किया गया है अगर वह केस दर्ज होने से पहले उनके खाता में रूपये भेज देगी तो उसके बेटे को छोड़ दिया जाएगा। जिससे वह घबरा गई और उसने ठगों के खाता में 3,19,999 रुपए भेज दिए। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



बताया कि मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुरज जिला दौसा, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपना खाता नम्बर ठगों को दे रखा था। वह खुद ही अपने खाता को ऑपरेट करता था, खाता में आए रुपए को निकलवाकर ठगों द्वारा बताए दूसरे खातों में डलवा देता था। इसके खाता में ठगी के 1,75,000 आए थे। आरोपी को अदालत में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 29 लाख से अधिक की धोखाधड़ी

*साइबर थाना बल्लभगढ़ में मामला दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी के मामले में एक महिला सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसको ठगों द्वारा एक के ग्रुप में जोड़ा गया। जहां पर लाभ कमाने बारे प्रशिक्षण दिया जाता था, 15 दिन के प्रशिक्षण के बाद ट्रैडिग के लिए पंजीकरण के लिए कहा गया। जिसके बाद उसने ठगों द्वारा दी गई। 50 हजार रुपए देकर खाता खुलवाया। जहां रोजाना सुबह 9 बजे से 9.15 बजे तक भारतीय मार्केट और शाम को 6 बजे से 7 बजे



तक मार्केट में ट्रैडिंग करवाई जाती थी। निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच दिया, जिसके लिए उसने कुल 29,09,269 रुपए का निवेश किया। 11 जून को जब उसके ट्रैडिंग अकाउंट में 80 लाख रुपए दिख रहे थे, तब उसने 31 लाख रुपए निकालने का अनुरोध किया।

जब उसने पैसे निकालने के लिए अकाउंट मैनेजर के पास मैसेज किया तो उसके किसी भी मैसेज का जवाब नहीं दिया गया। तब उसे पता चला कि यह एक साइबर फ्रॉड था। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए अभिषेक कुमारगौतमबुद्ध नगर नोएडा उप्र हाल युसुफपुर चकसवेरी नोएडा गौतमबुद्ध नगर उप्र शिवम कुमार युसुफपुर चकसवेरी नोएडा गौतमबुद्ध नगर उप्र, असिम अंसारी निवासी गांव दरौदै जिला सिवान बिहार हाल आगापुर सैक्टर 16 नोएडा उप्र, दीपांशु निवासी राहुल विहार गाजियाबाद उप्र, सुनील कुमार निवासी सैक्टर 8 बोकारो स्टील सिटी झारखंड, जतिन गुप्ता निवासी हैबोवाल खुर्द नियर ऋषि नगर लुधियाना पंजाब व रणजीत कौर निवासी चिमनी रोड, न्यु शिमलापुरी लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार किया है।

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात

## गोल्फ को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने खेल मंत्रालय ने दी आईजीपीएल को मंजूरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गोल्फ को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में युवा मामले और खेल मंत्रालय ने भारतीय गोल्फ यूनियन (आईजीयू) को जनवरी 2026 में पहले इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के आयोजन की मंजूरी दी है। आईजीयू देश में गोल्फ के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) है। इस बहुप्रतीक्षित लीग का उद्देश्य गोल्फ को विशेष रूप से युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाना और इसे अधिक सुलभ बनाना है। यह लीग भारत गोल्फ प्रा.लि. के सहयोग से आयोजित की जाएगी, जो आयोजन की व्यवस्थाओं और प्रचार-प्रसार में भारतीय गोल्फ यूनियन की साझेदार की भूमिका निभाएगा।

रिटायर्ड मेजर जनरल विभूति भूषण की अगुवाई में आईजीयू के एक प्रतिनिधिमंडल ने वुमन गोल्फ एसोसिएशन ऑफ इंडिया की महासचिव और आईजीपीएल बोर्ड की सदस्य चंपिका सयाल के साथ केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से औपचारिक मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत में जमीनी स्तर पर गोल्फ को बढ़ावा देने, खेल में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने और आईजीपीएल के व्यापक रोडमैप पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। यह पहल न केवल गोल्फ को एक लोकप्रिय खेल के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### भारत में गोल्फ को लोकप्रिय बनाने की दिशा में बड़ा कदम

आईजीयू के महानिदेशक विभूति भूषण ने कहा, यह भारतीय गोल्फ यूनियन के लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात रही कि हमें खेल मंत्री और पर्यटन मंत्री से उनके निवास पर मिलने और सरकार की खेल क्षेत्र को मजबूत करने की दृष्टि को समझने का अवसर मिला। अत्यंत हर्ष है कि खेल मंत्रालय ने पहले आईजीपीएल के आयोजन के लिए हामी भर दी है। यह लीग भारत में गोल्फ को लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है और इसका आयोजन जनवरी 2026 में किया जाएगा। आईजीपीएल के माध्यम से हम विश्व स्तरीय गोल्फ प्रतिभाओं की खोज और उन्हें पोषित करने का कार्य करेंगे, जो आगे चलकर भारत का वैश्विक स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। आईजीपीएल एक शहर-आधारित फ्रेंचाइजी लीग होगी। जिसमें एमेच्योर और प्रोफेशनल खिलाड़ी टीम फॉर्मेट में खेलेंगे। आईजीपीएल का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में 10 लाख से अधिक स्कूल और कॉलेज छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण सुविधाएं और कोचिंग प्रदान करना है।

## खबर संक्षेप

### ब्रेन स्ट्रोक से शिबू सोरेन की हालत नाजुक

**रांची।** झामुमो के संस्थापक व पार्टी के संरक्षक शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ गई है। वह इस समय दिल्ली



के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। डॉक्टरों के मुताबिक उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ है,जिससे शरीर के बाईं ओर पैरालिसिस हो गया है। वेंटिलेटर पर नहीं हैं,लेकिन उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।81 वर्षीय शिबू सोरेन लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे हैं और पिछले एक साल से डायलिसिस पर हैं।

### 18 हजार रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी को दबोचा

**सासाराम।** यहां एक घूसखोर लोकसेवक को निगरानी टीम ने रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।



जिले के दावथ अंचल कार्यालय में सुबह 11 बजे पटना से आई विजिलेंस की टीम ने राजस्व कर्मचारी कन्हैया कुमार और बिचौलिया सुनील सिंह को 18000 रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोच लिया। निगरानी टीम दोनों को अपने साथ ले गई है। पूछताछ और आवश्यक कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### कर्ज में डूबे परिवार ने खाया जहर, दो की मौत

**बिजनौर।** यहां नूरपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां कर्ज से परेशान एक ही



परिवार के चार लोगों ने जहर खा लिया। मां और एक बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता और दूसरी बेटी की हालत नाजुक बनी हुई है।जानकारी के अनुसार परिवार लंबे समय से साहूकारों से लिए कर्ज और लगातार हो रहे दबाव से मानसिक तनाव में था।

## युवा संसद में तेजस्वी बोले- जो 20 साल में न हुआ वह 20 माह में करेंगे, भाजपा ने दिलाई रावण की याद

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राजद के युवराज तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि उन्हें जनता एक मौका दे तो जो बीस सालों में नीतीश कुमार नहीं कर पाए वह मात्र बस महीनों में कर के दिखाएंगे। पटना बापू सभागार में आयोजित छात्र युवा सांसद में तेजस्वी याजव ने युवाओं के बीच कलम का वितरण किया। विधानसभा चुनाव से पहले राजद नेता ने राज्य की युवा पीढ़ी से बड़े-बड़े वादे किए। चुटकी लेते हुए भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि लंकापति रावण भी अपनी जनता को झूठे सपने दिखाता था। इनकी चालाकी को बिहार के युवा समझते हैं।

» राजद की युवा छात्र संसद कार्यक्रम में भीड़ बेकाबू हो गई। तेजस्वी यादव के बाहर निकलने के दौरान धक्का-मुक्की में गेट का शीशा टूट गया, जिससे एक कार्यकर्ता घायल हुआ है।

**खास बातें**

- पटना बापू सभागार में आयोजित छात्र युवा सांसद
- भाजपा ने कहा- इनकी चालाकी को युवा समझते है



### डिप्टी सीएम रहते विभिन्न विभागों में बहाली की चर्चा की

इस दौरान तेजस्वी यादव ने संसद में जुटी भीड़ और बिहार की जनता से बड़े-बड़े वायदे किए। उन्होंने कहा कि एनडीए और नीतीश कुमार को बीस साल तक मौका दिया। एक अवसर तेजस्वी यादव को दीजिए। इन लोगों ने जो बीस साल में नहीं किया वह मात्र बीस माह में कर देंगे। तेजस्वी यादव ने सत्रह महीने डिप्टी सीएम रहते विभिन्न विभागों में बहाली की भी चर्चा की।

### युवा छात्र संसद में बेकाबू भीड़, गेट का शीशा टूटने से कार्यकर्ता घायल

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के युवा छात्र संसद कार्यक्रम के दौरान हादसा हो गया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद भीड़ बेकाबू हो गई, जिससे प्रवेश द्वार का शीषा टूट गया। इससे राजद का एक कार्यकर्ता घायल हो गया, जिसके सिर में चोट आई है। हादसे की वजह से मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। हालांकि, कोई बड़ी अनहोनी होने से बच गई। तेजस्वी यादव के बयान पर भाजपा के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि तेजस्वी यादव बिहार के युवाओं को झूठे सपने दिखा रहे हैं। एक लंकापति रावण था जो वहां की जनता को झूठा सपना दिखाता था कि दूध की नदी बहा देगा, स्वर्ग तक सीढ़ी लगा देगा।

## यूपी में ट्रांसजेंडरों को भी मिलेगा रोजगार

# समुदाय को युवा उद्यमी विकास अभियान से जोड़ने की तैयारी में है योगी सरकार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से जोड़ने की तैयारी में है, जिसके तहत उन्हें कौशल के आधार पर प्रशिक्षण और ऋण सहायता दी जाएगी। दरअसल योगी सरकार की मंशा है कि समाज में लंबे समय से उपेक्षित रहे ट्रांसजेंडर समुदाय को न केवल गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर मिले, बल्कि वे सम्मान और अधिकार के साथ आत्मनिर्भर भी बनें। इसी उद्देश्य से समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने विभाग को प्रदेश के प्रत्येक जिले में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत हर जिले में कम से कम दो ट्रांसजेंडरों को रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

सम्मान व अधिकार के साथ आत्मनिर्भर भी बनें

रोजगार दिलाकर मुख्यधारा से जोड़ने की तैयारी

### ट्रांसजेंडर समुदाय के लिएअलग से जनगणना



सरकार के मुताबिक योगी सरकार इन केंद्रों के माध्यम से ट्रांसजेंडरों को शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, पाक-कला, सिलाई, कंप्यूटर, सौंदर्यकला आदि जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ने पर विचार कर रही है। साथ ही सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन जैसी सुविधाओं का लाभ सीधे मिले। इसके लिए अलग से जनगणना कराए जाने की भी तैयारी है।

### » राज्यपाल ने दिए थे 100 कल्याण केंद्र स्थापित करने के निर्देश

*सरकार के मुताबिक गोरखपुर में संचालित 'गरिमा गृह' में रह रहे ट्रांसजेंडरों को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार दिलाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। यहां अब तक आठ ट्रांसजेंडरों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराया गया है। 'गरिमा गृह' को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं। पिछले दिनों राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अधिकारियों को प्रदेशभर में ट्रांसजेंडरों के लिए 100 कल्याण केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए थे ताकि इन केंद्रों के माध्यम से इस समुदाय को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ा जा सके।*

### बंदी को अदालत ले जाने और लाने का बचेगा समय

**फतेहपुर।** जेल में निरुद्ध 854 विचाराधीन बंदी व सजायाफ्ता कैदियों का पूरा डाटा जानने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा बल्कि शासन द्वारा ई-प्रिजन नाम का ऑनलाइन साफ्टवेयर तैयार कराया गया है जो हर बंदियों के दाखिल से रिहाई तक का डाटा रखेगा। डीजी जेल पीसी मीना के निर्देश पर ये साफ्टवेयर जिला कारागार में भी लगाने की प्रक्रिया शुरू कराई जा रही है। इस डाटा में बंदियों के बारे में कि वह कहां के हैं और जेल में कब आए थे,कितने मुकदमे दर्ज हैं, इनकी कोर्ट में पेशी से लेकर रिहाई तक का विवरण दर्ज होगा।इससे कैदी को अदालत ले जाने और लाने की समय की भी बचत होगी।

## अखिलेश का सीएम पर तीखा हमला

# ऐसे लोग बुनियादी रूप से सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्षता के कट्टर विरोधी



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि जो लोग समाजवाद के खिलाफ हैं, वे धर्मनिरपेक्ष लोगों के भी खिलाफ हैं। यह समाज में एक मौलिक लड़ाई है। यह मैं बनाम हम की लड़ाई है।

समाज के उत्थान के लिए व्यक्ति को अपने व्यक्तिव का विलय करना पड़ता है जोकि आत्मकेंद्रित लोग कभी नहीं करते। उन्होंने बिना सीएम योगी का नाम लिए कहा कि ऐसे स्वार्थी लोग हर विचार और समाज एवं समाजवाद से जुड़े शब्द के खिलाफ हैं। गौरतलब है कि सीएम योगी ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कहा था कि संविधान में धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात है।

### जियो एवं जीने दो का पाठ पढ़ाता है धर्मनिरपेक्षवाद

मीडिया को संबोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि यह नकारात्मक लोग अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए समाज को कमजोर करते हैं क्योंकि इनका दबदबा तभी दिखाई देगा जब समाज कमजोर रहे। इसलिए ये हर उस चीज के खिलाफ हैं जो समाज को मजबूत करती हो। अखिलेश ने कहा कि ऐसे लोग बुनियादी रूप से सांप्रदायिक होते हैं। यही वजह है कि वे धर्मनिरपेक्षता के कट्टर विरोधी हैं क्योंकि धर्मनिरपेक्षवाद हमें लोगों को करीब लाने की, सौहार्द स्थापित करने और जियो एवं जीने दो का पाठ पढ़ाता है। अखिलेश ने कहा कि पीडीए (पिछड़ा दलित एवं अल्पसंख्यक) समुदाय के लोग साझा पीड़ा से पीड़ित हैं। पीडीए से हम सभी किसी ना किसी दर्द से जुड़े हैं और एक दूसरे से बंधे हैं। आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता हासिल करने के लिए संविधान का इस्तेमाल करती है, लेकिन जैसे ही वह सत्ता प्राप्त कर लेती है, संविधान का सम्मान करना भूल जाती है। कहा कि भाजपा सत्ता में आने तक संविधान की चर्चा करती है और इसका अनुपालन करने की बात करती है। लेकिन जैसे ही वह सत्ता प्राप्त कर लेती है, संविधान का सम्मान नहीं करती।

## पेज एक का शेष

### शुभांशु तीन अंतरिक्ष...

की प्रक्रिया को पूरा होने में अभी एक घंटे से अधिक का वक्त लगेगा। जिसमें हवा के रिसाव और दबाव की स्थिरता की पुष्टि होगी। इसके बाद क्रू अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करेगा।

**एक्सिओम मिशन में शुभांशु शुक्ल की अहम भूमिका:** शुभांशु शुक्ल इस मिशन में पायलट के तौर पर आईएसएस भेजे गए । यानी जिस ड्रैगन कैप्सूल के जरिए एक्सिओम-4 मिशन को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) रवाना किया जाएगा, शुभांशु उसको गाइड करने (नैविगेशन) में अहम भूमिका निभाएंगे। यहां स्पेसक्राफ्ट को आईएसएस पर डॉक कराने से लेकर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पहुंचाने तक की जिम्मेदारी शुभांशु के ही कंधों पर होगी। इसके अलावा अगर यह कैप्सूल किसी तरह की दिक्कत में आता है तो शुभांशु के पास ही यान का कंट्रोल और आपात फैसले लेने की जिम्मेदारी होगी। कुल मिलाकर शुभांशु इस मिशन में सेकंड-इन-कमांड की भूमिका में होंगे। पेगी व्हिट्सन के बाद वे एक्सिओम-4 का सबसे अहम केंद्र होंगे।

### आज से 'जय जगन्नाथ'...

इसी मंदिर में निवास करते हैं। इस दौरान भक्तगण उन्हें न केवल रथों को खींचकर सम्मान देते हैं, बल्कि सजीव भक्ति का दर्शन भी कराते हैं। रथ यात्रा से एक दिन पहले गुंडिचा मंदिर की विशेष सफाई और सजावट की जाती है। इसे 'गुंडिचा मार्जन' कहा जाता है। इसमें भगवान के भक्त पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हैं, जिससे मंदिर को भक्ति और पवित्रता का प्रतीक बनाया जाता है। विदेशी श्रद्धालु इसे 'पुरी कार फेस्टिवल' के नाम से भी जानते हैं।

**यह यात्रा देवशयनी एकादशी से पहले समाप्त हो जाती है :** भगवान जगन्नाथ की यह यात्रा देवशयनी एकादशी से पहले समाप्त हो जाती है, क्योंकि इसके बाद वे चातुर्मास के चार महीनों के लिए योगनिद्रा में लीन हो जाते हैं। यह समय आध्यात्मिक साधना, संयम और सेवा का माना जाता है।

**चौथे दिन होती है हेरा पंचमी :** रथ यात्रा के चौथे दिन एक और महत्वपूर्ण परंपरा 'हेरा पंचमी' का आयोजन होता है। इस दिन देवी लक्ष्मी अपने पति भगवान जगन्नाथ की खोज में गुंडिचा मंदिर जाती हैं। यह एक विशेष सांस्कृतिक और धार्मिक दृश्य होता है, जो भगवान और देवी के रिश्ते की गहराई को दर्शाता है। गुंडिचा मंदिर में आठ दिन व्यतीत करने के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा पुनः अपने मुख्य मंदिर लौटते हैं। इस वापसी को'बहुदा यात्रा' कहा जाता है। वापसी के मार्ग में भगवान एक विशेष स्थान पर ठहरते हैं, जिसे 'मौसी मां मंदिर' के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर देवी अर्धाशिनी को समर्पित है और इसका धार्मिक महत्व बहुत गहरा है।

**पुरी जाने के लिए 1215 ट्रेन संचालित :** भारतीय रेल जगन्नाथपुरी रथयात्रा के लिए व्यापक तैयारी की है, जो लाखों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। इस वर्ष जगन्नाथपुरी के लिए 850 नियमित और 365 विशेष ट्रेन सेवाओं सहित कुल 1,215 ट्रेन सेवाएं संचालित हैं। ये ट्रेनें ओडिशा के कई 'आकांक्षी' जिलों जैसे कालाहांडी, बलांगीर, नुआपाड़ा, कोरापुट, रायगढ़ा, गजपति और ढेंकानाल और आदिवासी क्षेत्रों को श्रीक्षेत्रपुरी से जोड़ती हैं। एआई-आधारित रियल टाइम डिमांड प्रिडिक्शन सिस्टम के जरिए ट्रेनों का बेहतर संचालन हो रहा है। पुरी में इस बार 10 प्लेटफार्म तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार हैं। पुरी के साथ-साथ अन्य रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर लगाए गए हैं।

### एससीओ के मंच से ...

करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीते बुधवार को चीन पहुंचे थे। जबकि चीन की तरफ से रक्षा मंत्री डोंग जून और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी एससीओ की बैठक में भाग लिया। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने 26 जून को यह जानकारी दी।

**सुरक्षित नहीं आतंकवाद के केंद्र :** पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, शांति और समृद्धि उन परिस्थितियों में संभव नहीं है। जहां आतंकवाद और सामूहिक विनाश के हथियार गैर-राज्य तत्वों व आतंकी संगठनों के हाथों में हैं। पहलगाम जैसे हमलों को रोकने के अपने अधिकार वाली भारत की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध अब भारत की नीति जीरो टॉलरेंस के साथ बदल गई है। ऑपरेशन सिंदूर के साथ हमने आतंकवाद के खिलाफ बचाव और भविष्य में सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं। भारत उन्हें निशाना बनाने में बिलकुल भी परहेज नहीं करेगा।

**अफगानिस्तान की शांति का किया समर्थन :** राजनाथ ने कहा कि भारत लगातार अपनी नीति के जरिए एक शांत, स्थिर और सुरक्षित अफगानिस्तान का समर्थक रहा है। वर्तमान के अनिश्चित भू-राजनीतिक परिदृश्य में संगठन की अहम भूमिका को लेकर कहा कि इसके सदस्य वैश्विक जीडीपी में 30 फीसदी योगदान देते है और समूह देशों में दुनिया की 40 फीसदी आबादी निवास करती है। उन्होंने सुरक्षित, संरक्षित और स्थिर क्षेत्र के निर्माण को सामूहिक हित बताया। चीन के बीआरआई का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा, मध्य एशिया के साथ संपर्क बढ़ाने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। लेकिन इन प्रयासों में एससीओ चार्टर के मूल सिद्धांतों को बनाए रखना आवश्यक है। जिसमें सदस्य देशों की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना शामिल है।

### दस्तावेज पढ़कर छोड़...

अपनी कलम यानी पेन दस्तावेज पर बिना हस्ताक्षर किए टेबल पर नीचे छोड़ देते हैं। जिससे उनकी इस प्रारूप को लेकर अनिच्छा समूह के सामने पूरी तरह से जाहिर हो जाती है।

### एससीओ के मंच पर...

ने मौत के घाट उतार दिया था। जिनमें 25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल था।

**राजनाथ ने पाक को जमकर धोया :** इन सबके बीच भारत के रक्षा मंत्री ने बैठक में दिए अपने संबोधन में पाकिस्तान को आतंकवाद के मामले पर खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि भारत की आतंकवाद और खासतौर पर सीमा पार आतंकवाद को लेकर नीति पूरी तरह से बदल गई है। अब आतंकवाद के केंद्रों पर भारत कार्रवाई करने में किसी तरह का कोई संकोच नहीं करेगा। उन्होंने चीन को भी नहीं बख्शा। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण पहलगाम आतंकी हमले के मामले और सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की सोच को समूह की बैठक के बाद जारी किए जाने वाले संयुक्त घोषणापत्र पर शामिल न किए जाने को लेकर राजनाथ सिंह ने संबंधित दस्तावेज पर हस्ताक्षर न करके दिया। साफ तौर पर पाकिस्तान के इशारे पर चीन ने यह सब कुछ किया था। लेकिन भारत ने दोनों को जमकर लताड़ लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

**रूस के रक्षा मंत्री से मिले राजनाथ सिंह :** उधर, रक्षा मंत्री ने अपनी एक्स पोस्ट में बताया कि उन्होंने एससीओ की बैठक से इतर समूह के कई देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ मुलाकात की। जिसमें रूस के रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव से मुलाकात के बाद भारत के रक्षा मंत्री ने प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही बताया कि हमने भारत और रूस के रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया।

### ऑपरेशन सिंधु के...

लोगों को भारत वापस लाया गया है। जिसमें से 11 ओसीआई कार्ड होल्डर, 9 नेपाल के और 4 श्रीलंका के नागरिक हैं। एक ईरानी महिला भी इन लोगों में शामिल है। जिनके पति भारत के नागरिक हैं, उनकी भी सुरक्षित वतन वापसी कराई गई है। ईरान के मशहद से लेकर आर्मेनिया के येरेवन और तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबाद से यह विशेष उड़ानें भारत पहुंची हैं।

**इजरायल से भारत पहुंचे 818 भारतीय :** उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत इजरायल से कुल 818 भारतीय नागरिक सुरक्षित स्वदेश पहुंचे हैं। इस कवायद में कुल चार उड़ानों का इस्तेमाल किया गया था। भारतीयों की देश वापसी के लिए इजरायल से पहले सभी लोगों को सड़क मार्ग से जॉर्डन और इजिप्ट पहुंचाया गया और फिर वहां से उन्हें भारत लाया गया। भारत की सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी के अभियान में मदद पहुंचाने के लिए ईरान, इजरायल की सरकारों को धन्यवाद दिया है। साथ ही जिन अन्य देशों से भारतीयों को लेकर विशेष विमान नई दिल्ली पहुंचे हैं। उनका भी भारत सरकार ने शुक्रिया अदा किया है।

### पांच साल से प्रयोग...

भारत का मानना है कि उसके नागरिकों के सभी वीजा आवेदनों पर योग्यता के आधार पर विचार किया जाना चाहिए। हम संबंधित विषय पर अमेरिकी पक्ष के साथ संपर्क में हैं। जिससे भारतीय नागरिकों के वैध हितों की रक्षा की जाए। उन्होंने सोशल मीडिया पहचानकर्ताओं के प्रावधान से जुड़े अमेरिका के दिशानिर्देशों को देखने की पुष्टि की।

**वीजा की मंजूरी से पहले जरूरी जानकारी :** दूतावास ने बयान के साथ दो डिजिटल पोस्टर भी साझा किए हैं। इनके कैप्शन में सार के साथ यह लिखा गया है कि अमेरिका का वीजा से जुड़ा हर फैसला राष्ट्रीय निर्णय है। पोस्टर के सार के मुताबिक, अमेरिका का वीजा चाहने वाले आवेदकों को अपने आवेदन फॉर्म के साथ सोशल मीडिया अभिज्ञापकों के बारे में जानकारी देनी पड़ेगी। हमें वीजा की जांच और उसकी मंजूरी देने के लिए सभी जरूरी जानकारी की आवश्यकता है।

**पूर्व में प्राइवेसी को सार्वजनिक करने को कहा :** गौरतलब है कि 23 जून को अमेरिकी दूतावास ने एफ, एम और जे अप्रवासी वीजा आवेदकों को अपने सोशल मीडिया खातों की सेटिंग बदलकर प्राइवेसी को बदलकर पब्लिक करने को कहा था। इसे वीजा प्राप्ति के लिए जरूरी जांच का अहम हिस्सा बताते हुए कहा गया था कि अमेरिका के कानून के मुताबिक यह आवश्यक है कि वीजा आवेदकों की पहचान और प्रवेश को लेकर योग्यता को परखा जाए। वहीं, दूतावास ने कहा कि 2019 से अमेरिका ने प्रवासियों, गैर प्रवासियों के वीजा आवेदन फॉर्म के साथ उनके सोशल मीडिया अभिज्ञापकों की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। यहां बता दें कि वीजा की एफ और एम श्रेणियां छात्र वीजा से जुड़ी हुई हैं। जबकि जे एक्सचेंज विजिटर वीजा से जुड़ी हुई है। इसी महीने 24 जून को दूतावास ने अपने एक बयान में कहा था कि अमेरिका प्रवासियों से जुड़े कानूनों को लेकर अमेरिका ने सख्ती बढ़ा दी है। इसका उल्लंघन करने वालों को कारावास, अमेरिका से बाहर किए जाने और भविष्य में वीजा देने की तमाम संभावनाओं से वंचित किए जाने का ऐलान किया था। इसके पूर्व में आए बयान में दूतावास ने कहा था कि अमेरिका का वीजा किसी का अधिकार नहीं बल्कि विशेषाधिकार है। यूएसए के कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### हमें सोयाबीन की ईल्ड...

शिवराज सिंह ने कहा कि बहुत उपयोगी चर्चा हुई है। ये कर्मकांड नहीं, बल्कि किसानों के कल्याण की ईमानदार कोशिश है। ब्राजील, यूएसए में 10-15 हजार हेक्टेयर के फार्म होते हैं, हमारे यहां अधिकांश किसानों के पास एक, दो, पांच एकड़ के खेत हैं, इसलिए यहां खेती कठिन है। खेती भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, किसान उसकी आत्मा है। मैं जबसे कृषि मंत्री बना हूं, तबसे मुझे खेती-किसानी के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि एक बात आई है अमानक स्तर की पेस्टिसाइड व खाद की, जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि अमानक स्तर के बीज व पेस्टिसाइड बनाने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। किसान पहचान कर लें, इसके लिए उपकरण भी तैयार करना होगा। शिवराज सिंह ने कहा कि हमें सोयाबीन की ईल्ड बढ़ाना है। जैसी योजना चल रही है, वो चले लेकिन किसान को लाभ देने के लिए हम योजना बदलेंगे। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा प्रोटीन सोयाबीन में है, तेल का कंटेंट सिर्फ 18 फीसद है, इसका हम उपयोग नहीं कर पाते हैं। सोयाबीन के अलग-अलग उत्पाद कैसे बनें, इस पर हम काम करेंगे, इससे मूल्य भी बढ़ेगा। शिवराज सिंह ने कहा कि 1 लाख 33 हजार करोड़ रुपये का तेल हम इम्पोर्ट कर रहे हैं और हमारे यहां सोयाबीन का एरिया कुछ लोग बदलने की सोच रहे हैं। हम नीति ऐसी बनाएंगे कि उत्पादन भी बढ़े और ठीक दाम भी मिलें, खरीदी के तरीके भी ऐसे होंगे, जिससे किसानों से ठीक से खरीद पाएं। उन्होंने कहा कि किसानों की सेवा भगवान की पूजा है। मोदी जी का विजन हमारे लिए वरदान है। आज जितने मुद्दे आए हैं, उन पर हम काम करेंगे। हम दुनिया की पद्धतियों का अध्ययन भी करेंगे। सोयाबीन किसानों का भला हो, उसमें हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम रोडमैप बनाएंगे और टारगेट सेट करके काम करेंगे। कृषि की दशा व किसानों की स्थिति सुधारने के लिए जल्द ही रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा। शिवराज सिंह ने कहा कि हमने तय किया है कि केवीके के वैज्ञानिक सप्ताह में 3 दिन किसानों के साथ होंगे, मैं हफ्ते में 2 दिन किसानों के बीच ही रहूंगा, उसके बिना आप चीजें नहीं समझ सकते। मैं भी खेत में, आप भी खेत में, वैज्ञानिक भी खेत में और अब इंडस्ट्री वाले भी खेत में आ जाएं। इस बार हम फसल पर नजर रखेंगे। बीमारियों पर हम नजर रखें। इसी साल हमारा सीड का प्लान बन जाना चाहिए। हमने सोयाबीन से शुरूआत की है, अगला लक्ष्य है कपास, इसके बाद गन्ना व दलहन। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान में कम समय व कम मेहनत से बीज उपचार के लिए विकसित अत्याधुनिक मशीन देखी, ट्रैक्टर से सोयाबीन की बुआई की, प्रक्षेत्र संसाधन परिसर का शिलान्यास किया व संस्थान के निदेशक डा. कुंवर हरेंद्र सिंह सहित वैज्ञानिकों से नवाचारों की जानकारी ली। महाराष्ट्र के कृषि मंत्री मानिकराव कोकाटे, म.प्र. के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, इंदौर के विधायक मौजूद थे।

### 'ईगल' ने मांगी महाराष्ट्र...

ऑफ लीडर्स एंड एक्सपर्ट्स) टीम ने भारत निर्वाचन आयोग को एक पत्र लिखकर महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में कथित अनियमितताओं के संबंध में जवाब दिया है। यह पत्र लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आयोग द्वारा 12 जून को लिखे गए पत्र के जवाब में है, जिसमें आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से संबंधित उनके आरोपों पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया था। कांग्रेस ने साफ कहा है कि वह आयोग से मुलाकात तभी करेगी, जब आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा की मतदाता सूचियों की डिजिटल, मशीन-पठनीय प्रतियां और मतदान दिवस की वीडियो फुटेज एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराएगा।

**राहुल गांधी के आरोप और आयोग का जवाब :** राहुल गांधी ने बार-बार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में धांधली का आरोप लगाया है। उन्होंने 7 जून को एक अखबार के लेख में दावा किया था कि मतदाता सूची में 41 लाख नए मतदाता जोड़े गए और मतदान के दिन शाम 5 बजे के बाद 76 लाख मतदाताओं की वृद्धि हुई, जो आयोग के अपने आंकड़ों पर आधारित है। गांधी ने इसे वोट चोरी करार देते हुए आयोग से पारदर्शिता की मांग की थी। चुनाव आयोग ने इन आरोपों को "निराधार" बताते हुए खारिज किया था और कहा था कि सभी चुनाव संसद द्वारा पारित कानूनों और नियमों के अनुसार आयोजित किए गए। आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को अपने जवाब में कहा था कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच 40 लाख 81 हजार 229 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि हुई, जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदाता पंजीकरण नियमों में बदलाव के कारण थी।

### ईगल टीम का...

आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा के मतदान दिवस की वीडियो फुटेज उपलब्ध कराए, क्योंकि मतदान के दिन शाम 5 बजे के बाद मतदान में असामान्य उछाल देखा गया था। पत्र में कहा गया, इन फुटेज को न देना जनता के मन में और संदेह पैदा करता है।

### कहा, बिहार के बहाने...

है। बिहार में पहले से ही भाजपा गठबंधन की सरकार है। वे वहां कुछ नहीं करेंगे। वे वास्तव में पश्चिम बंगाल और प्रवासी श्रमिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि हालांकि ये नए दिशा-निर्देश बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जारी किए गए हैं, लेकिन इन नए दिशा-निर्देशों का मुख्य लक्ष्य पश्चिम बंगाल है, जहां अगले साल महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव भी होने हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से उन नए दिशा-निर्देशों पर सवाल उठाया, जिनमें बिना नागरिकता के प्रमाण के मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने पर रोक, 2003 में जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं था, उनके लिए जन्म स्थान की जानकारी देना अनिवार्य, 1 जुलाई 1987 से पहले जन्म लेने वालों के लिए जन्म स्थान और तिथि के दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य और 1 जुलाई 1987 के बाद जन्म लेने वालों के लिए माता-पिता के संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यह आरोप लगाते हुए कि चुनाव आयोग "भाजपा की कठपुतली की तरह काम कर रहा है", बनर्जी ने पूछा कि क्या यह कदम एनआरसी को लागू करने का एक पिछले दरवाजे का प्रयास है। ममता ने कहा कि आयोग भाजपा के निर्देश पर काम कर रहा है।

अनोखे पक्षी / रजनी अरोड़ा

# तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स

बच्चो, तुमने आसमान में उड़ते हुए छोटे-बड़े कई तरह के पक्षी देखे होंगे। छोटे पक्षी तो फुर्र-फुर्र आसानी से इधर-उधर उड़ लेते हैं। लेकिन दुनिया में कई बड़े आकार के भी ऐसे पक्षी हैं, जो बहुत तेज गति से उड़ते हैं और लंबी दूरियां तय करते हैं। यहां हम तुम्हें कुछ बहुत ही तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स के बारे में बता रहे हैं।



### स्पर-विंग गूस

**इसे दुनिया** के सबसे बड़े हंस प्रजाति के पक्षी रूप में जाना जाता है। एडल्ट स्पर-विंग गूस, लगभग 75 सेंटीमीटर लंबा और 4.8 किग्रा वजन का होता है। 142 किमी या 88 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ने की क्षमता के कारण इसकी गिनती दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाले पक्षियों में होती है। यह मुख्यतः उप सहारा अफ्रीका के झीलों, नदियों के पास जमीन पर बनाए घोंसलों में रहते हैं। *



### पिनटेल डक

इस पक्षी के पूंछ के पंख सिरे पर पिन की तरह लंबे और पतले होते हैं, इसीलिए इसे 'प्वॉइंटी डक' भी कहा जाता है। पिनटेल डक के पंखों का फैलाव 23.28 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 105 किमी या 65 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के देशों में बड़ी तादाद में पाए जाते हैं। *

### ऐडर डक

बड़े आकार के समुद्री बत्तखों में ऐडर डक को भी शामिल करते हैं। ये डक 50 सेंटीमीटर से भी अधिक लंबे हो सकते हैं और 113 किमी या 70 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ऐडर डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, उत्तरी यूरोप और पूर्वी साइबेरिया के उत्तरी भाग में पाए जाते हैं। *





### स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट

171 किलोमीटर (105 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ान भरने वाले स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट, दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाली बर्ड्स में से एक है। काले रंग के स्विफ्ट बर्ड के गले पर सफेद रंग के बाल होते हैं, इसलिए इसे 'व्हाइट थ्रोटेड नीडल टेल' के नाम से भी जाना जाता है। ये पक्षी मध्य एशिया, साइबेरिया, पूर्वी और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं। जमीन पर उतरने के बजाय ये अपना अधिकांश जीवन उड़ते हुए और पहाड़ों पर बनाए अपने घोंसले में बिताते हैं। ये आसमान में उड़ने वाली छोटी बर्ड्स और कीड़े खाते हैं। *


### फ्रिगेट बर्ड

समुद्री जीवों में फ्रेगाटा परिवार की पांच प्रजातियों में से एक है फ्रिगेट बर्ड। ये पक्षी 153 किमी (95 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये आकार में काफी बड़े होते हैं, जिससे ये न तो पानी में आसानी से तैर पाते हैं और न ही जमीन पर चल पाते हैं। लेकिन ये बहुत तेजी से समुद्र में डाइव लगाकर मछलियों, जेली फिश, स्क्विड जैसे समुद्री जंतुओं का शिकार कर लेते हैं। नर फ्रिगेट पक्षी के गले में लाल थैली होती है, जिसे वह मादा फ्रिगेट को आकर्षित करने के लिए फुलाता है। फ्रिगेट बर्ड्स, ज्यादातर मध्य और उत्तरी अमेरिका के देशों में पाए जाते हैं। *



### रेड चेस्ट डाइविंग डक

अपनी दांतदार चोंच के कारण ये पक्षी 'मरगस सरेटर' नाम से भी जाने जाते हैं। ये 51.62 सेंटीमीटर तक



लंबे हो सकते हैं। इसके पंखों का फैलाव 70.86 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह डक 129 किमी या 80 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। रेड चेस्ट डक पानी के अंदर डाइव लगाकर काफी देर तक रह सकता है। ये पक्षी मछलियां, कीड़े और मेंढक आदि खाते हैं। यह डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, यूरोप और एशिया के देशों में मिलते हैं। *

### कैनवास बैक डक

यह उत्तरी अमेरिका के देशों में पाया जाने वाला सबसे बड़े आकार का डाइविंग डक है। यह लगभग 80 सेंटीमीटर तक लंबा हो सकता है और इसके पंखों का फैलाव 48.56 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 124 किमी या 77 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। इनकी खासियत है कि ये अपने साथियों के साथ झुंड में वी-शेप बनाकर आकाश में उड़ते हैं। ये जलीय वनस्पति खाते हैं। सर्दियों के दौरान यह मिसीसिपी नदी के आस-पास के गर्म इलाकों में माइग्रेट करते हैं। *



जानकारी / नयनतारा

# कब की जाती है मेडे कॉल

बच्चो, पिछले दिनों अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश की दुर्घटना के बाद न्यूज चैनल्स, न्यूज पेपर्स और सोशल मीडिया पर तुम बार-बार एक शब्द 'मेडे कॉल' के बारे में सुन या पढ़ रहे होगे। क्या तुम जानते हो यह कॉल क्या होती है और कब की जाती है?



बच्चो, बीते 12 जून 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में एयर इंडिया का एक एयरो प्लेन एआई 171 उड़ान भरने के कुछ पलों बाद ही क्रैश हो गया था। प्लेन क्रैश से कुछ समय पहले प्लेन के कैप्टन यानी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क करते हुए 'मेडे कॉल' जारी की थी। जानो 'मेडे कॉल' के बारे में।

**कहां से आया टर्म 'मेडे':** यह शब्द फ्रेंच भाषा के प्रचलित फ्रेज 'म'आइडर' से बना है, जिसका अर्थ होता है 'हेल्प मी' यानी मेरी मदद करो। चूंकि यह फ्रेंच फ्रेज सुनने में 'मेडे' जैसा प्रतीत होता है, इसलिए 'म'आइडर' की जगह 'मेडे' प्रचलित हो गया। अब तो हवाई उड़ान के दौरान आई इमरजेंसी से संबंधित 'मेडे' शब्द को दुनिया के लगभग सभी देशों के लोग समझते हैं। प्रायः हर देश और हर कंपनी की विमान सेवा में इमरजेंसी मैसेज के लिए 'मेडे कॉल' टर्म का ही यूज किया जाता है।



**ऐसे हुई मेडे कॉल की ऑफिसियल शुरुआत:** इस शब्द की शुरुआत 1923 में लंदन के क्रायडन एयरपोर्ट के वरिष्ठ रेडियो अधिकारी फ्रेडरिक मोकफोर्ड के आग्रह पर हुई और 1948 में इसे आधिकारिक (ऑफिसियल) बना दिया गया।


**क्यों कहते हैं इसे मेडे कॉल:** प्लेन की उड़ान के दौरान जब पायलट को लगता है कि एयरो प्लेन खतरे में है, तो वह 'मेडे, मेडे, मेडे...' पुकारता है। यह संकट में दिया गया रेडियो सिग्नल है। जैसे ही एयर ट्रैफिक नियंत्रण करने वाले 'मेडे कॉल' को सुनते हैं, वे जान जाते हैं कि एयरो प्लेन संकट में है और उसे मदद की जरूरत है।

**तब करते हैं मेडे कॉल:** मेडे कॉल एक आपात संदेश (इमरजेंसी मैसेज) होता है। इसे एयरो प्लेन का पायलट उस समय करता है, जब विमान किसी गंभीर संकट में हो और यात्रियों या क्रू मेंबर्स की जान को खतरा हो। विमान का इंजन फेल होना, खराब मौसम, नेविगेशन सिस्टम की विफलता, किसी यात्री की अचानक तबियत खराब हो जाना या पायलट द्वारा हवाई जहाज का नियंत्रण खो देना... इस तरह की आपात कालीन परिस्थितियों में मेडे कॉल किया जाता है। *

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

# जानवरों-पक्षियों पर कविताएं

बच्चो, तुम अपने आस-पास कई तरह के जानवरों और पक्षियों को देखते होगे। कुछ जानवर और पक्षी तुमने चिड़ियाघर यानी जू में देखे होंगे। लेकिन उनमें से कई जानवर और पक्षी ऐसे होंगे, जिनके बारे में तुम बिल्कुल नहीं या बहुत कम जानते हो। हाल में ही दो ऐसी नई किताबें छपकर आई हैं, जिनमें अनेक पालतू और जंगली पशु-पक्षियों के बारे में कविता के माध्यम से जानकारी दी गई है। 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे' शीर्षक वाली इन किताबों में प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल ने सरल और प्यारी कविताओं में देश-दुनिया में पाए जाने वाले कई पशु-पक्षियों के आकार, उनकी शारीरिक विशेषताओं, उनके स्वभाव, उनके निवास और उनसे जुड़ी कहावतों की जानकारियां दी हैं। मोर कविता में वह लिखते हैं, *'राष्ट्रीय पक्षी भारत का/कहा मोर ही जाता/सुंदर पंखों के कारण है/मन को बेहद भाता।'* तो गौरैया कविता में लिखते हैं, *'इधर-उधर जब चहका करती/लगती प्यारी-प्यारी/गौरैया अब संख्या में कम/चिंता बढ़ी हमारी।'* इसी तरह भालू कविता में वे लिखते हैं, *'बजा डुगडुगी खूब मदारी/इसको नाच नचाता/भालू खुश होकर बच्चों के/मन को है बहलाता।'* ऐसी ही बहुत सी कविताएं इन दोनों किताबों में संकलित हैं। इन कविताओं को पढ़ने में तुमको सच में बहुत मजा तो आएगा ही, ढेरों जानवरों, पक्षियों के बारे में काफी कुछ जानने को भी मिलेगा। *




**किताबें :** 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे'
**लेखक :** डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य :** 150 रुपए (प्रत्येक)
**प्रकाशक :** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

# जीतू को आई समझ

जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल मन नहीं लगता था। लेकिन खेलने में खूब मजा आता था। अक्सर अपने मम्मी-पापा से बिना बताए वह स्कूल बंक करके पार्क में बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगता। लेकिन एक दिन शूज पॉलिश करने वाले एक बूढ़े बाबा ने उससे कुछ ऐसा कहा कि जीतू ने मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प कर लिया।



कहानी
सरस्वती रमेश

जीतू के मम्मी-पापा मजदूरी करते हैं। सुबह-सुबह जीतू की मम्मी उसे तैयार कर स्कूल भेज देती हैं। उसके बाद पापा के साथ वह भी काम पर चली जाती हैं। जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल भी मन नहीं लगता। उसका स्कूल जाने का भी मन नहीं करता है। स्कूल के पास ही एक बड़ा-सा मैदान है। वहां ढेरों बच्चे खेलते रहते हैं। उनको देखकर जीतू का भी मन करता है कि वह भी स्कूल जाने के बजाय उन बच्चों के साथ खेले।

एक दिन जीतू स्कूल जा रहा था। मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी गेंद उसके सामने आ गिरी। खेल रहे बच्चे चिल्लाने लगे, 'गेंद फेंको.. गेंद फेंको।' जीतू ने गेंद उनकी तरफ फेंक दी फिर कुछ देर वहीं खड़े होकर उन बच्चों का खेल देखने लगा। थोड़ी देर बाद क्रिकेट खेल रहे बच्चों के पास जाकर जीतू बोला, 'मुझे भी अपने साथ में क्रिकेट खेलने दो।'

'ठीक है, वहां फील्डिंग पर लग जाओ।' बैटिंग कर रहे लड़के ने इशारा करते हुए जीतू से कहा। जीतू खुश हो गया। उसे खेलने में बड़ा मजा आ रहा था। खेलते-खेलते दोपहर हो गई। बच्चे अपने-अपने घर जाने लगे। जीतू भी बस्ता टांग कर अपने घर वापस लौट आया।

अगले दिन से जीतू स्कूल जाने के लिए घर से निकलता लेकिन स्कूल जाने के बजाय मैदान में बच्चों के साथ खेलने लगता। खेलने में उसे बड़ा मजा आता। अब न पढ़ाई का प्रेशर था, न होमवर्क करने की चिंता। रोज-रोज स्कूल बंक कर बच्चों के साथ खेलना उसकी आदत बन गई।

मैदान के बगल वाली सड़क पर एक बूढ़े बाबा जूते पॉलिश करते थे। आते-जाते जीतू उन्हें रोज देखता। एक दिन जीतू खेलने के बाद घर जा रहा था। उसने देखा कि बूढ़े बाबा किताब पढ़ रहे हैं। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। वह उनके पास जाकर बोला, 'बाबा, आप तो जूते पॉलिश करने का काम करते हैं। आज आप किताब क्यों पढ़ रहे हैं?'

'क्योंकि मैं जान गया हूं कि पढ़ाई-लिखाई जीवन में बहुत जरूरी है।' बाबा ने कहा। 'कैसे जान गए... ऐसा क्या हुआ?' जीतू ने हैरानी से पूछा।

'बेटा, मैं सिर्फ दूसरी कक्षा तक पढ़ा हूं। अक्षर पहचान लेता हूं। लेकिन अच्छी तरह पढ़ना नहीं जानता। मेरे पोते को कुछ दिनों से खांसी आ रही थी। दवा का नाम ना पढ़ पाने के कारण मैंने उसे खांसी की दवा पिलाने की बजाय घाव साफ करने वाली दवा पिला दी, जिससे मेरे पोते की तबियत और बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। असल में दोनों दवाओं का रंग एक जैसा था। मुझे समझ नहीं आया। अगर मैं पढ़ा-लिखा होता तो यह गलती कभी ना होती। दवा का नाम पढ़ लेता। अब मेरा पोता ठीक हो गया है। मैंने उसका दाखिला स्कूल में करा दिया है और अपने लिए भी किताबें खरीद लाया हूं। खाली समय में अब मैं भी किताबें पढ़ता हूं।' बूढ़े बाबा ने बताया।

'लेकिन मुझे तो पढ़ना बिल्कुल पसंद नहीं है। पढ़ाई के लिए तो बहुत मेहनत करनी पड़ती है, बहुत दिमाग खपाना पड़ता है। इसलिए मैं स्कूल जाने की बजाय यहां पार्क में खेलने चला आता हूं।' जीतू ने बताया।

जीतू की बात सुनकर बाबा ने उसे समझाते हुए कहा, 'बेटा, मेहनत और लगन से पढ़ाई-लिखाई करने वाले आगे चलकर अच्छे और सफल इंसान बनते हैं। देश के लोगों की सेवा करते हैं। सेना में भर्ती होते हैं, पुलिस बनते हैं, डॉक्टर या इंजीनियर बनते हैं। पढ़-लिखकर बहुत-से अच्छे काम किए जा सकते हैं, जो बिना पढ़े-लिखे संभव नहीं है। तुमको स्कूल जरूर जाना चाहिए।'

बाबा की बातें सुनकर जीतू सोच में पड़ गया। उसके मम्मी-पापा को भी पढ़ना नहीं आता। इसलिए उन्हें धूप में मजदूरी करनी पड़ती है। अगर स्कूल नहीं जाएगा, तो वह भी अनपढ़ रह जाएगा। जरूरत पड़ने पर दवाइयों के नाम भी नहीं पढ़ पाएगा। ऐसे तो बड़े होकर उसे भी मजदूरी जैसा कोई काम करना पड़ेगा। जीतू को अपने स्कूल बंक करने की आदत पर बहुत पछतावा होने लगा। 'बाबा, अब मैं रोज स्कूल जाऊंगा। मन लगाकर पढ़ाई करूंगा। बड़ा होकर डॉक्टर बनूंगा।' जीतू ने जोश के साथ बूढ़े बाबा से कहा।

'शाबाश! बहुत बढ़िया। खूब पढ़ो.. आगे बढ़ो।' बाबा ने जीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा। *

कविता
सिराज अहमद



## टुक टुक टुक

चला सैर को बंटी बंदर
बहुत दिनों था घर के अंदर
कैब फोन से कर ली बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
विंडो के फिर पास बैठकर
पैर चढ़ाकर एक पैर पर
बाहर करता लुक लुक लुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिखा रास्ते में एक हाथी
था उसका बचपन का साथी
हाल-चाल पूछा फिर रुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिनभर करके सैर सपाटा
खाते-पीते मौज उड़ाता
लौटा घर को पढ़ते बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक

## जीके क्विज-159

1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार विश्व की बेस्ट वन-डे महिला बैटर कौन बनी हैं?
2. हाल ही में किस देश ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल का क्या नाम है?
4. रातापानी टाइगर रिजर्व किस प्रदेश में स्थित है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
7. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
8. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. हर वर्ष निकाली जाने वाली रथ यात्रा का संबंध किस मंदिर से है?
10. हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका किस महासागर के बीच में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-159 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-158 का उत्तर :** 1.महेंद्र सिंह धोनी, 2.ऋषभदेव, 3.जम्मू-कश्मीर, 4.छत्तीसगढ़, 5.कार्बन डाइऑक्साइड, 6.केराटिन, 7. 1576 ई., 8. 1 जुलाई, 9.प्लैटिनम, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-158 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-रायगढ़, ममता-सीतापुर, लालिमा-गरियाबंद, राम-राजनांदगांव, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, मीनाक्षी-रायपुर, पंकज-भोपाल, अनुज-बेमेतरा, प्रियंका-बिलासपुर, कुश-महासमुंद

## रंग भरो-178

**रंग भरो-178** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





शौर्य, रोहतक



भव्या, बिलासपुर



तन्वी, रोहतक



वेदिका, बालोद



रेयांश, बिलासपुर



समृद्धि, शहडोल

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

रितेश-मटियारी, प्रिया-रायपुर, संतोष-भोपाल, अमन-रोहतक, रुचि-जबलपुर, निखिल-महासमुंद, अंचित-रायगढ़, कविता-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, लक्ष्य-कोरबा

## रंग भरो 179

बच्चो, यहां दो बिल्लियों का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## प्रदेश कैबिनेट के अहम फैसले : सरकारी कर्मियों और शहीदों के परिजनों को सौगात

# कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन तय महिला कर्मियों की छुट्टी बढ़ाई

**कर्मचारी के निधन के बाद दो साल तक परिजन सरकारी आवास में रह सकेंगे**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को कई अहम फैसले लिए गए। प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों, महिलाओं और शहीदों के परिजनों को कई सौगात दी। कर्मचारियों के लिए न्यूनतम पेंशन तय कर दी। पेंशन के लिए यूपीएस योजना शुरू की गई है। इससके तहत अब न्यूनतम 10,000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। किसी सरकारी कर्मचारी की मौत होने पर उनके परिजनों को 2 साल तक सरकारी मकान खाली नहीं करना पड़ेगा और परिवार को 2 साल के लिए आवास भत्ता मिलेगा। महिला कर्मचारियों के लिए आकस्मिक अवकाश 20 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) का नाम बदलकर राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो करने पर भी मुहर लगा दी। इभूमि खरीद नीति को मंजूरी दे दी गई। बैठक में 8 शहीदों के आश्रितों को अनुकंपा आधार पर नौकरी देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कैबिनेट ने एचसीएस अधिकारी अश्वनी कुमार को जबरन रिटायर करने का फैसला लिया है। इस अधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। इस संबंध में विभागीय कार्रवाई चल रही है। जल्द ही इसके ऑर्डर जारी कर दिए जाएंगे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्रकारों को बताया कि कैबिनेट मीटिंग में 33 एजेंडे रखे गए थे, जिसमें से 32 को स्वीकृति दी गई है।



### एकीकृत पेंशन योजना लागू

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत केंद्र द्वारा अधिसूचित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को लागू करने का ऐतिहासिक फैसला भी कैबिनेट में हुआ है। वैसे, यह योजना 1 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगी।

### भूमि खरीद नीति-2025 को मंजूरी

सीएम सैनी ने बताया कि भूमि खरीद पॉलिसी 2025 को मंजूरी दी गई है। विकास परियोजनाओं के लिए सरकारी विभागों, बोर्ड एवं निगमों तथा सरकारी कंपनियों को स्वेच्छा से दी जाने वाली भूमि खरीद नीति 2025 को मंजूरी मिली है। भूमि के एकत्रीकरण के लिए एग्रीगेटर्स को प्रोत्साहन देने और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उनके पंजीकरण से संबंधित प्रावधानों को इस नीति में शामिल किया गया है। भूमि मालिक अपनी भूमि की पेशकश करके और उसका अधिकतम मूल्य प्राप्त कर सकते हैं।

### पेंशन नियमों में संशोधन

हरियाणा सिविल सेवा पेंशन नियमों में संशोधन को मंजूरी दी है। ये नियम 19 जुलाई 2016 से प्रभावी माने जाएंगे। सेवानिवृत्ति के समय सरकारी कर्मचारी द्वारा क्मयूट की पेंशन की राशि को सेवानिवृत्ति की तिथि से 15 वर्ष पूर्ण होने पर पुनः बहाल कर दिया जाएगा।

### 1000 से 3000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि

प्रस्तावित भूमि तक 5 करम का पहुंच मार्ग (एप्रोच रोड) सुनिश्चित करने का प्रावधान किया है। एग्रीगेटर को सुविधा शुल्क कुल लेनदेन लागत का 1 प्रतिशत और दो किस्तों में दिया जाएगा। एग्रीगेटर को 70 प्रतिशत या उससे अधिक जमीन इकट्ठा करने पर 1000 रुपये से 3000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। भारत सरकार के विभाग एवं निकाय भी अपनी विकास परियोजनाओं के लिए इस नीति के तहत भूमि खरीद की प्रक्रिया अपना सकेंगे।

**सिविल सेवा नियम, 2016 में संशोधन:** हरियाणा सिविल सेवा नियम, 2016 में संशोधन को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। इसके तहत मृतक कर्मचारी के परिवार को 2 साल तक आवास सुविधा दी जाएगी।

**खनन और बागवानी विभाग में नए पद स्वीकृत :** शहरी स्थानीय निकाय विभाग, खनन एवं भू-विज्ञान विभाग और बागवानी विभागों की रिपोर्ट को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। रिपोर्ट में ,कुल पदों को हटाना, पदों के नाम बदलना, नए पद सृजित करना शामिल है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग में 31533 पद स्वीकृत हैं जो अब बढ़कर 36381 होंगे। रेशनलाइजेशन कमीशन ने खनन-भूविज्ञान विभाग में भी 216 नए पद सृजित करने का फैसला किया। बागवानी विभाग में 1100 नए पद सृजित होंगे।

## नर्मदा जल का प्रदेश हित में शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें

# नर्मदा घाटी परियोजनाओं के संचालन में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नर्मदा नदी राज्य की जीवनदायिनी है। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के तहत संचालित गतिविधियों से प्रदेश में सिंचाई के रकबे और ऊर्जा उत्पादन में बहुत वृद्धि हुई है, जिसके चलते प्रदेशवासियों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के अंतर्गत निर्मित सिंचाई व्यवस्था में सौर ऊर्जा के उपयोग को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 267वीं बैठक बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, मनीष रस्तोगी सहित प्राधिकरण के अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल उद्वहन में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने से बिजली पर होने वाले व्यय में कमी लाई जा सकेगी। किसानों को भी सिंचाई में सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। मां नर्मदा के जल का प्रदेश के हित में अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 267वीं बैठक**



### स्लीमनाबाद टनल के तकनीकी पहलुओं और सिंचाई परियोजनाओं पर हुई चर्चा

*बैठक में शहीद ईलाप सिंह माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला हरदा, सेंधवा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला बड़वानी, निवाली उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला बड़वानी, धार उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, मां रेवा उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला देवास की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में निर्णय लिए गए। बैठक में निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल के तकनीकी पहलुओं पर चर्चा हुई। इसके साथ ही डोबी सिंचाई परियोजना, भीकनगांव बिंजलवाड़ा माईक्रो सिंचाई परियोजना, आईएसपी-पार्वती लिंक परियोजना, खालवा उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना जिला खंडवा की समयवृद्धि प्रस्ताव पर भी बैठक में विचार-विमर्श हुआ।*

### मोरंड गंजाल बांध एवं दाबयुक्त सिंचाई परियोजना पर हुआ निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मोरंड गंजाल बांध एवं दाबयुक्त सिंचाई परियोजना के निर्माण में आईएसपी जलाशय और अपर नर्मदा परियोजना के कमांड में निर्माण कार्य आरंभ करने के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में विजयराघवगढ़ उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, गुनौर माईक्रो सिंचाई परियोजना, झिरन्या एक्सटेंशन (विस्तार) माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बड़ादेव चरगंवा सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना, खेड़ी बुजुर्ग उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना जिला धार की प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में विचार-विमर्श हुआ। बैठक में नर्मदा नदी के धार्मिक एवं सामाजिक और पर्यटन महत्व के स्थलों पर घाट निर्माण के संबंध में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

## मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार बहन-बेटियों की मदद के लिए सदैव तत्पर

# सीएम डॉ. यादव ने कतर से स्वदेश लौटीं मनीषा की कुशलक्षेम जानी

**वीडियो कॉल पर बातचीत में मनीषा ने माना डॉ. मोहन का आभार**

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इजरायल-ईरान युद्ध के चलते कतर से वापसी के लिए रह गई उज्जैन निवासी मनीषा भटनागर की सकुशल स्वदेश वापसी के बाद उनसे वीडियो कॉल पर चर्चा कर उनकी कुशलक्षेम पूछी।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार बहन-बेटियों को हर संभव मदद देने के लिए तत्पर है। श्रीमती भटनागर ने उज्जैन वापसी के लिए मुख्यमंत्री का आभार



माना। उन्होंने कहा कि कतर से भारत लौटने में प्रदेश सरकार का भरपूर सहयोग मिला। संकट के क्षणों में पूर्ण विश्वास था कि देश और प्रदेश की सरकार हमारी चिंता कर रही है और हम निश्चित ही सुरक्षित स्वदेश लौटेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्रीमती भटनागर से एयरलाइंस में उनके कामकाज की जानकारी भी ली। उल्लेखनीय है कि श्रीमती भटनागर कतर एयरवेज में सीनियर केबिन क्रू हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनकी सकुशल वापसी के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सहयोग के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने प्रदेश के संबंधित अधिकारियों को केंद्र सरकार के संपर्क में रहते हुए श्रीमती भटनागर की सकुशल स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद के लिए पात्र हुए आयुष डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अब आयुष डॉक्टर भी खाद्य सुरक्षा अधिकारी पद के लिए पात्र होंगे। केंद्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद के लिए अब बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड शल्य चिकित्सा विषय में स्नातक की डिग्री को मान्यता दी गई है, जिसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने केंद्र्र सरकार के अनुमोदन से स्वीकृत किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी में तीन पद की मान्यता आयुष विभाग को दे दी गई है। ज्ञात हो कि पूर्व में मप्र सरकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी में शैक्षणिक अहर्ताओं में त्रुटियों का नीमा द्वारा विरोध के कारण मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए वर्ष 2024 में जारी किए गए विज्ञापन क्रमांक 57/2024 दिनांक 31 दिसंबर 2024 को निरस्त कर दिया था। परंतु अब मप्र लोक सेवा आयोग ने केंद्र सरकार के निर्णय को मान्य कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी की भर्ती में आयुष विभाग को सम्मिलित कर लिया है। नीमा छात्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि आहार शुद्धौ सत्वशुद्धिः आहार से ही मन पवित्र रहता है। मप्र लोक सेवा आयोग ने नीमा द्वारा भेजे गए पत्र पर विचार कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी के लिए निकाली गई पोस्ट पर केंद्र सरकार के निर्णय का परिपालन कर आयुष विभाग को भी सम्मिलित कर लिया है। इस सराहनीय कार्य की हम प्रशंसा करते हैं। अब आयुष छात्र इन पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन कर सकतें है।




## टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की कार्यशाला

# आयकर की धारा 80 जेजेएए में 3 वर्ष तक मिलेगी 30 फीसदी की छूट

**चार्टर्ड अकाउंटेंट चावला ने दी नई टैक्स रिजाइम में उपलब्ध आयकर में बचत के तरीकों की जानकारी**

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

किसी इंडस्ट्री द्वारा जो की प्रोविडेंट फंड में पंजीकृत है नए कर्मचारियों को रखने पर आयकर की धारा 80 जेजेएए के अंतर्गत उन्हें दिए गए वेतन पर 30 फीसदी की छूट मिलेगी, जो कि 3 साल तक ली जा सकती है, इसमें कुछ शर्ते हैं जिनका पालन करना आवश्यक है।

यह जानकारी युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट कार्तिक चावला ने टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यशाला में आयकर की नई टैक्स रिजाइम में भी उपलब्ध आयकर में बचत के तरीकों के बारे में उपस्थित सलाहकारों को दी। उन्होंने बताया कि किसी इंडस्ट्री द्वारा जो की प्रोविडेंट फंड में पंजीकृत है नए कर्मचारियों को रखने पर आयकर की धारा 80 जेजेएए के अंतर्गत उन्हें दिए गए वेतन पर 30 फीसदी की छूट मिलेगी जो की 3 साल तक ली जा सकती है, इसमें कुछ शर्ते हैं जिनका पालन करना आवश्यक है।

### आयकर से 100 फीसदी छूट मिलेगी, परंतु टर्नओवर 100 करोड़ से कम हो

उन्होंने बताया कि आयकर की धारा 80 आईएसी में नए स्टार्टअप को 3 साल तक आयकर से 100 फीसदी छूट मिलेगी, परंतु उसका टर्नओवर 100 करोड़ से कम होना चाहिए एवं वह एलएलपी या कंपनी कानून के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी निर्माता द्वारा वर्ष के दौरान खरीदी गई नई मशीनरी पर 20 फीसदी तक अतिरिक्त डेप्रेसियेशन का लाभ उठाया जा सकता है।

### नई आयकर रिजीम में भी दिलाया जा सकता है क्लाइंट को फायदा

*सलाहकारों द्वारा इस प्रकार नई आयकर रिजीम में भी अपने क्लाइंट को फायदा दिलवाया जा सकता है। किसी व्यक्ति द्वारा शादी के समय रिश्तेदारों व दोस्तों से प्राप्त गिफ्ट किसी भी सीमा तक कर मुक्त है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष मृदुल आर्य ने की। इस मौके पर सचिव मनोज पारख, सहसचिव संदीप चौहान, वरिष्ठ सदस्य संजय श्रीवास्तव, गोविंद वसंता ,हेमंत जैन आदि उपस्थित थे।*

### रथ परिक्रमा मार्ग पर अब बिजली नहीं बनेगी बाधा

**जगदलपुर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के दौरान रथ परिक्रमा मार्ग पर अब बिजली बाधित नहीं होगी। बस्तरवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की है। यह मांग भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उठाई थी। किरण देव ने बताया कि बस्तर दशहरा के दौरान रथ परिक्रमा मार्ग, जिसमें दंतेश्वरी मंदिर से सिरहासार चौक, गोल बाजार चौक, टेकरी वाले हनुमान मंदिर मार्ग, बाहर रैनी, भीतर रैनी, स्टेट बैंक चौक से सिटी कोतवाली, लालबाग और कुम्हड़ाकोट क्षेत्र शामिल हैं, वहां बिजली बाधित होने से स्थानीय लोगों, पर्यटकों और व्यापारियों को काफी परेशानी होती थी। भूमिगत विद्युत तार बिछाने से यह समस्या खत्म होगी और रथ परिक्रमा का आनंद बिना किसी व्यवधान के लिया जा सकेगा। किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि उनकी संवेदनशीलता और बस्तर के विकास के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह मांग पूरी हुई है। उन्होंने बताया कि भूमिगत विद्युत तार बिछाने का कार्य जल्द शुरू होगा, जिससे बस्तरवासियों को रथ परिक्रमा के दौरान अंधेरे की समस्या से निजात मिलेगी। यह निर्णय बस्तर दशहरा के उत्सव को और भी भव्य और सुगम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार का उपक्रम) निविदा संख्या: टी25आर220464 के तहत टर्नकी आधार पर बुडेला, दिल्ली में पूर्ण सिविल कार्य और स्वचालन सहित 220/66 केवी जीआईएस सब-स्टेशन के डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए ऑनलाइन दो भाग घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली (डीसीबी) निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा के पूर्ण विवरण के लिए कृपया वेबसाइट पर पधारें :
https://govtprocurement.delhi.gov.in
(निविदा आईडी संख्या : **2025_DTL_274404_1**)
और www.dtl.gov.in
(निविदा संदर्भ संख्या - DTL-9651-250625

बोली जमा करने की अंतिम तिथि :- 25.07.2025 अप. 01:30 बजे

इस ई-निविदा के सभी शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, संशोधन, समय विस्तार, स्पष्टीकरण आदि केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही डाले जाएंगे। बोलीदाताओं को स्वयं को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना चाहिए।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **माहरूख खान उर्फ नज्जी उर्फ टुकटुक पुत्र हारूण खान पताः खसरा नं.467, एफ/एफ, कुम्हार बस्ती घरोली निकट सरदार पटेल स्कूल दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 390/18 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः मधु विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **माहरूख खान उर्फ नज्जी उर्फ टुकटुक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **माहरूख खान उर्फ नज्जी उर्फ टुकटुक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 390/18 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत थाना मधु विहार, दिल्ली के उक्त माहरूख खान उर्फ नज्जी उर्फ टुकटुक** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**उदभव कुमार जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04**
**कमरा नं.13, द्वितीय तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/8248/ED/2025

## स्थिति नियंत्रित करने का चल रहा प्रयास, ओपीडी में घटी मरीजों की

# 50 से अधिक लोगों के बीमार होने का कारण दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले के ग्राम तरौद में दूषित पानी के कारण डायरिया का प्रकोप फैल गया है। 20 जून के बाद से अब तक 50 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पाइपलाइन में लीकेज के कारण दूषित पानी की आपूर्ति हुई, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई।

हालांकि तीन मौतों को स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया से संबंधित न बताकर अन्य बीमारियों का कारण बताया है। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित किया है और गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं और अब ओपीडी में मरीजों की संख्या कम हो



### 24 घंटे उपलब्ध रहेगी डॉक्टरों की सुविधा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. महेश सूर्यवंशी ने बताया कि पाइपलाइन में लीकेज के कारण दूषित पानी की आपूर्ति से संक्रमण फैला। इसे नियंत्रित करने के लिए गांव के उप-स्वास्थ्य केंद्र पर 24 घंटे डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। पिछले दो दिनों से कोई नया मरीज सामने नहीं आया है और अस्पताल में भर्ती अधिकतर मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। वर्तमान में केवल तीन मरीजों का इलाज जारी है।

### ज्यादातर मरीजों को दे दी गई छुट्टी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. महेश सूर्यवंशी ने बताया कि पाइपलाइन में लीकेज के कारण दूषित पानी की आपूर्ति से संक्रमण फैला। इसे नियंत्रित करने के लिए गांव के उप-स्वास्थ्य केंद्र पर 24 घंटे डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। पिछले दो दिनों से कोई नया मरीज सामने नहीं आया है, और अस्पताल में भर्ती अधिकतर मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। वर्तमान में केवल तीन मरीजों का इलाज जारी है।

### अलग-अलग बीमारियां थीं मौतों का

*डॉ. सूर्यवंशी ने स्पष्ट किया कि तीनों मौतें डायरिया से संबंधित नहीं थी। पहली मौत हार्ट अटैक, दूसरी 5-6 महीने के शिशु की निमोनिया और तीसरी 75 वर्षीय वृद्धा की लंबी बीमारी के कारण हुई। स्वास्थ्य विभाग ने दूषित पानी को डायरिया का मुख्य कारण बताया है। पेयजल समस्या को दूर करने के लिए स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहयोग से पाइपलाइन की मरम्मत की जा रही है और टैंकरों के माध्यम से गांव में स्वच्छ पानी की आपूर्ति शुरू की गई है। बालोद जिले के ग्राम तरौद में दूषित पानी के कारण डायरिया का प्रकोप फैल गया है। 20 जून के बाद से अब तक 50 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पाइपलाइन में लीकेज के कारण दूषित पानी की आपूर्ति हुई, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई। हालांकि तीन मौतों को स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया से संबंधित न बताकर अन्य बीमारियों का कारण बताया है। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित किया है और गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं और अब ओपीडी में मरीजों की संख्या कम हो रही है।*

### हास्य की दुनिया के जाने-माने कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे का हार्टअटैक के बाद निधन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रख्यात हास्य कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे का नहीं रहे। 72 वर्ष की उम्र में उन्होंने सोमवार को अंतिम सांस ली। बताया जाता है कि हार्ट अटैक आने के बाद उन्हें रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

## सार्वजनिक सूचना

**ICICI Bank** **पंजीकृत कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, बड़ोदरा–390007
**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण ई–नीलामी–सह–आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (''आईसीआईसीआई बैंक'') से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा (''सुविधा'') के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 07 जुलाई 2025 को एक ई–नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई–नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : असंध | |
| 215862003270 | ओमबीर सिंह |
| 215862003494 | मनप्रीत कौर |
| 215862003595 | मनप्रीत कौर |
| शाखा का नाम : बावल | |
| 214162000245 | नरेन्द्र कुमार |
| शाखा का नाम : बेरी | |
| 403757000042 | अखिल |
| शाखा का नाम : भुना | |
| 383262002204 | दलीप सिंह |
| 383262002163 | राममेहर राममेहर |
| 383262002181 | बजरंग लाल |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सैनिक कॉलोनी | |
| 235862001064 | दीपक कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सैक्टर–14 | |
| 489062000049 | चेतन बाली |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सैक्टर–79 | |
| 732362000682 | कंचन |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – बल्लभगढ़ | |
| 140162002622 | हुसैन रजा |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद–सैक्टर–7 | |
| 107962002687 | नागेन्द्र सिंह |
| शाखा का नाम : गोहाना | |
| 062762003178 | सीमा* |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – आईएमटी मानेसर | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 035862003065 | संत कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – मिलेनियम प्लाजा | |
| 739362000351 | रमन रूस्तगी |
| 739362000359 | रमन रूस्तगी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सुशांत लोक–I | |
| 739262000641 | आयुषी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर | |
| 085862002640 | अभिषेक कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – रत्नगार्डन | |
| 106962003031 | दीपिका टंडन |
| 106962002453 | दीपक कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सैक्टर–15 | |
| 103162005052 | दिवाकर लाखोटिया |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सैक्टर–14 | |
| 002162026103 | प्रतीक गोयल |
| शाखा का नाम : गुड़गांव–सनसिटी | |
| 039962009636 | कनिका आहूजा |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम – सैक्टर–15 पार्ट–II | |
| 114862001956 | गौरव कुमार |
| 114862001943 | विनोद कुमार चौरसिया |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम – सैक्टर–5 | |
| 776362000089 | सोमपाल |
| शाखा का नाम : हांसी | |
| 184462004537 | महेन्द्र महेन्द्र |
| शाखा का नाम : इसराना | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 211762001594 | सुचिन* |
| शाखा का नाम : जीन्द | |
| 050362004432 | पवन |
| 050362004012 | अमित |
| शाखा का नाम : लाडवा, हरियाणा | |
| 359162003024 | सीमा |
| 359162001998 | सुखबीर सुखबीर |
| 359162002442 | सुखबीर सिंह |
| शाखा का नाम : पंचकुला – सैक्टर–10 | |
| 556157000002 | अमित जिन्दल |
| शाखा का नाम : पंचकुला – सैक्टर–16 | |
| 184562000838 | राम कुमार |
| शाखा का नाम : पानीपत – मॉडल टाउन | |
| 661962602206 | रजत रजत |
| 661957015167 | कुलदीप कुलदीप |
| शाखा का नाम : रादौर | |
| 397662000993 | प्रिंस कुमार |
| शाखा का नाम : रेवाड़ी | |
| 662062600836 | चन्द्र हास |
| शाखा का नाम : रोहतक – हिसार रोड | |
| 662162601170 | मनीष मनीष |
| शाखा का नाम : सफीदों | |
| 282762002545 | संजय कुमार |
| शाखा का नाम : सांपला | |
| 073257000111 | राजेश राजेश |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073162001700 | धर्म बीर |
| 073162004717 | गुरविन्दर कौर |

दिनांक : 27.06.2025
स्थान : गुरुग्राम, हिसार, जीन्द, करनाल, रोहतक, सोनीपत, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, यमुनानगर, रेवाड़ी, पानीपत, फतेहाबाद, झज्जर, करनाल

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## चिंतन

# एससीओ मंच से आतंकवाद पर चीन-पाक को कड़ा संदेश

आतंकवाद पर कड़ा संदेश देना जरूरी है। चीन का दोगलापन नहीं चलेगा। एक तरफ चीन वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की बात करता है, दूसरी तरफ चीनी प्रभुत्व वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त बयान में पाकिस्तान को खुश करने के लिए पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना का जिक्र तक नहीं किया जाता है, बल्कि बलूचिस्तान में चल रहे बलूच लिब्रेशन आर्मी के विद्रोह में इशारे में भारत के हाथ का उल्लेख किया जाता है। चूंकि एससीओ सम्मेलन चीन में हो रहा है, ऐसे में संयुक्त बयान में सभी सदस्य देशों के हितों को तवज्जो दिलाना चीन का ही दायित्व है। पहलगाम की ताजा आतंकी घटना का एससीओ के बयान में शामिल नहीं करना चीन के आतंकवाद के प्रति दोहरे रवैये को इंगित करता है। भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर चीन और पाकिस्तान को दो टूक संदेश दिया है कि आतंकवाद को लेकर सिलेक्टिव रुख नहीं चलेगा। इसका नतीजा हुआ कि एससीओ का संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका। भारत ने साफ कहा, कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को आश्रय देते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए। शांति और समृद्धि आतंक के साथ नहीं रह सकते। एससीओ सदस्यों से आतंकवाद के खतरे के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने की जरूरत है। यूं तो एससीओ बैठक में क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और सदस्य देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, लेकिन आतंकवाद को लेकर भारत के कड़े रुख व पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट के हाथ की बात जगजाहिर होने के बावजूद एससीओ के संयुक्त बयान में आतंकी घटना की निंदा न होना व पाकिस्तान को लेकर कुछ भी नहीं कहा जाना, एससीओ के लक्ष्य की सार्थकता को ही निरर्थक बना रहा है। एससीओ के ध्येय में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट लड़ाई की बात है। चीन के चलते कभी भी एससीओ में भारत के हितों की रक्षा नहीं होगी, इसलिए भारत का इसमें बना रहना व्यर्थ है, समय व ऊर्जा गंवाने जैसा है। चीन कभी दिल से भारत का हित चाहेगा भी नहीं, इसलिए उसकी छतरी वाले इस संगठन में भारत के रहने का कोई औचित्य ही नहीं है। 2001 में स्थापित, एससीओ में वर्तमान में 10 सदस्य देश हैं- बेलारूस, चीन, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान। चीन की गुप्त कोशिश एससीओ में बांग्लादेश को भी शामिल कराने की है, हालांकि अभी तक इस बाबत कुछ कहा नहीं गया है, पर एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की शिखर बैठक से कुछ दिन पहले 19 जून को चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की चीनी शहर कुनमिंग, युन्नान में पहली बार त्रिपक्षीय बैठक हुई। बांग्लादेश में पिछले साल हुए सत्ता परिवर्तन और पाक-बांग्लादेश के बीच बढ़ती नजदीकी के बाद भारत के खिलाफ चीन, पाक व बांग्लादेश का त्रिकोण बन रहा है। वर्ष 2024 में दिसंबर में मोहम्मद यूनुस और शहबाज शरीफ की मुलाकात के बाद सैन्य और आर्थिक सहयोग शुरू हुआ है। भारत को जहां आतंकवाद के खिलाफ कठोर रुख बनाए रखना है, वहीं इस नए त्रिकोण से निपटने के लिए भी सामरिक व कूटनीतिक तैयारी करनी है।

# एटमी अस्त्रों के बहाने युद्ध के मायने



युद्ध विराम
प्रमोद भार्गव

**इजरायल ने ट्रंप की शह पर ईरान पर मिसाइलों से हमले इसलिए किए, जिससे उसकी परमाणु क्षमता को नष्ट कर अपने देश की रक्षा कर ली जाए। इसी दौरान अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए और दावा किया कि इन परमाणु संयंत्रों को इतना नुकसान हो गया है कि अब कई साल तक ईरान परमाणु बम नहीं बना पाएगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता नष्ट हो गई है। वहीं पलटवार करते हुए ईरान ने कहा है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। ट्रंप ने भी कह दिया कि ईरान बम बनाने से बहुत दूर हो गया है। तब इस युद्ध का परिणाम क्या निकला ?**

ईरान-इजरायल के बीच 12 दिन युद्ध चला, बीच में अमेरिका द्वारा ईरान के एक साथ तीन परमाणु ठिकानों पर हमला और जवाबी कार्यवाही में ईरान का कतर में स्थित अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर अल-उदैद हमले का आखिरी परिणाम क्या निकला? कहना मुश्किल है। यह युद्ध और इसमें नटखट बच्चे की तरह हरकतें देखने में आई हैं। ये हरकतें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रही हैं। इजरायल ने ट्रंप की शह पर ईरान पर मिसाइलों से हमले इसलिए किए, जिससे उसकी परमाणु क्षमता को नष्ट कर अपने देश की रक्षा कर ली जाए। इसी दौरान आ बैल मुझे मार कहावत को चरितार्थ करते हुए अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए और दावा किया कि इन परमाणु संयंत्रों को इतना नुकसान हो गया है कि अब कई साल तक ईरान परमाणु बम नहीं बना पाएगा।

ये बम बनाना तब और मुश्किल हो गया है, जब इजरायल ने ईरान पर किए पहले ही हमले में वहां के अनेक परमाणु वैज्ञानिकों को मार दिया था। युद्ध के ग्यारहवें दिन ट्रंप ने दावा किया कि दोनों देश युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। परंतु इस घोषणा के बाद दोनों ही देशों ने एक-दूसरे पर हमले किए। यही नहीं, ईरान ने भी अमेरिका के अरब देशों में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों के संदर्भ में ट्रंप ने कहा कि उसे कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। इसलिए अमेरिका ने ईरान पर कोई जवाबी हमला नहीं किया और ट्रंप ने दावा कर दिया कि उनकी मध्यस्थता से युद्ध विराम लागू हो गया है। कतर ने भी इस युद्ध विराम में मध्यस्थता की भूमिका अदा की, लेकिन इस युद्ध की जरूरत क्या थी, यह सवाल जस का तस बना हुआ है।

दरअसल इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता नष्ट हो गई है। वहीं पलटवार करते हुए ईरान ने कहा है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। ट्रंप ने भी कह दिया कि ईरान बम बनाने से बहुत दूर हो गया है। तब इस युद्ध का परिणाम क्या निकला ? परमाणु हथियारों के जानकार कह रहे हैं कि ईरान के पास 20 परमाणु हथियार बनाने की क्षमता थी, जो अब घटकर 6 बम बनाने की रह गई है। जबकि ट्रंप का घोषित लथ्य था कि ईरान यूरेनियम क्षमता बढ़ाने के लिए जिस तेजी से संवर्धन कर रहा है, वह तय सीमा से बाहर की बात होती जा रही है। लेकिन ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता कम भले ही हो गई हो, पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। यह तथ्य तीनों देशों के आए बयानों से सत्यापित होता है। अतएव ईरान पर किया गया बेवजह हमला, कुछ वैसा ही रहा जैसा 2003 में अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने ईराक पर यह कहते हुए किया था कि ईराक के पास बड़ी मात्रा में जैविक हथियार हैं। जबकि युद्ध के दौरान और युद्ध के बाद अमेरिका जैविक हथियार होने का कोई प्रमाण दुनिया को नहीं दे पाया। हां, सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतारने के बाद तेल के कुओं पर जरूर कब्जा कर लिया। बावजूद यह आशंका बनी हुई है कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर जो बम गिराए हैं, उनसे यदि रिसाव होता है तो एक बड़े भू-क्षेत्र में परमाणु विकिरण का संकट पैदा हो सकता है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु संवर्धन प्रतिष्ठान फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर अत्याधुनिक बी-2 घातक बमों से हमला किया था। इन बमों को सटीक निशाने पर दागने



के लिए अमेरिकी पनडुब्बियों ने पहले दो मिसाइलों से बम गिराए, जिससे बंकर बस्टर बमों के लिए मैदान साफ किया गया। इसके बाद आसमान से एक के बाद एक 14 जीबीयू-57 बी बंकर बस्टर दाग दिया। इस पूरे अभियान को नतीजे तक पहुंचाने के लिए अमेरिका ने 15 युद्धक विमानों का इस्तेमाल किया। उपग्रह द्वारा निर्देशित 2400 किलो परमाणु विस्फोटक साथ ले जाने वाला यह बम जमीन में घूमता हुआ 60 मीटर गहराई तक जाने के बाद विस्फोट करके अपने लक्ष्य साधने में सफल हुआ। अमेरिका ने तीनों ठिकानों पर 14000 किलो विस्फोटक वाले बम गिराए थे, अतएव भविष्य में विकिरण का खतरा पैदा हो सकता है? अमेरिका ने जिन तीन परमाणु स्थलों पर हमला किया है, वह सभी ईरान के प्रमुख यूरेनियम संवर्धन ठिकाने हैं।

अमेरिका का यह हमला दुनिया के अंतरराष्ट्रीय कानून और अपने ही देश के कानूनों की परवाह नहीं करता है। इसीलिए अमेरिका के भीतर इस परमाणु हमले को लेकर अमेरिकी जनमत विभाजित दिखाई दे रहा है। दरअसल, किसी देश पर हमला करने के लिए ट्रंप को अमेरिकी संसद में हमले का प्रस्ताव लाकर अनुमोदन की जरूरत थी, परंतु उन्होंने इस प्रक्रिया पर अमल नहीं किया। जबकि अमेरिका की ही बात करें तो अप्रैल 2003 में इराक पर हमले के समय बुश ने संसद से मंजूरी ली थी। इसलिए ट्रंप के समर्थकों के साथ विपक्ष भी नाराज है। नाटो देश भी इस युद्ध पर सहमत दिखाई नहीं दिए। रूस और चीन खुले रूप में ईरान के पक्ष में खड़े दिखाई दिए। चूंकि भारत के ईरान और इजरायल दोनों से ही मधुर, कूटनीतिक संबंध हैं, इसलिए तटस्थ रहते हुए शांति की पहल करता रहा। अंतरराष्ट्रीय कानून परमाणु बम के उपयोग को मानवता के विरुद्ध अमानुषिक कृत्य मानते हैं। इनके उपयोग के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के कठोर आर्थिक व राजनीतिक प्रतिबंधों का सामना भी करना पड़ता है। लेकिन जितनी भी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं हैं, वे सब अमेरिका या अन्य पश्चिमी देशों के दबाव में रहती हैं। यही देश इन संस्थानों को चलाने के लिए धन मुहैया कराते हैं और इन्हीं देशों के लोग इन संस्थानों के सदस्य होते हैं, इसलिए यहां पक्षपात साफ दिखाई देता है। अब ईरान में परमाणु विकिरण फैल भी जाए, तब भी अमेरिका के विरुद्ध कोई प्रतिबंध लगाना असंभव है।

ईरान ने अमेरिकी सहयोग से 1957 में परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद अमेरिका ने ईरान को सहयोग करना बंद कर दिया। बावजूद पश्चिमी देश ईरान पर परमाणु बम बना लेने का आरोप लगाते रहे। परमाणु अप्रसार संधि में शामिल होने के बाद भी ईरान पर शंकाएं की जाती रहीं। इजरायल ने जासूसी करके कुछ ऐसे सबूत जुटाए जिनसे यूरेनियम संवर्धन की आशंका मजबूत हुई। ईरान ने पहले संवर्धन रोक दिया था, लेकिन इजरायल की बढ़ती सामरिक क्षमता के चलते उसने गुपचुप परमाणु कार्यक्रम षुरू कर दिया था। इस कारण ईरान पर पश्चिमी देशों ने यह कहते हुए अनेक आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे कि ईरान परमाणु बम बनाने के निकट पहुंच गया है। बाद में कई साल चली वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने प्रतिबंध हटा लिए थे। इस समझौतें में ईरान को असैन्य यूरेनियम संवर्धन को 3.67 प्रतिशत तक रखना मान्य कर लिया था। लेकिन 2018 में जब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने तो उन्होंने समझौते से हाथ खींच लिए और ईरान पर कई प्रतिबंध लगा दिए। मई 2025 में आईएईए ने दावा किया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम की मात्रा 408 किलो है। इससे कई परमाणु बम बनाए जा सकते हैं। इसे ही नष्ट करने के लिए युद्ध और युद्ध विराम का यह खेल खेला गया, लेकिन अब ईरान ने कह दिया है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। तब फिर इस युद्ध के परिणाम क्या निकले।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## शुभ उड़ान
प्रो. आर.के. जैन




# अंतरिक्ष से भारत की हुंकार

जब एक भारतीय ने सितारों को छू लिया, तो वह पल केवल अंतरिक्ष की यात्रा नहीं था, वह 140 करोड़ दिलों की धड़कनों का उत्सव था, भारत की आत्मा का उद्घोष था, हमारी सांस्कृतिक विरासत का ब्रह्मांड में लहराता तिरंगा था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जब ड्रैगन कैप्सूल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर कदम बढ़ाया, तो वह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की उड़ान नहीं थी, वह भारत के सपनों, संकल्प और वैज्ञानिक शक्ति की अनंत यात्रा थी। यह वह क्षण था जब भारत ने न केवल धरती की सीमाएं लांघीं, बल्कि सितारों के पार अपनी पहचान को अमर कर दिया। 25 जून 2025 को, भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे, फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट आकाश को चीरता हुआ अंतरिक्ष की ओर बढ़ा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार थे भारतीय वायुसेना के शुभांशु शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के पायलट की भूमिका में थे। उनके साथ थे कमांडर पैगी व्हिटसन (पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री, अमेरिका), मिशन विशेषज्ञ स्लावोश उज्नांस्की-विस्निव्स्की (पोलैंड), और तिबोर कपु (हंगरी)। यह मिशन नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स की साझेदारी का प्रतीक है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का समर्थन प्राप्त है। लॉन्च के महज 10 मिनट बाद, शुभांशु और उनकी टीम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे। यह 14-दिवसीय मिशन 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों का मंच है, जिनमें सात इसरो द्वारा डिजाइन किए गए हैं। ये प्रयोग भारत की वैज्ञानिक प्रगति को विश्व मंच पर चमकाने का अवसर हैं, जो न केवल तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि भारत के भविष्य के अंतरिक्ष सपनों का आधार भी है। शुभांशु की यह यात्रा 1984 में राकेश शर्मा की ऐतिहासिक सोवियत सैल्यूट-7 मिशन के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में शानदार वापसी है। 41 साल बाद, शुभांशु आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने जा रहे हैं, जो भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम स्याही से लिखा जाएगा। यह केवल एक व्यक्ति की उड़ान नहीं, बल्कि भारत की उस जिजीविषा का प्रतीक है, जो सीमाओं को तोड़कर अनंत की ओर बढ़ रही है। इस मिशन की आत्मा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत है। शुभांशु ने अपने साथ एक सॉफ्ट टॉय हंस लिया, जिसे भारतीय शास्त्रों में ज्ञान और विवेक का प्रतीक माना जाता है। यह हंस अंतरिक्ष की अनंतता में तैर रहा है, जैसे भारत की सांस्कृतिक विरासत सितारों के बीच अपनी चमक बिखेर रही हो। लॉन्च के दौरान, उनके कंधे पर लहराता तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं था, वह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, गर्व और एकता का प्रतीक था। यह तिरंगा गर्व से कह रहा था कि यह उड़ान केवल शुभांशु की नहीं, बल्कि हर उस भारतीय की है, जो खेतों से लेकर प्रयोगशालाओं तक, सपनों को हकीकत में बदल रहा है। शुभांशु ने भारतीय खान-पान को भी अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आम का रस, गाजर का हलवा और मूंग दाल का हलवा उनके साथ गए, जो वे अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ साझा करेंगे। इसके अलावा, वे माइक्रोग्रैविटी में योग करने की योजना बना रहे हैं, जिससे भारतीय संस्कृति का वैश्विक मंच पर एक अनूठा प्रदर्शन होगा। यह वह क्षण है जब परंपरा और प्रौद्योगिकी ने एक-दूसरे का हाथ थामा, और भारत ने साबित कर दिया कि वह न केवल विज्ञान में, बल्कि संस्कृति में भी अग्रणी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, यह मिशन भारत के लिए एक मील का पत्थर है। शुभांशु सात भारतीय प्रयोग करेंगे, जिनमें माइक्रोग्रैविटी में मूंग और मेथी के अंकुरण का अध्ययन और मांसपेशियों की हानि का विश्लेषण शामिल है। ये प्रयोग भारत और अमेरिका की साझेदारी का परिणाम हैं और इसरो के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। गगनयान, जो 2026 में लॉन्च होने वाला है, भारत का पहला स्वदेशी मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन होगा। शुभांशु, जो इसके लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं, इस मिशन के लिए अमूल्य अनुभव ला रहे हैं। कुल 60 से अधिक प्रयोग, जिनमें सामग्री विज्ञान, जैविक अनुसंधान और मानव स्वास्थ्य पर माइक्रोग्रैविटी के प्रभाव शामिल हैं, भारत के भविष्य के मिशनों—जैसे 2035 तक स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री भेजने के लिए नींव रखेंगे। यह वह दस्तक है जो ब्रह्मांड के दरवाजे पर भारत की उपस्थिति को अमर कर रही है, न केवल एक यात्री के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक के रूप में। यह न कोई अंत है, न कोई पड़ाव। यह तो एक नई शुरुआत है, उस भारत की, जो अब ब्रह्मांड की गहराइयों में अपनी कहानी लिख रहा है, और जिसकी गूंज सितारों से सितारों तक अनंत काल तक गूंजेगी। यह भारत का वह उद्घोष है, जो कहता है कि "हम आए हैं, और हम रहेंगे, धरती पर, आकाश में, और सितारों के पार!"

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
दर्शन

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम्, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।


## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध को मिले त्वरित न्याय

देश में बढ़ रहे महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध को त्वरित न्याय के लिए फास्टट्रैक कोर्ट के गठन पर गृहमंत्री अमित शाह ने जोर दिया। वाराणसी में आयोजिक एक बैठक में गृहमंत्री ने चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस विषय पर बात की ताकि पीढ़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। देश में जिस तेजी से यौन अपराध बढ़ रहे हैं उसकी रोक थाम के लिए कदम उठाना जरूरी है। देश में जिस तेजी से दुष्कर्म की घटनाएं आए दिनों घट रही है उसकी रोक थाम के लिए फास्टट्रैक कोर्ट का गठन किया जाना चाहिए ताकि प्रभावितों को न्याय मिलने में देरी ना हो और अपराधी बच कर न निकल पाए।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### प्रति व्यक्ति आय बढ़ी



डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य प्रारंभ किए, आज उसका परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के अंदर 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उबारने व अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में मदद मिली है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### नवाचार को बढ़ावा



हमारे युवा वाकई असाधारण रूप से प्रतिभाशाली, तकनीक से प्रेरित और दुनिया का सामना करने के लिए तैयार हैं। यह आपसी विकास का एक अवसर है, जो व्यवसायों के लिए नवाचार को बढ़ावा देगा और साथ ही हमारे राज्य के भविष्य को भी सशक्त बनाएगा।

**-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन



मध्यप्रदेश प्राकृतिक खेती में अग्रणी है। हम शीघ्र ही प्राकृतिक खेती को अधिक प्रोत्साहन देने वाली योजना बनाएंगे, मंडियों में दोनों प्रकार की फसलों के उपार्जन और विक्रय की व्यवस्था करेंगे, ताकि किसान परेशान न हों।

**-डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र**

### दुश्मनों की ज़रूरत नहीं



जब ज़ोहरान ममदानी अपना मुंह खोलते हैं, तो पाकिस्तान की पीआर टीम छुट्टी ले लेती है। भारत को उनके जैसे सहयोगी के रूप में दुश्मनों की ज़रूरत नहीं है। वह न्यूयॉर्क से सिर्फ हवा हवाई बातें करते हैं।

**-अभिषेक सिंघवी, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर


# वियतनाम ने आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड किया खत्म



वियतनाम ने कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया। इस फैसले से देश के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में कारावास की सजा काट रहे रियल एस्टेट कारोबारी को राहत मिल सकती है। वियतनाम में कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया गया, जिसमें सरकार को हटाने की कोशिश करना, राज्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना, नकली दवा बनाना व बेचना, युद्ध शुरू करना, जासूसी करना, मादक पदार्थों की तस्करी, गबन और रिश्वत लेना शामिल है। सरकारी मीडिया के अनुसार, वियतनामी सांसदों ने बुधवार को सुधारों को पारित किया। कानूनी सुधारों के बाद वियतनाम के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में संलिप्तता के लिए मृत्युदंड की सजा पाने वाली ट्रुओंग माई लान को राहत मिल सकती है। लान के वकील फान मिन्ह होआंग ने बृहस्पतिवार को 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि रियल एस्टेट कंपनी 'वान थिन्ह फाट' की 67 वर्षीय अध्यक्ष अब नए नियमों के अनुसार 'मृत्युदंड से छूट के लिए पात्र' होंगी। लान को 12.5 अरब अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी में शामिल होने के लिए फांसी की सजा दी गयी है।

## ऑफ बीट

# फायदा या नुकसान स्क्रीन कंटेंट पर निर्भर करता है



आज लोग अपना ज्यादातर वक्त स्मार्टफोन, कम्प्यूटर, टैबलेट, टेलीविजन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे डिजीटल स्क्रीन पर बिताते हैं और इस पर दुनियाभर में विशेषज्ञों तथा माता-पिता के बीच बहस छिड़ी हुई है कि क्या छोटे बच्चों को इन डिजीटल उपकरणों का इस्तेमाल करने देना चाहिए। तो फिर 'स्क्रीन टाइम' का बच्चे के तंत्रिका-मनोवैज्ञानिक विकास पर वास्तविक प्रभाव क्या है? कई बाल चिकित्सा संघ बचपन में खासतौर से पांच साल की आयु तक के बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित रखने की सलाह देते हैं लेकिन अनुसंधान से पता चलता है कि यह तस्वीर पूरी तरह से सच नहीं है। बच्चे स्क्रीन टाइम में क्या देखते हैं, वह इसके प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण है। कई अध्ययनों में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि स्क्रीन के लंबे समय तक उपयोग से बच्चों में आंखों की थकान, आंखों में सूखापन और निकट दृष्टि दोष हो सकता है। इसके अलावा, बच्चों को जिस प्राकृतिक उत्तेजना की ज़रूरत होती है, तकनीक उसकी जगह नहीं ले सकती और न ही लेनी चाहिए।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

ये दल 2019 से एक भी चुनाव में हिस्सा लेने में विफल रहे

# जोगी की पार्टी समेत 345 राजनीतिक दलों का अस्तित्व आ सकता है संकट में, चुनाव आयोग ने लटकाई तलवार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर, 345 पंजीकृत अपंजीकृत राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को हटाने की प्रक्रिया शुरू की है।

ये दल पिछले छह वर्षों (2019 से) में एक भी चुनाव में हिस्सा लेने में विफल रहे हैं और इनके कार्यालयों का भौतिक रूप से कहीं भी पता नहीं चल सका। ये 345 आरयूपीपी देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं।




## पंजीकृत 2 हजार 800 से अधिक आरयूपीपी में से कई दल उन आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल

आयोग के संज्ञान में आया है कि वर्तमान में ईसीआई के साथ पंजीकृत 2 हजार 800 से अधिक आरयूपीपी में से कई दल उन आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं, जो एक आरयूपीपी के रूप में बने रहने के लिए जरूरी हैं। इसके लिए, ईसीआई ने देशव्यापी अभियान चलाया, जिसके तहत अब तक 345 ऐसे दलों की पहचान की गई है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी भी दल को अनुचित रूप से हटाया न जाए, संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। इसके बाद, इन दलों को संबंधित सीईओ के समक्ष सुनवाई का अवसर दिया जाएगा।

किसी भी आरयूपीपी को हटाने का अंतिम निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। देश में राजनीतिक दल (राष्ट्रीय/राज्य/आरयूपीपी) जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत ईसीआई के साथ पंजीकृत होते हैं।

इस प्रावधान के तहत, एक बार पंजीकृत होने पर किसी भी राजनीतिक दल को कर छूट जैसे कई विशेषाधिकार और लाभ प्राप्त होते हैं।

### भियान राजनीतिक व्यवस्था को स्वच्छ करने और उन दलों को हटाने के उद्देश्य से शुरू किया

यह अभियान राजनीतिक व्यवस्था को स्वच्छ करने और उन दलों को हटाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, जिन्होंने 2019 के बाद से लोकसभा, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं या उप-चुनावों में कोई चुनाव नहीं लड़ा और जिनका भौतिक रूप से पता नहीं लगाया जा सका। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इस अभियान के पहले चरण में 345 आरयूपीपी की पहचान की गई है, और यह प्रक्रिया राजनीतिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लक्ष्य के साथ जारी रहेगी। उक्त अधिकारी ने बताया, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस की स्थापना वर्ष 2016 में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने की थी। छत्तीसगढ़ के एक मात्र क्षेत्रीय दल के रूप में सक्रिय जेसीसीजे ने 2018 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में हिस्सा लिया था और कुछ सीटें जीती थीं। हालांकि, 2023 के विधानसभा चुनाव में इसकी उपस्थिति और प्रदर्शन सीमित रहा। यदि 2019 के बाद से जोगी की पार्टी ने कोई चुनाव नहीं लड़ा या पार्टी कार्यालय का भौतिक सत्यापन नहीं हो सका, तो यह भी चुनाव आयोग की डीलिस्टिंग प्रक्रिया के दायरे में आ सकता है।

## खबर संक्षेप

### आपातकाल पर कांग्रेस ने भाजपा पर किया केस

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल पर अपमानजनक पोस्ट को लेकर बवाल मचा है। कर्नाटक कांग्रेस नेता एस मनोहर ने भाजपा के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। एक्स पोस्ट में इंदिरा का एक एआई जनरेटेड वीडियो दिखाया गया था। इसमें इंदिरा की फोटो पर छोटी मूंछें दिखाई गई थीं।



### सहायक औषधि नियंत्रक के 40 खाते फ्रीज

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के एक सहायक औषधि नियंत्रक के खिलाफ छापेमारी के बाद करीब 40 बैंक और सावधि जमा खातों को 'फ्रीज' किया। 2एसयूवी जब्त की और बेहिसाब शराब की 60 बोतलें बरामद कीं। निशांत सरीन, उनके ससुर और एक कथित सहयोगी कोमल खन्ना पर कार्रवाई की। इन पर रिश्वत का आरोप है।

### महाराष्ट्र में 10 फीसदी तक सस्ती की बिजली

**मुंबई।** महाराष्ट्र के लोगों के लिए फडणवीस सरकार ने बिजली के दामों में बड़ी कटौती करने का ऐलान किया है। ये सबसे बड़ी कटौती है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि राज्य में बिजली के दाम में 1 साल में 10 फीसदी और आने वाले 5 वर्षों में 26 प्रतिशत तक की कटौती की जाएगी।



भारत मंडपम में राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में बोले शाह

# हिंदी किसी भाषा की दुश्मन और विरोधी नहीं ये देश की एकजुटता का सशक्त माध्यम बने

## भारतीय भाषाओं के विकास, समृद्धि और उनकी उपयोगिता पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को केंद्र और राज्यों में ऑफिशियल वर्क के लिए भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल पर फिर से जोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं पूरे दिल से मानता हूं कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की दुश्मन नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की मित्र है और हिंदी और भारतीय भाषाएं मिलकर हमारे स्वाभिमान कार्यक्रम को उसके अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा सकती हैं। शाह ने कहा कि किसी भाषा का विरोध नहीं है, किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन आग्रह अपनी भाषा के गौरव का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा बोलने का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा में सोचने का होना चाहिए। हमें गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना चाहिए और जब तक व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा, अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक हम गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकते। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में बोल रहे थे।

ये स्वाभिमान को लक्ष्य तक पहुंचाएंगी



### हमारी भाषाएं देश को एकजुट करने का जरिया

शाह ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में भाषा का इस्तेमाल भारत को बांटने के साधन के रूप में किया गया। वे इसे तोड़ नहीं पाए, लेकिन प्रयास किए गए। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी भाषाएं भारत को एकजुट करने का एक सशक्त माध्यम बनें। शाह ने कहा कि सरकारी कामकाज में भारतीय भाषाओं का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल होना चाहिए, सिर्फ केंद्र सरकार में ही नहीं बल्कि राज्य सरकार में भी। इसके लिए हम राज्यों से भी संपर्क करेंगे, उन्हें समझाने और राजी करने की कोशिश करेंगे।

### 13 भाषाओं में रहे जेईई, नीट व सीयूईटी के पेपर

शाह ने कहा कि जेईई, नीट और सीयूईटी के पेपर अब 13 भाषाओं में हो रहे हैं। पहले सीएपीएफकी कांस्टेबल भर्ती के लिए आप केवल इंग्लिश या हिंदी में ही आवेदन कर सकते थे। हमने इसे लचीला बनाया और 13 भाषाओं में परीक्षा की इजाजत दी और आज मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि 95 फीसदी उम्मीदवार अपनी मातृभाषा में कांस्टेबल परीक्षा दे रहे हैं। यह बताता है कि भारतीय भाषाओं का भविष्य उज्ज्वल है।



### युवाओं के लिए 'नशा' सबसे बड़ी समस्या

गृहमंत्री शाह ने अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर कहा कि नशा हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार नशा तस्करी करने वाले गिरोहों (नार्को-कार्टेल) के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में वापस लाने के लिए काम कर रही है। आज 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी और अवैध तस्करी दिवस के अवसर पर शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर पोस्ट कर यह बात कही।

### गुलामी की मानसिकता से मुक्ति मिलेगी

शाह ने यह भी कहा कि आने वाले समय में केंद्र और राज्यों के प्रशासन में भारतीय भाषाओं का उपयोग और भी बढ़ेगा। वह इसके लिए राज्यों से संपर्क करेंगे और उन्हें समझाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर शाह ने राजभाषा हिन्दी और सभी भारतीय भाषाओं के प्रेमियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा आग्रह अपनी भाषा के सम्मान और उपयोग का होना चाहिए। जब तक हम अपनी भाषा में सोचेंगे और गर्व से बोलेंगे नहीं, तब तक गुलामी की मानसिकता से मुक्ति संभव नहीं है।

**हिंदी सभी भाषाओं की दोस्त:** शाह ने कहा कि हिंदी भाषा किसी भी दूसरे भारतीय भाषा की दुश्मन नहीं है। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की दोस्त है और हिंदी एवं भारतीय भाषाएं मिलकर हमारे स्वाभिमान कार्यक्रम को उसके अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा सकती हैं।

**भाषा का इस्तेमाल देश को बांटने के लिए किया गया**

शाह ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में भाषा का इस्तेमाल भारत को बांटने के माध्यम के रूप में किया गया। वे इसे तोड़ नहीं पाए लेकिन कोशिश पूरी की गई। इसके लिए आधिकारिक भाषा विभाग काम करेगा।

उद्धव ने भाजपा पर लगाया आरोप

### भाजपा बांट रही, हम किसी भाषा से नफरत नहीं करते



मुंबई। शिवसेना यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी भाषा के आधार पर लोगों में विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और सत्तारूढ़ पार्टी पर महाराष्ट्र में लैंग्वेज इमरजेंसी लगाने का आरोप लगाया। उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन मुख्य तौर पर मराठी भाषी राज्य में इसे लागू करने के खिलाफ है। हम किसी भाषा का विरोध या नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को लागू करने की इजाजत देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का छिपा हुआ एजेंडा हिंदी को लागू करना है।

# शहीदों के बच्चों को प्रतिवर्ष 60 हजार रुपए से 96 हजार रुपए तक की छात्रवृत्ति मिलेगी

"हरियाणा में शहीद सैनिकों एवं अर्धसैनिक बलों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति"

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा सरकार ने शहीद सैनिकों एवं अर्धसैनिक बलों के बच्चों के लिए एक विशेष छात्रवृत्ति योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। वर्तमान सरकार ने अपने संकल्प पत्र में सैन्य सेवाओं के वीर शहीदों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का वादा किया था, अब सरकार ने अपने वादे से भी आगे बढते हुए सैन्य सेवाओं के शहीदों के बच्चों के साथ–साथ शहीद अर्ध-सैनिक बलों के बच्चों को भी छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना से प्रेरित इस नई नीति के तहत कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को प्रतिवर्ष 60 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। स्नातक स्तर तक के विद्यार्थियों को 72 हजार रुपए प्रति वर्ष जबकि स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययनरत छात्रों को 96 हजार रूपये प्रति वर्ष छात्रवृत्ति मिलेगी। इस योजना से 189 छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में 1 करोड, 31 लाख 64 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। यह ऐतिहासिक निर्णय बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हरियाणा कैबिनेट की बैठक में स्वीकृत किया गया। हरियाणा सरकार के अनुसार इस नीति का उद्देश्य शहीद सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करना है, जिससे उनका भविष्य उज्जवल और सुरक्षित बन सके।

### मुआवजा प्रक्रिया को बनाया सरल, पत्थर और रेत पर रॉयल्टी बढ़ाई

हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा लघु खनिज रियायत, भंडारण, खनिजों का परिवहन तथा अवैध खनन रोकथाम नियम, 2012 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। संशोधन के तहत, किसानों को मुआवजा और रेंट प्रदान करने की प्रक्रिया को अधिक सुगमता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरल बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, पत्थर और रेत के लिए रॉयल्टी दरों में संशोधन किया गया है। पत्थर की रॉयल्टी 45 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपए प्रति टन की गई है, जबकि रेत की रॉयल्टी को 40 से बढ़ाकर 80 रुपए प्रति टन किया गया है। बैठक में अंतर-राज्यीय खनिज परिवहन शुल्क लिए जाने को भी मंजूरी प्रदान की गई है। खनिजों के अंतर-राज्यीय परिवहन के लिए 100 रुपये प्रति टन का शुल्क लगाया जाएगा। यदि ई-ट्रांजिट में गंतव्य हरियाणा के भीतर है, तो अंतर-राज्यीय पारगमन शुल्क 100 रुपए निर्धारित किया गया है, और यदि ई-ट्रांजिट में गंतव्य हरियाणा के बाहर कहीं भी है, तो 20 रुपए निर्धारित किया गया है। इन नियमों को हरियाणा लघु खनिज रियायत, खनिजों का भण्डारण, परिवहन एवं अवैध खनन निवारण नियम (संशोधन) नियम, 2025 कहा जाएगा।

कांग्रेस ने नीट परीक्षा की निष्पक्षता को लेकर उठाए सवाल

# कहा- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी बनी 'नेशनल करप्शन एजेंसी'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने परीक्षाओं में धांधली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इन्हें आयोजित कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी अब 'नेशनल करप्शन एजेंसी' बन चुकी है और मोदी सरकार उसे बचाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए एनएसयूआई के प्रभारी व कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य कन्हैया कुमार और एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि एनटीए जब शक के घेरे में आती है, तो मोदी सरकार उसे बचाने की कोशिश क्यों करती है और उस पर कोई ठोस जांच क्यों नहीं करवाई जाती? कन्हैया कुमार ने नीट परीक्षा को लेकर महाराष्ट्र में दर्ज एफआईआर का हवाला दिया और पूछा कि अगर सीबीआई का दावा है कि एनटीए का कोई अधिकारी संलिप्त नहीं है, तो फिर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज क्यों की गई? जब तीन आरोपी अभी भी फरार हैं, तो गिरफ्तार किए गए दो लोगों को इतनी जल्दी जमानत कैसे मिल गई? उन्होंने यह भी सवाल किया कि छात्रों के अभिभावकों द्वारा दी गई जानकारी को देखते हुए, क्या ये संभव है कि किसी बड़े अधिकारी की मिलीभगत के बिना परीक्षा में इतनी बड़ी गड़बड़ी हो सके?

कन्हैया कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पर चर्चा तो करते हैं, लेकिन देश में शायद ही कोई ऐसी परीक्षा बची हो जिस पर प्रश्नचिह्न न खड़ा होता हो। उन्होंने कहा कि एनटीए पर प्रश्न केवल नीट को लेकर ही नहीं, बल्कि सीयूईटी परीक्षा को लेकर भी हैं। उन्होंने बताया कि 300 से अधिक विश्वविद्यालय सीयूईटी के आधार पर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी करते हैं। जिन विश्वविद्यालयों की पहले अपनी पारदर्शी प्रवेश प्रणाली थी, वह भी अब बाधित हो चुकी है। यूजीसी की ग्रांट पाने के लिए विश्वविद्यालयों को सीयूईटी के तहत ही अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सीयूईटी परीक्षा का डाटा निजी कॉलेजों के पास पहुंच रहा है। परीक्षा होने के बाद निजी कॉलेज अभिभावकों के पास दाखिले के लिए फोन करते हैं। जानबूझकर पब्लिक फंडेड विश्वविद्यालयों की दाखिला प्रक्रिया में देरी की जाती है, ताकि पहले निजी कॉलेजों की सीटें भर जाएं। उन्होंने कहा कि देश भर के विद्यार्थी व अभिभावक परीक्षाओं में हो रही धांधलियों से निराश हैं और हालात इतने गंभीर हैं कि हर घंटे दो नौजवान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं।



# केंद्रीय योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कैप्टन अभिमन्यु की माता के निधन पर व्यक्त किया शोक

### सिंधु निवास पहुंचकर परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि


स्मृति

**रोहतक।** केंद्रीय योजना, सांख्यिकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन और संस्कृति राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने रोहतक स्थित सिंधु निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि परमेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। उन्होंने अपने परिवार को अच्छे संस्कार दिए। उन्होंने 90 साल तक पूरे परिवार को एक साथ रखा। उन्होंने परिवार को बहुत ही अच्छे संस्कार दिए। यह बहुत बड़ी बात है।

इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला कैप्टन अभिमन्यु निवास पर माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां का चले जाना मतलब सब कुछ चले जाना। परमपिता परमेश्वर परिवार को मां के जाने का दुख सहने की शक्ति प्रदान करे और परिवार को तरक्की प्रदान करे। ऐसी हम कामना करते हैं। पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि स्वर्गीय माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक जताने पहुंचे हैं। माता के आशीर्वाद से ही सिंधु परिवार ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। मां बेशक चली गई हैं लेकिन मां का आशीर्वाद परिवार पर हमेशा रहेगा और ऐसे ही परिवार समाज और राष्ट्र की सेवा करता रहेगा। हांसी के विधायक विनोद भ्याना ने कहा कि कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक जताने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा ऐसी संस्कार मां, जिसने पूरे परिवार को 90 साल तक पालन पोषण किया और एक साथ रखा। परिवार के सभी सदस्य एक ही छत के नीचे रहे। एक रसोई में खाना बना। ऐसी मां हमेशा के लिए चली जाती है तो परिवार को बहुत दुख होता है।

### खापों ने दी माता परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि

माता स्वर्गीय परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंची कई खाप पंचायतें पहुंची। ऑल इंडिया गहलावत खाप नेता दयानंद गहलावत , 8 गामा प्रधान सतबीर ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक जताने पहुंचे हैं। माता परमेश्वरी देवी के संस्कारों की वजह से परिवार हमेशा एकजुट रहा है। उनके जीवन से दूसरों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

### छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने दी श्रद्धांजलि



पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने रोहतक स्थित सिंधु निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### इन्होंने दी श्रद्धांजलि

शोक व्यक्त करने वालों में सह प्रभारी हरियाणा भाजपा सुरेंद्र नागर, आप नेता सुशील गुप्ता, सुरेंद्र पूनिया प्रदेश महामंत्री, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली बीजेपी वीरेंद्र सचदेवा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोपीचंद गहलौत, महम विधायक बलराम दांगी, कांग्रेस नेता चक्रवर्ती शर्मा, मेयर फरीदाबाद प्रवीण बत्रा, पूर्व मंत्री पंजाब मनप्रीत सिंह बादल, हर्ष भनवाला अध्यक्ष हरियाणा ग्रामीण, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, भाजपा नेता रामकरण हुड्डा, सुरेंद्र सिंह बरवाला पूर्व मंत्री, धर्मपाल मालिक पूर्व विधायक गोहाना, धनेश अदलखा विधायक, निखिल मदान विधायक सोनीपत, देवेंद्र कादयान विधायक गन्नौर, तेजपाल तंवर विधायक सोहना, विधायक चन्द प्रकाश, सोनीपत मेयर राजीव जैन, विधायक कुलदीप वत्स, विधायक रामकुमार कश्यप, कंवरवीर सिंह पंजाब भाजपा नेता, जगमोहन विधायक करनाल, योगेश्वर दत्त, अनिता कुंडू, अभिमन्यु यादव पूर्व निजी सहायक सीएम, विजयपाल एडवोकेट पूर्व सदस्य एसएसएस बोर्ड, डीसी रोहतक धर्मेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष जींद तिजेंद्र ढुल, जिलाध्यक्ष फरीदाबाद पंकज पूजन रामपाल, विरेंद्र कौशिक जिलाध्यक्ष भिवानी, जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र प्रधान डॉ कृष्ण, रघबीर तेवतिया विधायक पृथला, पूर्व वित्त मंत्री सरदार परमिंद्र सिंह, मेयर फरीदाबाद प्रवीन संदीप जोशी, पूर्व मेयर यमुनानगर मदन चौहान, पूर्व विधायक रामकुमार कटवाल, पूर्व विधायक केहर सिंह रावत,



प्रवीन बंसल भाजपा नेता पंजाब, अजय गौड़, जगदीश चौपड़ा, राजीव जेटली, धर्मबीर मिर्जापुर चेयरमैन, भाजपा नेत्री नीरा तोमर, पूर्व विधायक लतिका शर्मा, सूचना आयुक्त नीता खेड़ा, विधायक भिवानी धनश्याम सर्राफ, पवन जिंदल उत्तर क्षेत्रीय संघ चालक, प्रताप संचालक प्रताप, गुरुकुल झज्जर आचार्या विजय पाल, झोझु कलां आचार्या चांद सिंह, गुरुकुल चरखी दादरी आचार्या प्रवीन, कुलपति सुपवा अमित आर्य, यशपाल पंवार अध्यक्ष हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन आदि मौजूद रहे।

# रेपो दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं सभी बैंक : आरबीआई

एजेंसी ⏭ मुंबई

■ केंद्रीय बैंक ने इसी माह रेपो दर में 0.50 फीसदी घटाई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सभी बैंकों को नीतिगत दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक तेजी से पहुंचाते हुए कर्ज को सस्ता करना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने इसी महीने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया है।

रिजर्व बैंक के जून बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए वित्तीय स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। अधिकांश बैंक फरवरी और अप्रैल में घोषित दरों में कटौती का लाभ अपने ग्राहकों तक पहले ही पहुंचा चुके हैं।

## केंद्रीय बैंक ने एक रिपोर्ट में दिया सुझाव

### बैंकों के लिए कोष लागत को कम करेगा

लेख में कहा गया, "टिकाऊ तरलता प्रदान करने के अलावा, यह बैंकों के लिए कोष की लागत को कम करेगा, जिससे ऋण बाजार में मौद्रिक नीति संचरण की सुविधा होगी।" लेख में कहा गया है कि फरवरी-अप्रैल-2025 के दौरान नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती बैंकों की रेपो से संबद्ध बाहरी मानक आधारित कर्ज दरों (ईबीएलआर) और कोष की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) में दिखती है।



### बैंकिंग प्रणाली में 2.5 लाख करोड़ की नकदी उपलब्ध होगी

रिजर्व बैंक के जून, 2025 के बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' विषय पर प्रकाशित लेख में कहा गया, "वित्तीय स्थितियां ब्याज दर में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। सीआरआर में कटौती से दिसंबर, 2025 तक बैंकिंग प्रणाली में लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी।

*एसबीआई, बीओबी व एचडीएफसी कर चुके कटौती* एसबीआई बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और एचडीएफसी बैंक सहित कई बड़े बैंक छह जून को आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की भारी कटौती के कुछ ही दिन के भीतर अपनी मानक ऋण दर से जुड़ी ब्याज दर में इतनी ही कटौती कर चुके हैं।

*एनडीटीएल तीन फीसदी लाने की घोषणा की थी :* इसी महीने रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के अलावा, आरबीआई ने वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान चरणबद्ध तरीके से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की कटौती करके इसे शुद्ध मांग और सावधि देयताओं (एनडीटीएल) के तीन प्रतिशत तक लाने की घोषणा की थी।

## खबर संक्षेप



### सूर्या फाउंडेशन - आईएनओ द्वारा 5000 स्थानों पर योग दिवस का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल, संस्थापक - सूर्या फाउंडेशन व इंटरनेशनल नेचुरोपैथीआर्गेनाइजेशन आईएनओ के मार्गदर्शन में देश के 5000 स्थानों पर 21 जून 2025 को 'योग संगम' कार्यक्रम के अंतर्गत लाखों लोगों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित किया गया है। इस उद्देश्य के अंतर्गत पूरी पृथ्वी को एकात्मक रूप से परिवार मानकर उसके आरोग्य हेतु योग को लागत प्रभावी व रोगों से रोकथाम का उपाय माना है।

SIGNATURE GLOBAL

### सिग्नेचर ग्लोबल एनसीडी के जरिए 875 करोड़ जुटाएगी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने कारोबार वृद्धि के लिए निजी निर्गम के आधार पर गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र के जरिये 875 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई है। एक से अधिक किश्तों में निजी निर्गम के आधार पर 875 करोड़ रुपये से अधिक राशि के लिए सुरक्षित सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र जारी करके धन जुटाने को मंजूरी दे दी है। इन एनसीडी को निश्चित अवधि के बाद या एक विशिष्ट तिथि पर जारीकर्ता कंपनी द्वारा निवेशकों को उनकी मूल राशि वापस करके भुनाए जा सकता है।


### जॉब

☞ लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12-वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, सैलरी 22500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 09211591851

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


■ तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपए बढ़ी
■ शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन उछाल दर्ज किया गया
■ तनाव शांत होने से निवेशकों की धारणा हुई मजबूत
■ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती दर्ज की गई

## भूराजनीतिक तनाव कम होने से बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी

# सेंसेक्स में 1000 अंक का जोरदार उछाल, निवेशकों की बल्ले-बल्ले

एजेंसी ⏭ मुंबई

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में जहां 1,000 अंक का जोरदार उछाल आया, वहीं निफ्टी 304 अंक चढ़ गया। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में जारी तनाव शांत होने और घरेलू स्तर पर उपजे आशावाद ने निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी तेजी को समर्थन मिला।



### निफ्टी में रही 304 अंक की तेजी

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,000.36 अंक बढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,056.58 अंक चढ़कर 83,812.09 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 304.25 अंक यानी 1.21 प्रतिशत बढ़कर 25,549 अंक पर बंद हुआ।

### टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस में रही तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, इटर्नल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। इसके उलट ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

### जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

### मिडकैप व स्मालकैप चढ़े

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.56 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत चढ़ गया।क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2.28 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,097 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,900 शेयर गिरकर बंद हुए और 156 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे।

### घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदी बढ़ी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में युद्धविराम के बाद मानक सूचकांक ने निवेशकों के तगड़े भरोसे को दर्शाया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली लगातार जारी है, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशक घरेलू खपत बढ़ने और नकदी की स्थिति सुधरने से शुद्ध खरीदार बने हुए हैं।"

### तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद बढ़ती सकारात्मक धारणा के बीच बाजार में तीन सत्र में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन सत्र में 9,70,200.71 करोड़ रुपये बढ़कर 4,57,52,700.57 करोड़ रुपये हो गया।

### वायदा अनुबंधों के निपटान से बाजार एक फीसदी चढ़ा

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "मासिक वायदा अनुबंधों के निपटान के दिन बाजार एक प्रतिशत से अधिक चढ़ गए। सत्र की शुरुआत से ही सकारात्मक कारोबार हुआ जिसके पीछे बेहतर वैश्विक संकेतों की अहम भूमिका रही। चुनिंदा बड़ी कंपनियों में खरीदारी से बढ़त को मजबूती मिली।"

### रिलायंस का पूंजीकरण एक बार फिर 20 लाख करोड़ रुपए के पार

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में बृहस्पतिवार को करीब दो प्रतिशत की तेजी आई और कंपनी का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) एक बार फिर 20 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर 1.90 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,495.20 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2.14 प्रतिशत चढ़कर 1,498.70 रुपये पर पहुंच गया था। एनएसई पर रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 1.90 प्रतिशत चढ़कर 1,495.30 रुपये पर पहुंच गया।

### सोना 98,600 रु. प्रति 10 ग्राम पर स्थिर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर बनी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 98,050 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें भी 1,03,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं।वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 3,334.41 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "सट्टेबाजों की लिवाली तथा कमजोर अमेरिकी डॉलर की वजह से सोने में बृहस्पतिवार को मामूली बढ़त देखी गई।


**PUBLIC NOTICE**

This is to certify that my client **Mr. Jalaluddin Khan S/o Beede Khan R/o House No. H-357, Street No.4, Aali Vihar, Sarita Vihar, New Delhi-110076,** hereby disown and disinherit his son Mr. Rahish Khan S/o Mr. Jalaluddin Khan, aged 22 years R/o House No. H-357, Street No.4, Aali Vihar, Sarita Vihar, New Delhi-110076 & his daughter in law Mrs. Haazra W/o Mr. Rahish Khan, aged 30 years, from his all movable and immovable properties. That if, anybody will deal with his son & daughter in law, he will do so on his own responsibility and my client will not responsible for any act done by his above said son & daughter in law.

Ramzan Ahmad
Advocate
Ch. No. 94, Patiala House Court,
New Delhi-1, M: 9891009520
Enl No. 16940

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) 1)MARUTIS SUPERCARRY
REG. NO. UP85DT1417-YOM- 2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL-raman.ahuja@kotak.com


### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 12 देशों में एनआरआई ग्राहकों के लिए यूपीआई सर्विस शुरु की

**दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के प्रवासी भारतीय (एनआरआई) ग्राहक अब अपने इंटरनेशनल मोबाइल नंबर के जरिए यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे। बैंक के एनआरई या एनआरओ खाताधारक अपने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक मोबाइल ऐप के माध्यम से बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के रीयल-टाइम यूपीआई ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। इस सुविधा के तहत ग्राहक सिर्फ बैंक के ऐप के जरिए ही नहीं, बल्कि अन्य यूपीआई-सक्षम ऐप्स से भी अपने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक खाते को लिंक कर सकेंगे। यह सर्विस ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, हांगकांग, मलेशिया, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, यूएई, यूके और यूएसए के एनआरआई ग्राहकों के लिए लागू होगी और महज भारतीय रुपए में भारत के भीतर होने वाले ट्रांजेक्शन्स के लिए ही मान्य होगी।इस नई सुविधा के साथ, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपने एनआरआई ग्राहकों के लिए डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म में यूपीआई पेमेंट को जोड़ दिया है।

### बेंगलुरु के लिए नई साप्ताहिक एक्सप्रेस सेवा प्रारंभ

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मध्य प्रदेश को 14,745 करोड़ का रेल बजट, अधोसंरचना में हो रहा तीव्र निवेश रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया मध्य प्रदेश में 2,651 किमी नई पटरियों का निर्माण, 100% विद्युतीकरण पूर्ण स्टेशन पुनर्विकास, डबल/तीन-चौथी लाइन सहित 24,000 करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृतकेंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए शुरू की गई नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ किया।

### सेबी ने बीएसई पर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बुधवार को बीएसई पर सभी हितधारकों को कॉरपोरेट खुलासे तक समान पहुंच प्रदान करने में विफल रहने और कारोबार के दौरान लगातार संशोधन करने वाले ब्रोकरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

## मार्केट न्यूज

### 'हीर एक्सप्रैस' का पहला गाना 'वे रांझणा' रिलीज जोधपुर की लोकेशंस में ढली एक रोमांटिक धुन, दिविता जुनेजा ने हीर का निभाया है किरदार




मुंबई। 8 अगस्त को रिलीज होने जा रही फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' का पहला गाना 'वे रांझणा' मंगलवार को जी-म्यूजिक कंपनी द्वारा रिलीज कर दिया गया। 'वे रांझणा' का म्यूजिक, कोरियोग्राफी, फिल्मांकन और लोकेशन सब कुछ दर्शकों को आकर्षित करने में सफल होता दिख रहा है। खासकर राजस्थान के जोधपुर की भव्य लोकेशंस ने इस गाने को एक अलग ही आयाम दे दिया है, जिसे देखकर हर दर्शक खुश है। 10 जून को जबसे फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' का टीजर रिलीज हुआ है, तभी से यह फिल्म सोशल मीडिया पर छाई हुई है। अब 'वे रांझणा' की रिलीज के साथ इस फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है। इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर इसकी रील्स की भरमार है। इस खूबसूरत गाने को आवाज दी है सिमर कौर और नवी साण ने, संगीत से सजाया है एवी सरा ने। दिल को छू लेने वाले बोल लिखे हैं हरमनजीत ने, जबकि कोरियोग्राफी की बागडोर संभाली है विपिन ने। गाने का हर एंगल, हर फ्रेम, हर मूवमेंट दर्शकों के दिल को छू जाता है।

- 'वे रांझणा' गाने से हुई 'हीर एक्सप्रेस' की शानदार शुरुआत
- जोधपुर की पारंपरिक लोकेशंस ने गाने को दिया नया आयाम
- दिविता जुनेजा और प्रीत कमानी की जोड़ी ने जीता दिल
- संगीत, बोल और प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

गाने के बारे में बात करते हुए सिमर कौर ने कहा, "हीर एक्सप्रेस की दुनिया दिल से भरी हुई है, और 'वे रांझणा' उसमें बेहद खूबसूरती से फिट बैठता है। इस गाने की सादगी ने मुझे पहली बार सुनते ही छू लिया। 'लाल परी' जैसे ऊर्जावान ट्रैक के बाद यह मेरे लिए एक सुकून भरा बदलाव है। गाने में नजर आ रहे हैं 'हीर एक्सप्रेस' से डेब्यू करने जा रही दिविता जुनेजा और उभरते सितारे प्रीत कमानी, इनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री बेहद नैचुरल लगती है। दिविता की मासूमियत और कैमरे के प्रति आत्मीयता, वहीं प्रीत की सहज अदाकारी और चार्म, दोनों ने मिलकर गाने में एक अलग ही जान डाल दी है। गाने की प्रमुख पंक्तियों 'सड्डां दिल उत्ते वजियां वे रांझणा, मैं तां तेरे लड़ लग्गी हां वे रांझणा' हर किसी की जुबां पर चढ़ चुका है। 'हीर एक्सप्रेस' की पूरी टीम ने, चाहे वो कलाकार हों, टेक्निकल क्रू हो या बैकएंड सपोर्ट, सभी बेहद उत्साहित हैं! कुल मिलाकर जी-म्यूजिक कंपनी द्वारा प्रस्तुत, 'हीर एक्सप्रेस' का यह पहला गीत दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना चुका है और फिल्म रिलीज से पहले ही सफलता की राह पर निकलती दिख रही है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राकेश** पुत्र कांतहा प्रसाद निवासी जी–3/35, सुंदर नगरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 5881/2014 धारा 363 भा.द.स. थाना नन्द नगरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राकेश** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 5881/2014 धारा 363 भा.द.स. थाना नन्द नगरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **19.08.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री दीपाक्षी राणा,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं. 19, प्रथम तल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8281/NE/2025

**उत्तर रेलवे**

प्रोफार्मा 10-1

भारतीय रेलवे (गति शक्ति इकाई)
उत्तरी रेलवे, दिल्ली मंडल

"सार्वजनिक सूचना"

रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्ज, ए.सी. शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख को शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरीपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | TKM (दिनांक) |
|---|---|
| "दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन की 25 केवी एकल कला प्रत्यावर्ती धारा नव विद्युतीकृत स्टेबलिंग लाइन का स्थान क्रमांक डीईई 1028ए (श्रृंखला–माप 4/359.00) से स्थान क्रमांक एसटीबी/10 (श्रृंखला–माप 4.990.50) तक विद्युतीकरण, जिसमें संबंधित टर्न आउट और क्रॉस–ओवर, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे की मौजूदा लाइनों में संशोधन शामिल है।" | 0.631 (26.06.2025) |
| "दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन की 25 केवी एकल कला प्रत्यावर्ती धारा नव विद्युतीकृत लाइन संख्या 3 का स्थान क्रमांक किमी 3/47B (श्रृंखला–मापः 3/782.00) से स्थान क्रमांक 4/30 एएन (श्रृंखला–माप 4/712.50) तक विद्युतीकरण, जिसमें संबंधित टर्न आउट और क्रॉस–ओवर, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे की मौजूदा लाइनों में संशोधन शामिल है।" | 1.076 (26.06.2025) |

No.: DyCPM/Elect/GSU/NDLS/01 1919/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान–सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान–सम्मान बढ़ेगा।

### CARS24 ने 2040 तक जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं को खत्म करने के लिए लॉन्च किया क्रैशफ्री इंडिया'

**गुरुग्राम।** भारत, 24 जून, 2025: भारत में हर चार मिनट में एक व्यक्ति की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो जाती है, यह ऐसा अदृश्य संकट है जिसे हम स्वीकार कर चुके हैं। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या हिंसा, आतंकवाद और प्राकृतिक आपदाओं में होने वाली मौतों की संख्या से भी अधिक है, इसके बावजूद इस गंभीर मुद्दे पर आवाज़ नहीं उठाई जाती। भारत के सबसे बड़े फुल-स्टैक ऑटो-टेक प्लेटफॉर्म **CARS** 24 ने क्रैशफ्री इंडिया के लॉन्च के साथ इस दिशा में बदलाव की ओर कदम बढ़ाया है, इस नॉन-प्रॉफिट प्लेटफॉर्म का एक ही उद्देश्य है: 2040 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को शून्य करना। कंपनी पहले से पांच मुख्य क्षेत्रों में अपने बुनियादी कार्यों की शुरूआत कर चुकी है: डेटा इन्फ्रास्ट्रक्चर, नीतिगत सुधार, सड़क का डिज़ाइन, टेक्नोलॉजी एवं व्यवहार में बदलाव।

## शब्द पहेली - 5910




**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर, करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2, 1, 2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत, दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन, पगार-3
16.मनोनीत, नामकृत-3
18.बंधक, गिरवी वस्तु-3
20.निशा, रात्री-3
22.वचन, प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य, कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार, फटकार-3
30.हवा, पवन-3
31.झाझर, कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर, भूत-2
40.परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान, खजांची-3
4.पैगंबर, रसूल-2
5.झूठ, मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम, मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा, दोस्त-2
18.मजा, आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः, वापस-2
27.मर्करी, पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त, टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा, विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

### शब्द पहेली -5909 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ■ | बु | आ | ■ | द | ■ | स | ख्त | ■ | मु |
| र | क्त | ■ | कु | क | र | मु | त्ता | ■ | जा | ला |
| तू | ■ | म | ल | ■ | मि | ■ | धी | र | ■ | य |
| स | क्रि | य | ता | ■ | या | ■ | श | ब | न | म |
| ■ | या | ■ | ■ | ■ | न | ■ | ■ | ■ | या | ■ |
| रा | शी | क | र | ण | ■ | भा | र | ही | न | ता |
| ■ | ल | ■ | ■ | ■ | टी | ■ | ■ | ■ | वे | ■ |
| री | ता | प | न | ■ | ना | ■ | न | ह | ला | ना |
| ई | ■ | स | जा | ■ | मु | ■ | का | म | ■ | का |
| ब | लि | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | छ | बि |
| सं | ■ | गी | त | ■ | म | ■ | ना | नी | ■ | ल |



# इंग्लैंड बनाम भारत : एजबेस्टन के मैदान पर इन भारतीय ने चटकाए हैं सबसे ज्यादा विकेट

एजेंसी ▶▶| एजबेस्टन

भारतीय क्रिकेट टीम को सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसे जीतकर भारतीय टीम सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी। हेडिंग्ले टेस्ट में जीत के लिए मिले 371 रन के बड़े लक्ष्य को इंग्लिश टीम ने बेन डकेट के शतक (149) की बदौलत हासिल किया। इस बीच एजबेस्टन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों के बारे में जानते हैं।

### चेतन शर्मा

(6/58 बनाम इंग्लैंड, 1986)

भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच 1986 में एजबेस्टन में खेला गया टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। उस मैच में भारत के तेज गेंदबाज चेतन शर्मा ने कुल 10 विकेट लिए थे। उन्होंने पहली पारी में 130 रन देते हुए 4 विकेट लिए थे। इसके बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान उन्होंने 58 रन देते हुए 6 विकेट लिए थे। वह इस मैदान पर किसी एक मैच में कुल 10 विकेट लेने वाले इकलौते भारतीय गेंदबाज हैं।



### कपिल देव (5/146 बनाम इंग्लैंड, 1979)

पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने 1979 में इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 5 विकेट चटकाए थे। उनकी उम्दा गेंदबाजी के बावजूद मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी 633/5 के स्कोर पर घोषित की थी। इंग्लिश टीम से डेविड गोवर ने दोहरा शतक (200*) लगाया था। जवाब में भारतीय टीम ने अपनी पारियों में 297 और 253 (फॉलऑन खेलते हुए) रन बनाए और इंग्लैंड ने पारी और 83 रन से मैच जीता था।

### इशांत शर्मा

(5/51 बनाम इंग्लैंड, 2018)

इंग्लैंड ने 2018 में एजबेस्टन टेस्ट में भारत को 31 रन से हराया था। उस मैच में इशांत शर्मा ने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान 5 विकेट लिए थे, जिसमें जॉनी बेयरस्टो और बेन स्टोक्स जैसे बल्लेबाज भी शामिल थे। उनकी उम्दा गेंदबाजी के चलते इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 180 रन पर ढेर हो गई थी। आखिर में जीत के लिए मिले 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 162 रन पर सिमट गई थी।

## इस स्टेडियम में जेम्स एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट

भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच जारी टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन, बर्मिंघम में खेला जाएगा। यह मैदान इंग्लैंड के लिए हमेशा से फायदेमंद रहा है, खासकर उनके तेज गेंदबाजों को यहां खास मदद मिलती है। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा कड़ी हो सकती है। इस ऐतिहासिक मैदान पर इंग्लैंड के किन गेंदबाजों ने सबसे ज्यादा विकेट चटकाए हैं, यह जानना बेहद दिलचस्प होगा।



### जेम्स एंडरसन (52 विकेट)

जेम्स एंडरसन ने एजबेस्टन में पहला टेस्ट 2003 में खेला और 2023 में आखिरी बार इस मैदान पर उतरे। उन्होंने यहां 14 टेस्ट की 27 पारियों में 24.28 की औसत से 52 विकेट झटके, जिसमें 3 बार 5 विकेट हॉल भी शामिल था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/47 का रहा। वह इस मैदान पर इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह भले ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं, लेकिन यह रिकॉर्ड हमेशा याद किया जाएगा।

### स्टुअर्ट ब्रॉड (49 विकेट)

सूची में दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के एक और पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड हैं। उन्होंने इस मैदान पर पहला टेस्ट मैच 2009 में खेला था, जबकि आखिरी बार वह 2023 में इस मैदान पर खेले थे। ब्रॉड ने एजबेस्टन में कुल 11 टेस्ट मैचों की 22 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 23.81 की औसत से 49 विकेट झटके। इस दौरान उन्होंने एक बार 5 विकेट हॉल लिया। इस मैदान पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/86 का रहा।

### फ्रेड ट्रूमैन (39 विकेट)

फ्रेड ट्रूमैन इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने एजबेस्टन में 7 टेस्ट खेले थे। इन मैचों की 13 पारियों में उन्होंने 20.46 की शानदार औसत से 39 विकेट झटके। ट्रूमैन ने इस मैदान पर 3 बार पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7 विकेट पर 44 रन रहा था। ट्रूमैन अपने समय के बेहद खतरनाक तेज गेंदबाज माने जाते थे।

## एजबेस्टन में बेहद खराब रहा है भारत का प्रदर्शन

# गिल ब्रिगेड के पास इतिहास रचने का मौका एजबेस्टन में एक भी टेस्ट नहीं जीता भारत

एजेंसी ▶▶| एजबेस्टन

भारतीय क्रिकेट टीम को पांच टेस्ट मैच की सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसे जीतकर भारतीय टीम सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी। एजबेस्टन में अब तक भारतीय टीम ने कोई टेस्ट नहीं जीता है और शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इतिहास बदलना चाहेगी या फिर पुराना इतिहास दोहराना चाहेगी। हेडिंग्ले टेस्ट में जीत के लिए मिले 371 रन के बड़े लक्ष्य को इंग्लिश टीम ने बेन डकेट के शतक (149) की बदौलत हासिल किया। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस मैदान पर भारतीय टीम का अब तक का प्रदर्शन ऐसा रहा है।



### एजबेस्टन में भारत ने हारे 7 टेस्ट

भारत ने एजबेस्टन में 8 टेस्ट (1967-2022) खेले, जिसमें से 7 में उन्हें हार मिली थी और सिर्फ 1 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। इस मैदान पर भारत का सर्वोच्च टीम स्कोर 416 रन रहा था। वहीं, सबसे कम स्कोर 92 रन रहा था। इस मैदान में भारत का इकलौता ड्रॉ 1986 में आया था। कपिल देव उस मुकाबले में भारत की कप्तानी कर रहे थे।

## ईशा, विदरसा और पार्थ ने चयन ट्रायल में जीत दर्ज की

**देहरादून।** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम की पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह यहां ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल के तीसरे दिन तीन विजेताओं में शामिल रहीं। तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता। ईशा ने फाइनल में महाराष्ट्र की अभिदन्या अशोक पाटिल को हराया जिन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। तमिलनाडु की निवेदिता नायर तीसरे स्थान पर रहीं।

## एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी लवलीना और निकहत

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद




तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन आज से यहां शुरू होने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगी। भारत की कई शीर्ष महिला मुक्केबाज भी यहां इस टूर्नामेंट में कौशल दिखाएगी जो एक जुलाई तक चलेगा जिसमें पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो भी शिरकत करेंगी। तेलंगाना राज्य संस्था भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अंतर्गत इस टूर्नामेंट का आयोजन करेगी जिसमें 15 इकाईयों की मुक्केबाज हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप का आयोजन विश्व मुक्केबाजी के तकनीकी एवं प्रतियोगिता नियमों के अनुसार किया जाएगा जिसमें प्रत्येक मैच में तीन तीन मिनट के तीन राउंड होंगे जिनके बीच में एक मिनट का आराम होगा।

श्रीलंका बनाम बांग्लादेश

# पथुम निसांका ने लगातार दूसरे टेस्ट में भी जड़ा शतक

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट में भी बेहतरीन शतक लगाया। उन्होंने कोलंबो में खेले जा रहे मुकाबले में अपनी पहली पारी के दौरान शतक लगाया। यह उनके टेस्ट करियर का कुल चौथा और बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा शतक रहा। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के टेस्ट में 187 और 24 रन की पारियां खेलीं थी। निसांका ने बतौर सलामी बल्लेबाज 12 मैचों की 21 पारियों में 900 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस बीच वह 3 शतक भी लगा चुके हैं। वह पिछले कुछ समय से टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज बने हैं।



### शानदार रही निसांका की पारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 247 रन बनाए। इसके जवाब में निसांका ने लाहिरु उडारा (40) के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। इस सलामी जोड़ी ने 88 रन की साझेदारी की। उडारा के विकेट के पतन के बाद भी निसांका ने एक छोर से निरंतर रन बनाना जारी रखा और मैच के दूसरे दिन के तीसरे सत्र के दौरान अपना शतक पूरा किया।

### ऐसा है निसांका का टेस्ट करियर


*निसांका ने मार्च 2021 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था। उन्होंने 18 टेस्ट की 31 पारियों में 1,200 से अधिक रन बना लिए हैं। वह 4 शतक के अलावा 7 अर्धशतक लगा चुके हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर 187 रन रहा। श्रीलंका में खेलते हुए यह उनका दूसरा टेस्ट शतक है। वह विदेशों में खेलते हुए भी 2 शतक जड़ चुके हैं।*

## भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में सभी तीनों खिताब जीते

कुआलालंपुर। भारत ने यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2-1 (9-11, 11-5, 11-5) से जीत दर्ज की। इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग होंग टांग की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2-1 (8-11, 11-9, 11-10) से जीत हासिल की।

## बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली।** प्रतिभाशाली तन्वी शर्मा को 18 से 27 जुलाई तक इंडोनेशिया के सोलो में होने वाली बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप (टीम और व्यक्तिगत) के लिये भारत की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। तन्वी ने बैडमिंटन एशिया महिला टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व नंबर एक पुरूष युगल टीम भार्गव राम एरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू से भी भारत को उम्मीदें होंगी। टीम स्पर्धा 18 से 22 जुलाई तक होंगी जबकि व्यक्तिगत मुकाबले 23 से 27 जुलाई तक खेले जायेंगे। टीम स्पर्धा रिले प्रारूप में होगी जिसमें 110 अंक तक पहले पहुंचने वाली टीम विजयी होगी। इसकी शुरूआत ग्रुप चरण से होगी जिसके बाद नॉकआउट मुकाबले होंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

# ।। श्रद्धांजलि सभा ।।



## स्व. श्रीमती परमेश्वरी देवी जी

हम आपको शोकाकुल हृदय से सूचित करते हैं कि हमारी
पूज्य माता श्रीमती परमेश्वरी देवी जी
धर्मपत्नी स्वर्गीय चौ. मित्रसेन आर्य जी अपनी सांसारिक
यात्रा पूर्ण कर दिनांक 20 जून 2025 को ईश्वर के
श्रीचरणों में विलीन हो गई हैं।

### श्रद्धांजलि सभा

तिथि : रविवार, 29 जून 2025
समय : प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे
स्थान : टैगोर ऑडिटोरियम, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

### शोकाकुल

• श्रीमती सरोज सिंधु – कैप्टन रूद्र सेन सिंधु • श्रीमती शशि सिंधु – वीर सेन सिंधु • श्रीमती ऊषा सिंधु – वृतपाल सिंधु
• डॉ. एकता सिंधु – कैप्टन अभिमन्यु सिंधु • श्रीमती अनिका सिंधु – मेजर सत्यपाल सिंधु • श्रीमती रचना सिंधु – देव सुमन सिंधु
(पुत्र–पुत्रवधू)

• श्रीमती दया वर्मा – चौ. राजवीर सिंह वर्मा • श्रीमती बिमला सुरजेवाला – चौ. कुलबीर सुरजेवाला • श्रीमती मधु सिंह – चौ. शमशेर सिंह
(बेटी–दामाद)

"एवं समस्त सिंधु परिवार"

ACB (INDIA) LIMITED

SAINIK MINING AND ALLIED SERVICES LIMITED

Shyam Indus Power Solutions Limited

हरिभूमि
हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राईवेट लिमिटेड

Sindhu Trade Links Limited

संपर्क : 7752077777, 9992470001